CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 26°C

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 14 अगस्त 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 213 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 19 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्रः श्री बांके बिहारी मंदिर न्यास गठन अध्यादेश को मंजूरी पेज 2



भारत में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी को मंजूरी खेल टाइम्स



हर घर तिरंगा: राष्ट्रभक्ति का जनांदोलन और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक सम्पादकीय



दुश्मन एक बूंद पानी नहीं छीन सकता: शहबाज शरीफ पेज 2

# पुणे कोर्ट में वकील बोले राहुल की जान को खतरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/पुणे।** राहुल गांधी के वकील मिलिंद पवार ने बुधवार को पुणे कोर्ट में कहा कि राहुल की जान को खतरा है। सावरकर मानहानि केस की सुनवाई के दौरान राहुल के वकील मिलिंद पवार ने कोर्ट में लिखित सूचना देकर कहा कि वोट चोरी का मामला उजागर करने के बाद राहुल गांधी को खतरा बढ़ गया है।



- **कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत बोलीं- वकील ने राहुल की सहमति के बिना बयान दिया, आज वापस लेंगे**

यह बयान मीडिया में आने के बाद कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने एक्स पर लिखा कि राहुल गांधी के वकील ने बिना उनसे बात किए या उनकी सहमति लिए कोर्ट में लिखित बयान दाखिल करके उनकी जान पर खतरे का हवाला दिया था। इस बात से राहुल की घोर असहमति है। इसलिए कल (गुरुवार) उनके वकील इस बयान को कोर्ट से वापस लेंगे। राहुल के वकील ने एमपी/ एमएलए स्पेशल कोर्ट से अपील की थी कि राहुल के खिलाफ मानहानि की शिकायत करने वाले नाथूराम गोडसे के वंशज हैं। केस की निष्पक्ष सुनवाई के लिए राहुल को प्रिवेंटिव प्रोटेक्शन दी जाए। यह राज्य की संवैधानिक जिम्मेदारी है। मामले की अगली सुनवाई 10 सितम्बर को होगी। मिलिंद ने यह भी बताया कि बीजेपी नेता आरएन बिट्टू ने राहुल को आतंकवादी कहा था।

## सोनिया भारतीय नागरिक बनने से पहले वोटर बनीं: भाजपा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के वोटर लिस्ट में गड़बड़ी में आरोपों के बीच भाजपा की आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने बुधवार को दावा किया कि सोनिया गांधी का नाम भारत की वोटर लिस्ट में दो बार तब शामिल हुआ, जब वह भारतीय नागरिक भी नहीं थीं। वहीं, भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि रायबरेली में एक ही घर पर 47 वोटर्स कैसे रजिस्टर किए गए हैं, राहुल और सोनिया को कभी ये नाम नहीं दिखे। उन्होंने कहा कि राहुल दो बार चुनाव लड़े, प्रियंका एक बार चुनाव लड़ीं। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि वायनाड में कैसे नए वोटर्स की एडिशन हुई है। आपने तो तीन बार वोट ले लिया।

# एससी/एसटी आरक्षण में 'क्रीमी लेयर' लागू करने की याचिका स्वीकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एससी/एसटी आरक्षण में 'क्रीमी लेयर' लागू करने की मांग पर सुनवाई करने का फैसला किया है।

यह याचिका रामाशंकर प्रजापति ने दायर की है। उनका कहना है कि आरक्षण का फायदा ज्यादातर एससी/एसटी के अमीर और मजबूत वर्ग को मिल रहा है, जबकि गरीब लोग पीछे रह जाते हैं। याचिका में कहा गया है कि एससी/एसटी आरक्षण में दो स्तर हों, पहले आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को, फिर बाकी को मौका मिले। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है और 10 अक्टूबर को अगली सुनवाई होगी। याचिकाकर्ता ने 2024 के देविंदर सिंह केस का हवाला दिया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि एससी/एसटी में भी 'क्रीमी लेयर' यानी अमीर वर्ग की पहचान करके उन्हें आरक्षण से बाहर किया जा सकता है। अदालत ने माना था कि ऐसा करने से ही असली समानता आएगी। केंद्र सरकार ने 9 अगस्त 2024 को घोषणा की थी कि अनुसूचित जाति और जनजातियों (एससी/एसटी) के आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू नहीं किया जाएगा। कैबिनेट मीटिंग के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि एनडीए सरकार बीआर अंबेडकर के बनाए गए संविधान से बंधी है। इस संविधान में एससी/एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर का कोई प्रावधान नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने एक अगस्त 2024 को 20 साल पुराना अपना ही फैसला पलटते हुए कहा था कि राज्य सरकारें अब अनुसूचित जाति, यानी एससी के रिजर्वेशन में कोटे में कोटा दे सकेंगी।

**याचिकाकर्ता ने कहा: आरक्षण का फायदा ज्यादातर एससी/एसटी के अमीर और मजबूत वर्ग को मिल रहा**



## आवारा कुत्तों के मामले में दोबारा विचार करेंगे: CJI

**नई दिल्ली।** सीजेआई बीआर गवई ने दिल्ली-एनसीआर की सड़कों से आवारा कुत्तों पर लगे प्रतिबंध पर फिर से विचार करने आश्वासन दिया। सीजेआई ने कॉन्फ्रेंस फॉर ह्यूमन राइट्स (इंडिया) की याचिका पर सुनवाई करते हुए टिप्पणी की। एनजीओ की सचिव ननीता शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में मामले में सुनवाई के लिए जल्द तारीख तय करने की मांग की थी।

## विपक्ष भी उपराष्ट्रपति उम्मीदवार उतारेगा

**नई दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेता उपराष्ट्रपति चुनाव के उम्मीदवार पर चर्चा के लिए 18 अगस्त को बैठक कर सकते हैं। राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इंडिया ब्लॉक के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत कर रहे हैं। उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए 9 सितम्बर को वोटिंग होगी और उसी दिन मतगणना भी होगी। उपराष्ट्रपति पद के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है। 25 अगस्त तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकती है। दरअसल, जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई की रात अचानक देश के 14वें उपराष्ट्रपति के पद से इस्तीफा दे दिया था।

## उरी सेक्टर में मुठभेड़, बिहार का जवान शहीद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में बुधवार तड़के नियंत्रण रेखा के पास हुई मुठभेड़ में एक जवान शहीद हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि उरी सेक्टर के चुरंडा इलाके में तड़के लगभग 3:30 बजे भीषण लेकिन संक्षिप्त गोलीबारी हुई। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान जवान गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में उसकी मृत्यु हो गई। शहीद जवान की पहचान बिहार के भागलपुर निवासी हवलदार अंकित कुमार के रूप में हुई है।


## यूपी के फर्रुखाबाद में नाव से पहुंची बारात

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश-बिहार में जमकर बारिश हो रही है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, गोरखपुर समेत कई जिलों में बारिश जारी है। मुरादाबाद में बाढ़ में मंगलवार को बहे पुलिस सिपाही मोनू रामगंगा का शव 24 घंटे बाद बरामद हुआ। फर्रुखाबाद के 50 से ज्यादा गांवों में बाढ़ है। यहां के पंखियन की मड़ैया गांव में मुस्लिम परिवार में बेटी की शादी थी। ऐसे में दूल्हा करीब 50 लोगों के साथ नाव से गांव पहुंचा। तब जाकर निकाह हुआ।

# पहलवान सुशील कुमार की जमानत रद्द

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हत्या के एक मामले में पहलवान सुशील कुमार की जमानत रद्द कर दी है। कोर्ट ने उन्हें एक हफ्ते के अंदर आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया है। ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार पर पहलवान सागर धनखड़ की हत्या का मामला दर्ज किया गया था।



- **सुप्रीम कोर्ट ने एक हफ्ते के अंदर आत्मसमर्पण करने का दिया आदेश**

दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी थी। पहलवान सुशील कुमार मामले में शिकायतकर्ता की वकील जोशीनी तुली ने कहा कि बुधवार को सुशील कुमार को दी गई जमानत एक त्रुटिपूर्ण आदेश होने के कारण रद्द कर दी गई। इसीलिए पीड़ित के पिता अशोक धनखड़ की अपील पर हाईकोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया गया है। हमने उस आदेश को इस आधार पर चुनौती दी थी कि वह एक त्रुटिपूर्ण आदेश था। यह कानूनन सही नहीं था, क्योंकि सुशील कुमार ने जब भी अंतरिम जमानत ली थी, तब गवाहों से छेड़छाड़ की थी। मुख्य गवाह ने मामले का समर्थन किया था। घटना का वीडियो फुटेज भी मौजूद था, इसलिए यह अपील स्वीकार कर ली गई। सुशील कुमार जब भी अंतरिम जमानत पर बाहर आए, उन्होंने घायल गवाहों सहित सभी सरकारी गवाहों से छेड़छाड़ की।

## रूडी ने कांस्टीट्यूशन क्लब के चुनाव में संजीव बालियान को हराया

**नई दिल्ली।** कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के मौजूदा सांसद राजीव प्रताप रूडी ने जीत हासिल कर इस पद पर अपना दबदबा बरकरार रखा है। श्री रूडी ने अपनी ही पार्टी के पूर्व सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान को चुनाव में मात दी। बुधवार सुबह घोषित हुए चुनाव परिणाम में उन्होंने श्री बालियान को 100 से अधिक वोटों से हराया। श्री रूडी को 392 वोट मिले हैं, जबकि श्री बालियान को 290 वोट हासिल हुए हैं। बिहार की सारण लोकसभा सीट से भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी पिछले 25 साल से सचिव पद पर हैं। इस बार श्री बालियान ने उन्हें चुनौती दी थी। श्री रूडी ने पहली बार 1999 में सचिव पद का चुनाव जीता था। श्री रूडी ने कहा कि मैं 100 से ज्यादा वोटों से जीता हूं।









## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र अभियान शुरू होगा

**नई दिल्ली।** पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग पेंशनभोगियों की पेंशन जारी रखने के लिए नवंबर में राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान संचालित करेगा, जिसके तहत 1850 से अधिक जिलों, शहरों और कस्बों में शिविर लगाए जाएंगे। पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग के सचिव वी. श्रीनिवास ने इस अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए बुधवार को बताया कि इसके लिए इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक अपने 1.8 लाख डाकियों और ग्रामीण डाक सेवकों के विशाल नेटवर्क के माध्यम से 1600 जिला तथा उप-मंडल डाकघरों में शिविर आयोजित करेगा। यह बैंक घर-घर जीवन प्रमाण पत्र देने की सेवायें भी प्रदान करता है।

### सात परियोजनाओं का आकलन

**नई दिल्ली।** बड़ी अवसंरचनात्मक परियोजनाओं की तैयारी और कार्यान्वयन के लिए विभागों के बीच पूर्ण तालमेल के साथ काम करने के लिए विकसित प्रधानमंत्री गतिशक्ति के सिद्धांत के तहत अधिकारियों के समूह ने बिहार, छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र और तमिलनाडु से जुड़ी तीन रेल-मार्ग परियोजनाओं सहित बुनियादी क्षेत्र की सात परियोजनाओं का आकलन किया है। इनमें सड़क, लॉजिस्टिक्स और वस्त्र क्षेत्र की भी परियोजनाएं शामिल है।

### हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ

**लखनऊ।** सीएम योगी ने बुधवार को हर घर तिरंगा अभियान 13-15 अगस्त का शुभारंभ किया। इस मौके पर राष्ट्रभक्ति के गीतों की धुनों के बीच मुख्यमंत्री ने तिरंगा यात्रा का नेतृत्व करते हुए अपने आवास से यात्रा को रवाना किया।


### सिंधु जल संधि मुद्दे को लेकर भड़के पाक पीएम, 48 घंटे में तीन पाक नेताओं ने दी धमकी

# दुश्मन एक बूंद पानी नहीं छीन सकता: शहबाज शरीफ

**इस्लामाबाद, वार्ता**

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सिंधु जल संधि को स्थगित करने पर भारत को धमकी दी है। राजधानी इस्लामाबाद में हुए एक कार्यक्रम में शरीफ ने कहा- दुश्मन (भारत) पाकिस्तान से एक बूंद पानी भी नहीं छीन सकता। आपने हमें पानी रोकने की धमकी दी। अगर ऐसा करने की कोशिश की, तो पाकिस्तान आपको ऐसा सबक सिखाएगा, जिसे जिंदगीभर नहीं भूलेंगे।

शरीफ ने कहा कि भारत अगर पाकिस्तान की तरफ बहने वाला पानी रो. कने की कोशिश करता है, तो यह सिंधु जल संधि का उल्लंघन होगा। उन्होंने धमकी देते हुए कहा कि इसका जवाब निर्णायक तरीके से दिया जाएगा। पाकिस्तानी पीएम ने आगे कहा कि पानी पाकिस्तान की लाइफलाइन है और अंतर्राष्ट्रीय समझौतों के तहत देश के



■ ऐसा सबक सिखाएंगे जिंदगीभर याद रहेगा

अधिकारों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। शहबाज शरीफ से पहले पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो भारत को युद्ध की धमकी दे चुके हैं। सोमवार को दिए एक बयान में बिलावल ने कहा था कि अगर भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित रखा, तो पाकिस्तान के पास जंग के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। भुट्टो ने सिंध प्रांत की सरकार के एक कार्यक्रम में कहा था कि मोदी सरकार के कदमों ने पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचाया है। हमें एकजुट होकर इन आक्रामक नीतियों का जवाब देना होगा। भुट्टो ने दावा किया था कि पाकिस्तान के लोग 6 नदियों को वापस लेने के लिए जंग करने में सक्षम हैं।

### पाक पीएम को ओवैसी का जवाब हमारे पास है ब्रह्मोस, बकवास न करें



**नई दिल्ली।** एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने एक बार पाकिस्तान को जमकर खरी-खोटी सुनाई है। उन्होंने पाकिस्तान और उनके प्रधानमंत्री समेत अनाप-शनाप बयान देने वाले लोगों को चेतावनी भी दी। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के कथित बयान श्कोई पाकिस्तान से पानी की एक बूंद भी नहीं छीन सकताश पर एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि ब्रह्मोस है हमारे पास उन्हें ऐसी बकवास नहीं करनी चाहिए। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि मैं क्रिकेट मैच देखने नहीं जा रहा हूं। मेरी अंतरात्मा, मेरा दिल इसकी इजाजत नहीं देता। हमें उस देश के लोगों के साथ क्रिकेट क्यों खेलना है, जो हमें हर दिन धमकी दे रहे हैं? आप पानी देना बंद कर चुके हैं। पानी से बड़ी कोई जरूरत है क्या? आपने बार्डर बंद कर दिए। आपने व्यापार बंद कर दिए। कितना नुकसान होगा, 300 करोड़-400 करोड़? मेरा जमीर गवारा नहीं करता। भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ पर ओवैसी ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति को यह तय करना होगा कि वह उस देश के साथ व्यापार करेंगे, जहां आतंकवाद एक व्यापार है, या भारत के साथ।

# राजस्थान में यूपी के 11 श्रद्धालुओं की मौत

**दौसा/एटा।** एटा के कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव असरौली पर गम का पहाड़ टूट पड़ा। राजस्थान के दौसा में बुधवार को हुए सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत हुई है। इनमें 9 असरौली और दो फिरोजाबाद निवासी रिश्तेदारों की हादसे में जान चली गई। गांव से दो पिकअप वाहनों में 42 लोग खाटू श्याम के दर्शन करने गए थे।

दर्शन करने के बाद सभी लौट रहे थे। रास्ते में लौटते समय यह हादसा हुआ। सूचना मिलते ही गांव में चीत्कार मच गया। सूचना मिलने के बाद डीएम प्रेम रंजन सिंह, एसएसपी श्याम नारायण सिंह, एएसपी राज. कुमार सिंह, एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश सहित तमाम प्रशासनिक और पुलिस अधिक. ारी गांव में पहुंच गए। डीएम ने बताया कि मृतकों, घायलों की सूची तैयार की गई है। दौसा जिला प्रशासन से लगातार संपर्क में हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह बेहद व्यस्त रोड है इसलिए आम तौर पर यहां गाड़ियां ओवरटेक नहीं कर पाती, लेकिन संभवतरू रात में नींद की झपकी आने की वजह से यह हादसा हो गया।

### पीएम ने की राहत राशि देने की घोषणा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के दौसा में एक हादसे में हुए जान माल के नुकसान पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परि. जनों को दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपए दिए जाएंगे।

# उत्तर प्रदेश विधान परिषद से छह विधेयक पारित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन बुधवार को विधान परिषद से कुल छह विधेयक सर्वसम्मति से पारित किए गए। यह विधेयक विधानसभा से पहले ही पारित हो चुके हैं।

परिषद के सभापति मानवेन्द्र सिंह की तरफ से आज कार्यवाही के दौरान कुल छह विधेयक पेश किए गए। जिसे उपस्थित सदस्यों ने सहमति से पास कर दिया है। इन विधेयकों में उत्तर प्रदेश निरसन विधेयक, 2025, उत्तर प्रदेश निजी विश्व. विद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2025, उत्तर प्रदेश निजी विश्व. विद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2025, उत्तर प्रदेश मोटर यान कराधान (संशोधन) विधेयक, 2025, उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2025 और उत्तर प्रदेश लोक अभिलेख विधेयक, 2025 शामिल है।

### देश में विकसित होगा उत्तर प्रदेश: खन्ना

**लखनऊ।** संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने उम्मीद जाहिर की कि आजादी की 100वीं वर्षगांठ तक उत्तर प्रदेश देश का सबसे विकसित राज्य के तौर पर उभरेगा। विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के विजन डॉक्यूमेंट पर 24 घण्टे की चर्चा में भाग लेते हुए खन्ना ने कहा कि जब आजादी की 100वीं वर्षगांठ मनाई जाए तो देश में सबसे विकसित राज्य के रूप में यूपी हो, इसके लिए हम काम करेंगे।

### विकसित भारत, विकसित यूपी पर सदन में 24 घंटे की चर्चा शुरू

# श्री बांके बिहारी मंदिर न्यास गठन अध्यादेश को मंजूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के मॉनसून सत्र के तीसरे दिन बुधवार को श्री बांके बिहारी मंदिर निर्माण अध्यादेश को मंजूरी प्रदान कर दी गई।

सदन में आज सुबह 11 बजे विकसित भारत, विकसित यूपी विजन डॉक्युमेंट 2047 पर लगातार 24 घंटे की चर्चा शुरू हो गई है। इसमें सरकार विभागवार उपलब्धियां और विजन रख रही है, जबकि विपक्ष के सवालों का दौर भी जारी है- सत्र में बांके बिहारी कॉरिडोर आर्डिनेंस विधेयक भी पास हो गया है। अध्यादेश स्पष्ट करता है कि मंदिर के चढ़ावे, दान और सभी चल-अचल संपत्तियों पर न्यास का अधिकार होगा। इसमें मंदिर में



■ श्री बांके बिहारी मंदिर के चढ़ावे, दान और सभी चल-अचल संपत्तियों पर न्यास का अधिकार होगा

स्थापित मूर्तियां, मंदिर परिसर और प्रसीमा के भीतर देवताओं के लिए दी गई भेंट/उपहार, किसी ৳ । ी पूजा-सेवा-कर्मकांड-समारोह-धार्मिक अनुष्ठान के समर्थन में दी गई संपत्ति, नकद या वस्तु रूपी अर्पण, तथा मंदिर परिसर के उपयोग के लिए डाक/तार से भेजे गए बैंक ड्राफ्ट और चेक तक शामिल हैं। मंदिर की संपत्तियों में आभूषण, अनुदान, योगदान, हुंडी संग्रह सहित श्री बांके बिहारी जी मंदिर की सभी चल एवं अचल संपत्तियां सम्मिलित मानी जाएंगी। स्वामी हरिदास के समय से चली आ रही रीति-रिवाज, त्योहार, समारोह और अनुष्ठान बिना किसी हस्तक्षेप या परिवर्तन के जारी रहेंगे। न्यास दर्शन का समय तय करेगा, पुजारियों की नियुक्ति करेगा और वेतन, भत्ते/प्रतिकर निर्धारित करेगा।

### विजन नहीं, रीजन डाक्यूमेंट पर चर्चा करे सरकार: अखिलेश



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में योगी सरकार के विजन डाक्यूमेंट पर जारी चर्चा के बीच समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार को विजन नहीं रीजन डॉक्यूमेंट को निकालकर बताना चाहिए कि उन्होंने किस वजह से अपना एक भी वादा पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह से फेल हो चुकी है। इन्होंने नौ साल में भ्रष्टाचार लूट, बेईमानी की। सरकार कानून व्यवस्था, बाढ़ नियंत्रण, शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास हर मामले में असफल हो गई है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड टूट गए है। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की नफरत और भेदभाव की राजनीति से जनता में भारी आक्रोश है। भाजपा की नकारात्मक कार्यप्रणाली को जनता समझ गई है। इस सरकार में अन्याय, अत्याचार चरम पर है। किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। भाजपाई गरीबों की और सरकारी जमीनों पर कब्जा कर रहे है। जनता की गाड़ी कमाई से आया बजट का बंदरबांट कर लिया। पूरे प्रदेश का माहौल भाजपा के खिलाफ है। जनता भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने को तैयार हैं, भाजपा सरकार जनता का सामना करने से डरी हुई है।



सेंसेक्स 80539.91
निफ्टी 24619.35



सोना रु. 100057
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 114850
प्रति किलो



# बैंकिंग, ऑटो सेक्टरों में लिवाली से 304 अंक चढ़ा सेंसेक्स

**मुंबई।** ट्रम्प-पुतिन वार्ता में युक्रेन संघर्ष पर विराम की संभावनाओं के बीच विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी रही। प्रमुख सूचकांकों में बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 304.32 अंक (0. 38 प्रतिशत) की तेजी में 80,539.91 अंक पर पहुंच गया। निफ्टी-50 भी मंगलवार की तुलना में 131.95 अंक यानी 0.54 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,619.35 अंक पर बंद हुआ।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के बीच अमेरिका के अलास्का में 15 अगस्त को बैठक होनी है। इस बैठक में युक्रेन-रूस संघर्ष पर विराम पर सहमति बनने की संभावना से दुनिया भर के शेयर बाजारों में तेजी



देखी जा रही है। सेंसेक्स 256.58 अंक की मजबूती के साथ 80,492. 17 अंक पर खुला और पूरे दिन हरे निशान में बना रहा। इसका दिवस के निचला स्तर 80,319 अंक और उच्चतम स्तर 80,683.74 अंक रहा। इसी तरह निफ्टी-50 भी 98.80 अंक चढ़कर 24,586.20 अंक पर खुला। यह नीचे 24,535.25 अंक और ऊपर 24,664.55 अंक तक गया। ऑटो, फार्मा और धातु सेक्टरों में ज्यादा लिवाली हुई। स्वास्थ्य सेवाओं, निजी बैंकों और रियलिटी सेक्टरों के सूचक. ांक भी रहे निशान में रहे। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और एफएमसीजी के सूचकांकों में गिरावट देखी गई। सेंसेक्स की 30 में से 22 कंपनियों के शेयर हरे निशान में बंद हुए। बीईएल का शेयर सबसे अधिक 2.25 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इटरनल में 2.08 फीसदी की तेजी रही। कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर 1. 56 फीसदी, टाटा मोटर्स का 1.48 प्रतिशत और महिंद्रा एंड महिंद्रा का 1. 42 प्रतिशत चढ़ा। पावर ग्रिड, भारती एयरटेल और सनफार्मा में भी एक प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। अडानी पोर्ट्स का शेयर सबसे अधिक 0.78 प्रतिशत गिर गया। आईटीसी में 0.58 प्रतिशत और अल्ट्राटेक सीमेंट में 0.46 प्रतिशत गिरावट दर्ज की गई।

### सोना फिर एक लाख रुपए के पार, चांदी भी तेज

**नई दिल्ली।** बुधवार को सोने का भाव एक लाख रुपये के पार हो गया है। चांदी के दाम में भी तेजी देखी गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोना का दाम 387 रुपए बढ़कर 1,00,057 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 99,670 रुपए पर था। चांदी की कीमत भी 1,537 रुपए बढ़कर होकर 1,14,850 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,13,313 रुपए पर थी।

देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,015,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,050 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,350 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,015,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 रही। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,350 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 रही, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 रही। ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है।

# पांच-छह साल में 30-35 प्रतिशत की दर से बढ़ेगा मोबाइल फोन उद्योग

**नई दिल्ली, वार्ता**

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रसारण मंत्रालय के निदेशक निर्मोद कुमार ने बुधवार को कहा कि पिछले 10 साल में देश के मोबाइल फोन उद्योग का आकार 27 गुना हो गया है और आने वाले पांच-छह साल में यह औसतन 30 से 35 प्रतिशत सालाना की दर से बढ़ेगा। कुमार ने यहां दूरसंचार क्षेत्र की विनिर्माण कंपनी ऑप्टिमस इंफ्राकॉम के एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि पिछले एक दशक में देश के इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र की औसत विकास दर 20 प्रतिशत सालाना रही है। इस दौरान मोबाइल फोन उद्योग में जबरदस्त तेजी दर्ज की गई और इसका आकार 27 गुना हो गया। वहीं मोबाइल निर्यात 120 गुना बढ़ा जो यह दिखाता है कि इस क्षेत्र में किस गति से प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि अगले पांच-छह साल में मोबाइल उद्योग में 30 से 35 प्रतिशत औसत वार्षिक विकास दर की रफ्तार से बढ़ने की संभावना है। इंडिया सेलुलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) के अध्यक्ष पंकज मोहिंद्रू ने कहा कि अब तक भारतीय कंपनियों ने अमेरिकी बाजार को ध्यान में रखकर सारी योजनाएं बनाई, अब इसमें बदलाव लाने और नए सिरे से सोचने की जरूरत है। कार्यक्रम के दौरान ऑप्टिमस ने देश का पहला एंटी-माइक्रोबियल बीआईएस स्टैंडर्ड 'राइनोटेक' टेंपर्ड ग्लास पेश किया जिसे सितंबर में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में बाजार में उतारा जाएगा। यह शुरूआत में सिर्फ प्रीमियम स्मार्टफोन मॉडल के लिए उपलब्ध होगा।

# किसी को भी स्वास्थ्य से वंचित नहीं होने देगी सरकार: मंत्री मयंकेश्वर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मानसून सत्र के तीसरे दिन बुधवार को उत्तर प्रदेश विधान परिषद में समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने स्वास्थ्य व्यवस्था का मुद्दा सदन में उठाया।

सपा के सदस्य मुकुल यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की उत्तर प्रदेश की वर्तमान सरकार के 8 वर्ष से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में उत्तर प्रदेश का स्थान सबसे नीचे है। मुकुल यादव ने कहा कि लोहिया संस्थान लखनऊ और केजीएमयू लखनऊ जैसे बड़े स्वास्थ्य संस्थानों में गम्भीर मरीजो का इलाज नहीं हो पा रहा है। इन संस्थानों से गम्भीर मरीजो को निजी अस्पतालों मे दलालों के माध्यम से इलाज हेतु भेज दिया जाता है। आज जिला चिकित्सालय भ्रष्टाचार के केन्द्र बन गए है। जिला चिकित्सालयों मे उच्चीकरण / सुदृढ़ीकरण हेतु उपकरणों / साज सज्जा खरीद में भारी भ्रष्टाचार व्याप्त है। सपा के सदस्य बलराम यादव ने कहा कि अमर शहीद राजा जयपाल सिंह 100 शैय्या संयुक्त जिला चिकित्सालय अतरौलिया जनपद आजमगढ़ के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेन्द्र कुमार ध्रुव द्वारा वर्ष 2023-24 में उक्त चिकित्सालय के उच्चीकृत हेतु जेम निविदा द्वारा मनमाने तरीके से एक करोड़ 76 लाख की खरीदारी की गई है। जिसकी शिकायत शासन में हुई। इसके तहत तत्कालीन जिलाधिकारी द्वारा त्रि-सदस्यीय समिति (मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य कोषाधिकारी, आजमगढ़) गठित की गई जिसमें समिति द्वारा डा. सुरेन्द्र कुमार ध्रुव दोषी पाए गए। 2 फरवरी, 2024 को जांच आख्या शासन को प्रेषित की गई, तत्पश्चात निदेशक, प्रशासन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा दिनांक 29 जून 2024 को डा. सुरेन्द्र कुमार ध्रुव को आरोप प्रत्र दिया गया, परन्तु एक वर्ष से अधिक का समय बीत जाने के उपरान्त भी उनके विरुद्ध अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। सपा सदस्यों द्वारा उठाए गए प्रश्नों के जवाब में उत्तर प्रदेश के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि एसजीपीजीआई, केजीएमयू में वेंटिलेटर पर्याप्त मात्रा में हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैंगओवर पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010


Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिसीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।




सभी देशवासियों को
यौमे ए आजादी की दिली मुबारकबाद
मौ. मुजतबा एडवोकेट
राष्ट्रीय महासचिव
अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी
ओ.बी.सी. विभाग प्रभारी उत्तराखण्ड
9837172812


सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
सचिन पुनिया
थाना प्रभारी- फतेहपुर, जनपद सहारनपुर


शाह टाइम्स में छुटमलपुर व आसपास की खबरों तथा विज्ञापनों के लिए सम्पर्क करें। आने वाले स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त की सभी पाठको, विज्ञापनदाताओं व क्षेत्रवासियों को दिल से मुबारकबाद
तजम्मुल खान उर्फ सोनू राणा
(प्रभारी छुटमलपुर क्षेत्र)


अहले वतन को यौम ए आजादी की
दिली मुबारकबाद
मौ. अतहर
भावी चेयरमैन प्रत्याशी, नगर पंचायत छुटमलपुर


सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
चौधरी तेजपाल सिंह
ग्राम विकास अधिकारी
ब्लाक बलियाखेडी, सहारनपुर


स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर हमारी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं
वैभव निर्वाल
ग्राम पंचायत अधिकारी
बाबूराम
ग्राम प्रधान बिहारीगढ


सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
प्रवीण यादव
शिक्षा शास्त्र विभाग
इस्लामिया डिग्री कॉलेज देवबंद


अहले वतन को यौम ए आजादी की
दिली मुबारकबाद
राव आमिर
डायरेक्टर
राव अजहर अली
डायरेक्टर
राव सफदर जंग हॉस्पिटल
देहरादून रोड, फतेहपुर, छुटमलपुर


अहले वतन को यौम ए आजादी की
दिली मुबारकबाद
शायान अहमद


सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
युग पुण्डीर
ग्राम पंचायत रामखेडी


सभी क्षेत्र वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
चौ. कुलदीप आर्य
अध्यक्ष
डा. धर्मवीर सिंह राठी
प्राचार्य
विद्यादीप डिग्री कालेज, बिलासपुर, खेडा मुगल सहारनपुर


सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
मदन प्रधान
प्रबन्धक- आर्यवर्त एकेडमी बिलासपुर (C.B.S.E) खेडा मुगल सहारनपुर


सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सतेन्द्र राणा
गागांली राजपुताना छुटमलपुर


सभी क्षेत्र वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
समीर मलिक
शाहजमीर नगर उपाध्यक्ष
अनुज शर्मा
तहसील अध्यक्ष
भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक


सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरदार गुरदयाल सिंह
वरिष्ठ समाजसेवी


अहले वतन को यौम ए आजादी की
दिली मुबारकबाद
दिलशाद मलिक
वरिष्ठ समाजसेवी व युवा ब्लाक अध्यक्ष भाकियू टिकैत


सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अंकुर सैनी
मण्डल उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा, भारतीय जनता पार्टी छुटमलपुर


सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नीरज पुण्डीर
समाजसेवी व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मुजफ्फराबाद


अहले वतन को यौम ए आजादी की
दिली मुबारकबाद
आदिल अल्वी
सभासद नगर पंचायत छुटमलपुर


अहले वतन को यौम ए आजादी की
दिली मुबारकबाद
राव अकील
ग्राम प्रधान चौबारा


सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
यमुना प्रसाद
उपनिरीक्षक
थाना कुतुबशेर, हारनपुर


अहले वतन को यौम ए आजादी की
दिली मुबारकबाद
राव मुर्तजा
छुटमलपुर


अहले वतन को यौम ए आजादी की
दिली मुबारकबाद
मौ. आसिफ
छुटमलपुर


सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रजत राणा
भाजपा सभासद
नगर पंचायत छुटमलपुर


सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सतीश पुण्डीर
चेयरमैन कोपरेटिव सहकारी समिति बेहडा संदल सिंह


सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
चौ. सतपाल सिंह
उपाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन टिकैत


सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रविन्द्र पुण्डीर
वरिष्ठ भाजपा नेता
सहारनपुर


अहले वतन को यौम ए आजादी की
दिली मुबारकबाद
राव सलीम
जिलाध्यक्ष सहारनपुर
अल्पसंख्यक मोर्चा, आजाद समाज पार्टी


अहले वतन को यौम ए आजादी की
दिली मुबारकबाद
फैजान प्रधान
ग्राम पंचायत नानका

# अज्ञात वाहन की टक्कर से अकाउंटेंट की मौत

## गाजियाबाद से खतौली आ रहा था बाइक सवार, बुढाना अंडरपास पर हुआ हादसा

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** बुढाना अंडरपास पर बुधवार को हुए सड़क हादसे में गाजियाबाद निवासी एक युवक की मौत हो गई। मृतक प्राइवेट कंपनी में अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, गाजियाबाद निवासी राजीव पुत्र लोकेश मंगलवार को बाइक से गाजियाबाद से खतौली आ रहा था। जैसे ही वह खतौली-बुढाना मार्ग स्थित बुढाना अंडरपास पर पहुंचा, पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में राजीव गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और एम्बुलेंस की मदद से घायल को खतौली सीएचसी में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने आधार कार्ड से मृतक की शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार, मृतक राजीव एक प्राइवेट कंपनी में अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत था। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जानसठ में भाकियू ने निकाली तिरंगा यात्रा

**जानसठ।** भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष योगेश बालियान एवं मंडल महासचिव मास्टर महकार सिंह के नेतृत्व में भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा रैली निकाली। भाकियू ने तिरंगा यात्रा निकालकर देश की आजादी के लिए अपने प्राणों को न्योछावर करने वाले अमर शहीदों को नमन किया और देश की एकता पर बल दिया। इस दौरान एसडीएम जानसठ को एक मांग पत्र सोपा। तहसील के सामने पथ मार्ग का पुल निर्माण कराने सहित 10 मांगो का मांग पत्र सोपा। विभिन्न रास्तो से होकर निकाली गई तिरंगा यात्रा रैली में बड़ी संख्या में भाकियू पदाधिकारी और कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। वरिष्ठ किसान नेता पंडित ओम प्रकाश शर्मा, सुभाष चंद्र काकरान, अरुण आर्य, ब्लॉक उपाध्यक्ष लाखन सिंह, धर्मवीर राठी, तस्लीम प्रधान, प्रमोद, चंचल, हिमांशु, खालिद चौधरी, सोनू, चंचल, परवीन, धीरेंद्र, रविंद्र, प्रमोद, बिंदर सिंह,सुधीर, जोगिंदर, कृष्ण वीर शामिल हुए।

# दिनदहाड़े छात्रा से छेड़छाड़, भाई पर किया जानलेवा हमला

**खतौली।** फलावदा रोड स्थित एक स्कूल से बुधवार दोपहर छुटी के बाद घर लौट रही कक्षा 9 की छात्रा और उसके भाई पर आधा दर्जन बाइक सवार युवकों ने हमला कर दिया। आरोप है कि युवकों ने पहले छात्रा से छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें कीं, विरोध करने पर उसके भाई को लाठी-डंडों से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

घटना के बाद गांव में दहशत फैल गई है। खतौली थाना क्षेत्र के भूड़ गांव निवासी एक व्यक्ति की पुत्री फलावदा रोड स्थित स्कूल में पढ़ती है। बुधवार को छुट्टी के बाद वह अपने भाई के साथ पैदल घर लौट रही थी। तभी पीछे से आए छह बाइक सवार युवक छात्रा के साथ छेड़छाड़ और अभद्रता करने लगे। छात्रा के विरोध करने पर आरोपियों ने उसे गालियां देते हुए मारपीट शुरू कर दी। बहन को पिटते देख भाई ने बचाने का प्रयास किया तो युवकों ने उस पर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। छात्रा के शोर मचाने पर पास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके की ओर दौड़े, लेकिन आरोपी युवक बाइक से फरार हो गए। ग्रामीणों ने पीछा करने की कोशिश की, मगर कोई हाथ नहीं लगा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल भाई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। परिजनों ने कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी और सख्त कार्रवाई की मांग की। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# खतौली का ऐतिहासिक छड़ियांन मेला संकट में



**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** सैकड़ों वर्षो से लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक खतौली का प्रसिद्ध छड़ियांन मेला इस बार गंभीर संकट में है। नगरपालिका द्वारा मेले के ठेके की नीलामी लगातार चार बार आयोजित की जा चुकी है, लेकिन हर बार बोली आरक्षित राशि तक नहीं पहुंच पाई और प्रक्रिया रद्द करनी पड़ी।

गोगा जाहरवीर मांढी पर लगने वाले इस भव्य मेले के लिए पालिका ने 50 लाख 46 हजार रुपये की आरक्षित राशि तय की थी। पहली नीलामीरू बोली 35 लाख से शुरू होकर 39 लाख तक पहुंची, लक्ष्य न पूरा होने पर रद्द कर दी गई, दूसरी नीलामीरू एक भी बोली नहीं लगी, तीसरी नीलामी नायब तहसीलदार अमित रस्तोगी और ईओ राजीव कुमार की अध्यक्षता में हुई, 33 लाख से शुरू होकर 39 लाख पर अटकी, फिर निरस्त कर दी गई। चौथी नीलामी के बाद भी नगरवासियों की उम्मीदें टूट गई, बोली फिर 39 लाख से आगे नहीं बढ़ी। लगातार असफल नीलामियों के बाद मेले का आयोजन अधर में लटक गया है। स्थानीय लोग ऊंची आरक्षित राशि और ठेका प्रथा की खामियों को इसका मुख्य कारण मान रहे हैं। उनका कहना है कि यह मेला न केवल धार्मिक महत्व का है, बल्कि पूरे क्षेत्र में सांस्कृतिक और व्यापारिक गतिविधियों का भी बड़ा केंद्र है। कई लोग ठेका प्रथा खत्म कर पालिका से खुद मेला आयोजित करने की मांग कर रहे हैं, ताकि इस परंपरा और आस्था का प्रतीक कार्यक्रम बचाया जा सके। सूत्रों के मुताबिक, गुरुवार को पांचवीं नीलामी बैठक बुलाई जाएगी, जिसके बाद ही तय होगा कि मेला लगेगा या पालिका स्वयं इसे आयोजित करेगी। नगर में अब चर्चा गर्म है किष्क्या इस बार खतौली का ऐतिहासिक छड़ियांन मेला लगेगा या सदियों पुरानी परंपरा पर संकट का साया गहरा जाएगा?

# एसएसपी ने कई थाना इंचार्ज बदले, कई को दी नई तैनाती

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने कई थाना प्रभारियों को इधर से उधर करते हुए कई को थाने में नई तैनाती दी है।

एसएसपी ने पीआरओ राकेश कुमार को रनतपुरी थाना प्रभारी बनाकर भेजा है और रतनपुरी थाने में तैनात तेज सिंह को अपराध संख्या की जिम्मेदारी सौंपी है। एसएसपी संजय कुमार ने निरीक्षक योगेन्द्र शर्मा को थाना सिखेडा का पदभार सौंपा है और विकास यादव को फुगाना थाना प्रभारी बनाया है। उन्होंने एसओजी में तैनात दरोगा मोहित चौधरी को शाहपुर थाना प्रभारी बनाया है और मानवेन्द्र भाटी को तितावी थाने से भौराकला थाने का कार्यभार सौंपा है। उन्होंने दरोगा पवन कुमार को तितावी थाने की बागडोर सौंपी है और गजेन्द्र सिंह को छपार थाने में नियुक्त किया है। थाना सिखेडा के प्रभारी रहे विनोद कुमार सिंह पासपोर्ट सैल में भेजा है और इंसपैक्टर जय सिंह भाटी को अपराध शाखा की जिम्मेदारी सौंपी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने इसके अलावा भी डेढ दर्जन दरोगाओं को इधर से उधर किया है। बता दें कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा को जनपद मे तैनात हुए अभी 3 महीन से अधिक होने को है और उन्होंने पहली बार थाना प्रभारियों की नियुक्ति की है। इससे पहले उन्होंने 422 पुलिसकर्मियों को इधर से उधर थाने में नियुक्त किया था।

# डीएम एसएसपी के साथ पुलिस प्रशासन ने निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** बुधवार के दिन बुढ़ाना कस्बे में स्वतंत्रता दिवस को लेकर पुलिस प्रशासन भी देश भक्ति के रंग में रंगा हुआ नजर आया। जनपद के जिला अधिकारी उमेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा अन्य अधिकारियों के साथ कस्बे मे पहुंचे।



जहां कस्बे की पुलिस चौकी के पास से तिरंगा यात्रा आरंभ की गई। सभी प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिसकर्मियों ने कस्बे और क्षेत्र के समाज सेवियों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली। यह भव्य तिरंगा यात्रा बुढ़ाना कस्बे के महावीर तिराहे से आरंभ होकर कांधला रोड से होती हुई चौधरी चरण सिंह तिराहे पर पहुंची। चौधरी चरण सिंह तिराहे से घूमकर तिरंगा यात्रा फिर कोतवाली पहुंची और कोतवाली में ही इस तिरंगा यात्रा का समापन हुआ। इस दौरान तिरंगा यात्रा जब छोटे बाजार के सामने कस्बाबान पुलिया पर पहुंची तो सैंकडों व्यापारियों ने जिले के दोनों आला अधिकारी और अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों पर जमकर फूलों की वर्षा की और देशभक्ति के नारे लगाए। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से सीओ गजेंद्र पाल सिंह, एसडीएम अपूर्वा यादव, तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव, बुढ़ाना नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन यादव, कोतवाल आनंद देव मिश्र, एसएसआई ललित कुमार शर्मा, कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार के अलावा डीसीडीएफ के पूर्व चौयरमेन सुबोध त्यागी और युवा भाजपा नेता मोनू मलिक सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# आईटी एक्ट के मुकदमे में क्राईम इंस्पैक्टर लाईन हाजिर

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सोशल साईट पर गलत टिप्पणी को लेकर एक महिला के विरूद्व दर्ज हुए आईटी एक्ट के मुकदमे में अपराध शाखा के इंस्पैक्टर आर.के शर्मा का गंभीर आरोप लगे है और उनकी कराई गई जांच में मामला सही पाया गया। जिसके बाद एसएसपी ने उन्हे लाईन हाजिर कर दिया है। बताया जाता है कि एक विवाहिता का पति व ससुराल के लोगों से विवाद चल रहा था। जिसमें पति की बहन के खिलाफ सोशल साईट पर गाली-गलौच का एक मुकदमा शहर कोतवाली में दर्ज किया गया था। पीडित महिला ने इसकी जमकर पैरोकारी की आरोप था कि उसने अपने भाई के ऊपर दर्ज हुए मुकदमे की पैरोकारी की थी जिसमें काईम इंस्पैक्टर आर.के.शर्मा विवेचक थे। पीडित महिला ने विवेचक को अपने पक्ष के बचाव में कई सबूत दिये, लेकिन वह महिला को दोषी बताते रहे। शिकायत के बाद इसकी जांच एसपी सिटी सत्य नारायण द्वारा की गई और इस मामले में विवेचक को तलब भी किया गया। की गई जांच पडताल के दौरान विवेचक पर गंभीर आरोप लगे और अधिकारियों द्वारा मुकदमे से सम्बन्धित पूछे गये सवाल पर वह कोई जवाब नही दें सके। यह मामला एसएसपी के संज्ञान में आया तो उन्होंने उनकी भूमिका को संदिग्ध मानते हुए लाईन हाजिर के आदेश दिये हैं। अब इस मामले की जांच शहर कोतवाल द्वारा की जायेगी।

# वीर जवानों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता : गुरमेल बाजवा

**पुरकाजी।** भाकियू टिकैत की ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा में गुरमेल बाजवा के नेतृत्व में सैकड़ो किसान ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा मे शामिल हुए।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा मुजफ्फरनगर मे प्रति वर्ष की तरह इस बार ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकालने की घोषणा कर रखी थी,13 अगस्त को निकाली गई तिरंगा यात्रा मे हजारों किसानो ने भाग लिया उधर पुरकाजी क्षेत्र के गांव भदोला निवासी सहारनपुर मंडल उपाध्यक्ष गुरमेल बाजवा भी सैकड़ो किसानो के साथ यात्रा मे शामिल हुए।

गुरमेल बाजवा ने बताया की जिलाध्यक्ष नवीन राठी के नेतृत्व मे वह किसानो के साथ मुख्यालय पहुचे और यात्रा मे शामिल हुए।



उन्होंने बताया की किसान यूनियन मे भी सभी लोग देश प्रेमी है वीर जवानो के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता, चौधरी साहब के आदेशानुसार भारी तादात मे किसान यात्रा मे शामिल हुए।भव्य तिरंगा यात्रा के दौरान देश भक्ति के तरानो के बीच लोगो मे देश भक्ति का जज्बा देखने को मिला। किसान नेता गुरमेल बाजवा के साथ प्रीत बाजवा, गुरलाल बाजवा, जसप्रीत बाजवा, जगजीत बाजवा, प्रिंस बाजवा, काका, कुलदीप विर्क, भूपेंद्र सिंह औलख, हैंप्पी बालियान, संजीव खोखर, अंकित राठी मौजूद रहे।

# प्रशासन ने एआईएमआईएम की सभा को नहीं दी इजाजत

**बुढ़ाना।** बुधवार के दिन बुढ़ाना के पुल पार स्थित फ़ैज़ गार्डन में आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन की एक सभा होनी थी। इसके लिए बाकायदा आयोजकों ने स्थानीय प्रशासन को विगत दिवस अवगत कराया कि उनकी सभा एक बैंकट हाल में होनी है लेकिन ऐन टाइम पर प्रशासन ने आयोजकों को सभा करने की इजाजत नहीं दी। इसको लेकर आयोजक मायूस दिखे और आरोप लगाया कि यहां का प्रशासन कार्यकर्ताओं के साथ सौतेला व्यवहार कर रहा है। औरों को प्रोग्राम करने की इजाजत मिल जाती है। यहां तक नये आयोजनों को भी कराया जाता है। इस पर जिलाध्यक्ष मौलाना इमरान कासमी ने बुढ़ाना पहुंचकर मायूस कार्यकर्ताओं में उर्जा भरते हुए कहा कि पता नहीं किसने दबाव में प्रशासन ने सभा को एकदम निरस्त किया है। आप सभी लोगों को बिल्कुल भी घबराने की जरूरत नही है।

अब मजलिस मैदान में आ चुकी है। सभा रद्द करना अधिकारों का खुला उलंघन है। इसके पीछे कोई बड़ी साज़िश है। मजलिस मजबूत ना हो जाए इसलिए सभा की परमिशन प्रशासन ने नहीं दी। दूसरी पार्टी भी हमें साथ नहीं लेती। ये लोग अकेले भाजपा को नहीं हरा सकते। ये लोग गुलाम हैं। हम घबराने वाले नहीं हैं। जल्दी ही बुढ़ाना में एक बड़ा प्रोग्राम किया जाएगा। पता नहीं प्रशासन की क्या मजबूरी रही। किसे दबाव में प्रशासन आया है जो हमें परमिशन नहीं दी गयी। हम डोर टू डोर जाएंगे और लोगों को बताएंगे। आपकी मेहनत जाया नहीं जाने दी जाएगी।

**संख्याक - 1**

वाद निस्तारण हेतु प्रतिवादी की उपस्थिति के निलए समन (आदेश 5 नियम 1 और 5)

**न्यायालय सिविल जज ( सीनियर डिवीजन ) महोदय मुजफ्फरनगर**

वाद संख्या 122 सन् 2023

कैनरा बैंक, शाखा कार्यालय बुढ़ाना ब्रांच, जिला मुजफ्फरनगर द्वारा शाखा प्रबन्धक कैनरा बैंक .....वादी

बनाम

1-मैसर्स लक्की कटपीस सैन्टर पोपराईटर।

2- वकील पुत्र इलयास निवासी कांधला रोड, कस्बा बुढाना तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर। ......प्रतिवादीगण

आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वाद आपके विरुद्ध आवासीय सम्पत्ति के बंटवारे हेतु योजित किया है आपको इस न्यायालय में उक्त वाद का उत्तर पत्र आदि प्रस्तुत करने के लिए उपसंजात, उपस्थित होने के लिए दिनाक 12.09.2025 को दिन में 10:30 बजे नियुक्त करके यह समन प्रेषित किया जाता है। आप नियत दिनांक को न्यायालय में स्वयं या अपने अधिकृत पैरोकार, अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते हैं। जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हों ओर जो इस वाद से सम्बन्धित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में आपकी उपसजाती (उपस्थिति) के लिए जो उक्त तिथि नियत की गई है। वह इस वाद के अन्तिम निस्तारण के लिए भी नियत है इसलिए आपको उसी दिन अपने उन सभी साक्षियों को या उनसे सम्बन्धित सभी सारवान प्रपत्रों साक्ष्यों को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर वर्णित तिथि को इस न्यायालय में उक्त वाद के निस्तारण के समय उपसंजात, उपस्थित नहीं होगे तो उस दशा में उक्त वाद का निस्तारण आप की अनुपस्थिति में गुणदोष पर किया जाएगा।

आज दिनाक 13 माह 08 सन 2025 को यह समन मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित विधिवत् न्यायालय द्वारा जारी किया गया।

आज्ञा से

मुन्सरिम / न्यायाधीश

सिविल जज (सी0 डि0) मुजफ्फरनगर

समन वास्ते करार वाद, उमर तनकी तलब ( आदेश 5 कायदा 1 व 5)

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज सीनियर डिविजन मुजफ्फरनगर।**

मूलवाद सं0- 173 सन् 2024

1. तौसीन 2. शाकीन 3. हसन 4. कमर 5. हसीन 6. शमशू पुत्रगण हमीद **निवासीगण** मकान न0-27 बाग जानकीदास मुजफ्फरनगर परगना, तहसील व जिला मुजफ्फरनगर। ....**वादीगण**

**बनाम**

1. अब्दुल शकूर पुत्र मजीद निवासी इमामबाडा मुजफ्फनगर परगना, तहसील व जिला मुजफ्फरनगर।, 2. श्रीमति हबीबन विधवा अब्दुल रहीम निवासी मुजफ्फरनगर परगना, तहसील व जिला मुजफ्फरनगर।, 3. सरफू, 4. हारून, 5. जुल्फकार पुत्रगण निजामूदीन **निवासीगण** मुजफ्फरनगर परगना, तहसील व जिला मुजफ्फरनगर।, 6. नीरज कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी अंकित विहार पचैण्डा रोड परगना, तहसील, जिला मुजफ्फरनगर।, 7. मौ0 काफिल 8. फिरोज पुत्रगण मौ0 वकील, 9. श्रीमति रसीदा पत्नी मौ0 वकील, 10. कु0 जीनत नाज पुत्री मौ0 वकील **निवासीगण** मकान न0 23 इमामबाडा मुजफ्फरनगर परगना, तहसील व जिला मुजफ्फरनगर।, 11. जीशान अहमद पुत्र खलील अहमद निवासी मकान न0 17 खादरवाला दक्षिणी मुजफ्फरनगर परगना, तहसील व जिला मुजफ्फरनगर।, 12. राशिद 13. साजिद 14. शाहिद पुत्रगण मौ0 अमीन **निवासीगण** मकान न0 390 चमारान खादरवाला मुजफ्फरनगर।, 15. मौ0 रागिब पुत्र जियाउल हक, 16. श्रीमति नईमा पत्नी मौ0 कामिल हसन, 17. शाहनवाज 18. अबाब पुत्रगण मौ0 कामिल हसन, 19. कु0 शहनसीम पुत्री मौ0 कामिल हसन निवासीगण मकान न0 128 इमामबाडा जिला मुजफ्फरनगर। 20. मकसूद अहमद उर्फ कालू पुत्र अल्लाबन्दा, 21. महमूद उर्फ सीदू पुत्र रमाजनी, 22. हमीद पुत्र इबरा निवासीगण मुजफ्फरनगर परगना, तहसील व जिला मुजफ्फरनगर।, 23. उपेन्द्र कुमार, 24. अजेन्द्र सिंह पुत्रगण नैनसिंह, 25. श्रीमति रोशनी देवी विधवा नैनसिंह निवासीगण ग्राम खान्जहांपुर परगना, तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर।, 26. नसीम अहमद पुत्र अब्दुल रज्जाक निवासी 47 बाग जानकीदास मुजफ्फरनगर परगना, तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर।, 27. जीशान अहमद पुत्र खलील अहमद निवासी 17 खादरवाला मुजफ्फरनगर परगना, तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर।, 28. जमील अहमद पुत्र हबीब निवासी कृष्णापुरी मुजफ्फरनगर परगना, तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर।, 29. रहीशा बेगम पत्नी मौ0 हाशिम निवासी किदवईनगर मुजफ्फरनगर परगना, तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर।, 30. श्रीमति निर्मला पत्नी श्री महेन्द्र निवासी ग्राम संधावली, परगना, तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर। 31. जावेद हसन, 32. मौ0 फेजान, 33. मौ0 फैसल, 34. मौ0 असद पुत्रगण मौहम्मद मुर्तजा निवासीगण मकान न0 844/11 अम्बा विहार मुजफ्फरनगर परगना, तहसील व जिला मुजफ्फरनगर। .....प्रतिवादीगण

आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त वाद वादी ने आपके विरुद्ध बाबत माननीय न्यायालय में योजित किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप दिनांक 29 अगस्त सन् 2025 को प्रात: 10.00 बजे असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई से वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुत्तािल्लका मुकदमा/वाद का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाबदेही दावा कर और उसी रोज अपना जुमला गवाही को जिसकी शहादत पर निजी तमाम दस्तावेजो को जिस पर अपनी जवाबदेही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे। अगर तारीख आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा / वाद बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बरवक्त मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज दिनांक 05/08/2025 को यह समन मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित विधिवत न्यायालय द्वारा जारी किया गया।

**सिविल जज ( सीनियर डिविजन )**

**मुजफ्फरनगर ( उ.प्र. )**

# पहलगाम व सेना को समर्पित है फ़ैज़ुद्दीन का नया गाना ऐ वतन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** बॉलीवुड के वर्ल्ड क्लास अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी के भाई फैजुद्दीन सिद्दीकी ने देश प्रेम से प्रेरित एक गाने का निर्माण किया है जो गीत फ्यूज़न पर रिलीज़ किया गया है। बॉलीवुड में खुद को स्थापित करने की कोशिश में फैजुद्दीन सिद्दीकी लगातार मेहनत कर रहे हैं और उनकी मेहनत रंग लाती दिख भी रही है। फैजुद्दीन सिद्दीकी ने कई फिल्मों का निर्माण किया और एक म्यूजिक कंपनी को भी स्थापित करने में मेहनत कर रहे हैं। फैजुद्दीन ने 15 अगस्त पर एक देशभक्ति का गाना लिखा है जो कि पहलगाम में शहीद हुए लोगों और भारतीय सेना को समर्पित है। गाना खुद फैजुद्दीन सिद्दीकी ने लिखा है और डायरेक्ट भी किया है। गाने के माध्यम से पहलगाम आतंकवादी हमले के दर्द को ब्यान किया गया है और भारतीय सेनाओं के द्वारा पाकिस्तान को उसकी औक़ात दिखाते हुए उसको घर में घुसकर मारने की कहानी को दर्शाया गया है। गाने में मुख्य किरदार में मुरसलीन कुरैशी और अर्चना सिंह राजपूत को कास्ट किया गया है। मुरसलीन कुरैशी कस्बा बुढ़ाना के लोई गाँव के निवासी हैं और एक बेहतरीन अभिनय इस गाने में फैजुद्दीन ने इनसे कराया है। ये गाना बहुत इमोशनल है। जिसे सुनकर और देखकर सभी की आँखो में आंसू छलक जाते हैं। ये गाना खुद में एक कहानी समेटे हुए है और गाने को देखने के बाद हमारी भारतीय सेना की महानता नजर आती है। अर्चना सिंह राजपूत ने इस गाने में बेहतरीन अभिनय किया है। सूफ़ी सिद्धू और निकेश गांधी ने भी अपने अभिनय से सभी को खूब प्रभावित किया है। इस गाने की प्रोड्यूसर सबा सिद्दीकी व शिव चौधरी हैं। गाने को कंपोज़ भी सूफी सिद्धू ने किया है और अपनी खूबसूरत आवाज से गाने को तराशा है। फैजुद्दीन सिद्दीकी की खास बात यही है कि वह अपने क्षेत्र के लोगो का खास ख्याल रखते हैं। गाना सभी देशप्रेमियों को पसंद आने वाला है।

# तिरंगे के रंगों में रंगी प्रतिभा, छात्राओं की रंगोली में झलकी देशभक्ति

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** विधोतमा कन्या महाविद्यालय गंगधाड़ी में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों की स्वयंसेविकाओं ने हर घर तिरंगा-घर-घर तिरंगा अभियान 2025 के प्रथम चरण के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्राचार्या डॉ. कविता वर्मा के निर्देशन में आयोजित इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने तिरंगे के रंगों से सजी आकर्षक रंगोलियां बनाकर देशभक्ति का संदेश दिया। महाविद्यालय के प्रबंधक संजीव शर्मा ने छात्राओं की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें देश के प्रति समर्पित भाव से आगे बढ़ने का आ]वान किया। प्राचार्या डॉ. वर्मा ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि तिरंगे का मान केवल घरों में ही नहीं, बल्कि दिलों में भी ऊंचा रहना चाहिए। प्रतियोगिता में बीएससी की प्रियंका, सलोनी, मोनी, गरिमा, बुलबुल, अर्शी और अनुष्का का विशेष योगदान रहा। वहीं, बीएससी तृतीय सेमेस्टर की मोहिनी, सारिका, कामिनी और राधिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को प्रबंधक संजीव शर्मा ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रवक्ता कोमल, उमा मिश्रा और कार्यालय स्टाफ संजीव शर्मा, रोहित राठी, शक्ति सिंह, प्रशांत व संजय कुमार मौजूद रहे।

## सीएचसी में लगे फ्री चिकित्सा कैंप का समापन

**बुढ़ाना।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना परिसर में बीते मंगलवार को लगाए गये 2 दिवसीय नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का समापन आज बुधवार के दिन कर दिया गया। इस निशुल्क चिकित्सा शिविर में जनपद मुजफ्फरनगर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया के सानिध्य में डीपीएमआई डॉक्टर दिव्या वर्मा और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डाक्टर प्रणव तेवतिया के निर्देशन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नेत्र परीक्षण अधिकारी डा. उमंग श्रीवास्तव ने आंखों की जांच की। इस संबंध में नेत्र परीक्षण अधिकारी डाक्टर उमंग श्रीवास्तव ने बताया कि केंद्र पर समय समय पर इसी तरह के निशुल्क कैंप लगाए जाते हैं। जिनमें काफी रोगी इन कैंपों का लाभ उठाते हैं।

## क्रांति सेना ने की उच्चस्तरीय जांच की मांग

**मुजफ्फरनगर।** क्रांतिसेना व शिवसेना के पदाधिकारीयो ने एसपी देहात से मिलकर बुढ़ाना के गांव हरिया खेड़ा निवासी देवपाल के 16 वर्षीय युवा पुत्र द्वारा की गई आत्महत्या के मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की, आरोप लगाया कि निकटवर्ती गांव दुर्गनपुर में स्थित जे के एकैडमी के प्रबंधन ने फीस न देने पर वेदपाल के पुत्र भीम को अनेक बार सार्वजनिक रूप से अपमानित किया था।

# गेट नंबर 20 और 21 के बेयरिंग खिसके, गंगा बैराज पर आवागमन बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण गंगा और अन्य नदियां इस समय उफान पर हैं, जिससे क्षेत्र में बाढ़ का संकट गहराता जा रहा है। गंगा बैराज पर गंगा का जलस्तर 220.20 मीटर तक पहुंच गया है, जो खतरे के निशान पर है। इससे न केवल निचले इलाकों में जलभराव और बाढ़ की स्थिति बनी हुई है, बल्कि लोगों की मुश्किलें भी बढ़ गई हैं।

पिछले करीब पखवाड़े से पहाड़ी इलाकों में मूसलाधार बारिश और कई स्थानों पर बादल फटने की घटनाओं के कारण नदियों में पानी का बहाव तेज हो गया है। भीमगोड़ा बैराज से देर रात 1,32,943 क्यूसेक पानी छोड़े जाने की सूचना है, जो रात में ही गंगा बैराज तक पहुंच जाएगा। इससे आसपास के गांवों में बाढ़ का खतरा और बढ़ने की आशंका है।

हालांकि, पिछले कुछ दिनों से मौसम शुष्क रहने के कारण ग्रामीण इलाकों में कुछ जगह पानी का स्तर घटा है, लेकिन बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में राहत की उम्मीद अभी दूर है। इस बीच, गंगा बैराज के गेट नंबर 20 और 21 के तीन बियरिंग खिसक जाने के कारण बैराज पर वाहनों का आवागमन पूरी तरह रोक दिया गया है। इस तकनीकी खराबी से क्षेत्रवासियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि अब बिजनौर जाने के लिए उन्हें गढ़मुक्तेश्वर और गजरौला होते हुए लंबा मार्ग तय करना पड़ रहा है।

सरकारी सूत्रों के अनुसार, पुल पर मरम्मत कार्य पूरा होने में कम से कम एक माह का समय लग सकता है। मरम्मत कार्य शीघ्र शुरू कराने के लिए एनएचएआई और रुड़की के इंजीनियरों की टीम जल्द मौके पर पहुंचने वाली है। गौरतलब है कि करीब पांच वर्ष पूर्व भी गंगा में आई बाढ़ के दौरान गेट नंबर 14 पर इसी तरह की तकनीकी समस्या उत्पन्न हुई थी, जिसकी मरम्मत में दो से तीन माह का समय लगा था। ऐसे में इस बार भी मरम्मत में लंबा समय लगने की संभावना है। बैराज पुल पर वाहनों की आवाजाही बंद होने से जहां क्षेत्र के व्यापारिक और सामाजिक जीवन पर असर पड़ा है, वहीं आम जनता को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोग जरूरी कार्यों के लिए वैकल्पिक और लंबी दूरी वाले मार्ग अपनाने को मजबूर हैं। हालांकि, प्रशासन ने गंगा बैराज से पैदल और दोपहिया वाहन चालकों को आने-जाने की अनुमति दी है, ताकि स्थानीय लोगों की न्यूनतम आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके। बाढ़ की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने प्रभावित गांवों में सतर्कता बढ़ा दी है। राजस्व, सिंचाई और आपदा प्रबंधन विभाग लगातार हालात की निगरानी कर रहे हैं और आपात स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य के लिए तैयार हैं। ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे नदी किनारे और निचले इलाकों में अनावश्यक न जाएं और प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। यह स्थिति आने वाले दिनों में और गंभीर हो सकती है, यदि पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश का सिलसिला जारी रहा। फिलहाल, गंगा और अन्य नदियों का उफान क्षेत्र के लिए चिंता का विषय बना हुआ है।

# लाला सुखलाल सनातन धर्म कॉलेज में बच्चों को साइबर क्राइम के लिए जागरूक किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** कॉलेज में पुरकाजी पुलिस द्वारा बच्चों को साइबर क्राइम के विषय में विस्तार से समझाया गया इस अवसर पर बताया गया कि मोबाइल के माध्यम से किस प्रकार इस अपराध को बढ़ावा मिल रहा है इसलिए सभी छात्र/छात्राओं को अज्ञात कॉल या अज्ञात मेसेज से दूरी बनाने को कहा गया साथ ही सोशल प्लेटफार्म पर भी व्यक्तिगत जानकारी अपडेट करने से बचना चाहिए इस अवसर पर प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार,वरिष्ठ शिक्षक धीरज गर्ग,राकेश शर्मा,संजीव कुमार,अनिल कुमार राजीव त्यागी व पुरकाजी थाने का स्टाफ रहा।



**Name Change**

I, MOHD SHAHID CHOUDHARY S/O MOHAMMAD SABIR R/O -357,Village Tawali, P/S SHAHPUR , Distt. Muzaffarnagar (U.P) Have changed my name to MOHAMMAD SHAHID .

## छात्रवृत्ति वितरण में 46 लाख का घोटाला

# विभाग की जांच में 10 शिक्षण संस्थाओं पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति में लाखों का घोटाला सामने आने पर विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की प्रारंभिक जांच में सामने आया है। यह घोटाला आईटीआई, मदरसे, गुरुकुल, इंटर और डिग्री कॉलेज में हुआ है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा थाना सिविल लाइन में दस शिक्षण संस्थानों से जुड़े 17 लोगों को नामजद करते हुए एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इनमें पांच महिलाएं भी शामिल हैं, आरोपी महिलाएं संस्थानों में आईएनओ और एचओआई के रूप में केन्द्र और राज्य सरकारों की छात्रवृत्ति मामलों की जिम्मेदार बताई गई हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मैत्री रस्तोगी ने बताया कि कुछ शिक्षण संस्थानों में छात्रवृत्ति को लेकर अनियमितता पाई गई है। छात्रवृत्ति के लिए भेजी गई सूचियों में अपात्र छात्रों को शामिल किया गया, कई छात्रों के दस्तावेज फर्जी पाए। इस तरह से सरकारी धन का दुरुपयोग कर करीब 46 लाख रुपये का घोटाला प्रथम जांच में सामने आया है। शासन द्वारा कराई गई जांच में घोटाला सामने आया।

जिसके बाद थाना सिविल लाइन में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने घोटाले के लिए अल्पसंख्यक विभाग के द्वारा उपलब्ध कराये गये रिकॉर्ड और साक्ष्यों के आधार पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। सिविल लाईन थाना प्रभारी ने बताया कि प्रकरण में अल्पसंख्यक विभाग की ओर से दी गई तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले में उप निरीक्षक सतेन्द्र सिंह ढिल्लो को विवेचना सौंपी गई है

### 17 संस्थाओं की हुई जांच, 10 में मिली अनियमितता

**मुजफ्फरनगर।** अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में छात्रवृत्ति घोटाला वित्तीय वर्ष 2021-22 की राष्ट्रीय छात्रवृत्ति का मामला सामने आया है। जिसमें कक्षा 9 व कक्षा 10 व कक्षा-11 और कक्षा 12 के साथ ही डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों के नाम पर दस शिक्षण संस्थाओं ने फर्जीवाडा किया है और इन संस्थाओं ने लाखों का घोटाला किया है। विभाग के वरिष्ठ सहायक अजलान शाह ने सिविल लाइन थाने में एक तहरीर देते मुकदमा दर्ज कराया है जिसमें बताया गया कि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार के अनुसचिव के द्वारा 19 अप्रैल 2024 को अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को पत्र जारी करते हुए छात्रवृत्ति वितरण में कुछ शिक्षण संस्थानों में फर्जीवाडा होने की जांच कराने के लिए कहा था। इसके लिए शासन से सभी जिलों में जांच करायी गई। इसी क्रम में जनपद में 17 शिक्षण संस्थाओं की जांच हुई, इसकी रिपोर्ट 21 मार्च 2021 को शासन को भेज दी गई थी। इसके बाद संदिग्ध पाये गये अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार अनुसचिव ने शासन को रिपोर्ट भेज दी थी। इसके बाद एक पत्र ओर जारी किया गया। जिसमे 10 शिक्षण संस्थानों की सूची भेजी गई और इनकी जांच कर कानूनी कार्यवाही कराने के निर्देश दिये गये। इसी के आधार पर सिविल लाईन थाने में लाखों के घोटाले का मुकदमा दर्ज किया गया है।

### सपा जिलाध्यक्ष भाजपा पर जमकर बरसे

**बुढ़ाना।** समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जिया चौधरी वार्ड नंबर 14 में पहुंचे। जहां पर उन्होंने सपा नगर अध्यक्ष ताज जिया के आवास पर सपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आपके कस्बे के फैज़ गार्डन में 17 अगस्त को समाजवादी पार्टी की पीडीए जन पंचायत है। जिसमें आप सभी लोग भारी संख्या में पहुंचे और जन पंचायत को सफल बनाने का काम करें। उन्होंने बताया कि भाजपा का यह शासन अब अपने आखिर पड़ाव पर है। इस दौरान बैठक में सपा नगर अध्यक्ष ताज जिया नम्बरदार, आसि शरीफ, आसि कुरैशी, पूर्व सभासद नौशाद उर्फ काला, पूर्व सभासद नौशाद पहलवान, इस्तकार कुरैशी, इस्तकार सिद्दीकी, असगर कस्सार, समीर राणा, राशिद राणा, याकूब राणा, हफीज तौफीक सलमानी, पूर्व वाइस चौयरमेन शजाऊद्दीन तोमर और कलीम उस्मानी आदि सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सपा नेता सत्येंद्र पाल ने अधिवक्ताओं को दिया पीडीए जन पंचायत का निमंत्रण

**बुढ़ाना।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पीडीए जन महापंचायत के आयोजक सत्येंद्र पाल ने आज बुधवार के दिन बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद त्यागी और महासचिव ओमपाल मलिक सिंह मलिक डुंगर के पास बुढ़ाना तहसील परिसर मे पहुंचकर जहां एक और उनको बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का चित्र भैंट किया वहीं आगामी 17 अगस्त को बुढ़ाना कस्बे के पुल पार स्थित फैज़ गार्डन में होने वाली पीडीए जन महापंचायत में आने के लिए आमंत्रित भी किया। इसके अलावा वे यहां पर सभी अधिवक्ताओं के चौंबर में गये और सभी को दोनों महापुरुषों के चित्र



भेंटकर पीडीए जन पंचायत में आने का आग्रह किया। जिस पर लगभग सभी अधिवक्ताओं ने उनके द्वारा दिए गये चित्रों को अपने चौंबर में सजाया और कहा कि वे पीडीए जन महापंचायत में जरुर शामिल होंगे। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए सपा नेता सत्येंद्र पाल ने बताया कि उनका सपना था कि बुढ़ाना तहसील परिसर में बैठे सभी अधिवक्ताओं के चौंबर में महापुरुषों की तस्वीर लगे और आज उनका ये सपना पूरा हुआ। यहां अनेश निर्वाल, जमशेद अंसारी, युवा सपा नेता साहिब अंसारी, फिरदोस, रिजवान, रविंद्र पाल, मनीष, अंकुर पाल आदि मौजूद थे।

# ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा से देश भक्ति के रंग में रंगा शहर

## सड़कों पर सैकड़ों एक साथ उतरे ट्रैक्टरों से चारों ओर रही जाम की स्थिति

**मुजफ्फरनगर।** स्वतंत्रता दिवस से पूर्व भारतीय किसान यूनियन ने ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकालकर देशभक्ति का जज्बा दिखाते हुए युवाओं में देश प्रेम के प्रति जोश भरा। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में युवाओ का ट्रैक्टर लेकर देश भक्ति के तरानों के साथ जोश देखने लायक था।

बुधवार को शहर में भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में पूर्व घोषित ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा उत्साह और जोश के साथ निकाली गई। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में तिरंगा लगे ट्रैक्टर, देश भक्ति से ओत-प्रोत गीतों की धुन पर आगे बढ़ते हुए जब मुख्य मार्गों से गुजरे तो पूरा शहर देश भक्ति के माहौल में डूब गया। यात्रा में शामिल किसानों का उत्साह देखने लायक था, वहीं यात्रा के कारण शहर के कई हिस्सों में लंबा जाम भी लग गया। तिरंगा ट्रैक्टर यात्रा का शुभारंभ भोपा रोड स्थित श्विकर्मा चौक से हुआ, जो मालवीय चौक, टाउन हॉल रोड, झांसी की रानी चौक, शिव चौक, मीनाक्षी चौक, आर्य समाज रोड होते हुए महावीर चौक पहुंची और अंत में भारतीय किसान यूनियन के कार्यालय पर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में सैकड़ों ट्रैक्टर कतारबद्ध होकर चल रहे थे, जिन पर बड़े आकार के राष्ट्रीय ध्वज लहरा रहे थे। ट्रैक्टरों से श्वंदे मातरमश और श्भारत माता की जयश के नारे गूंज रहे थे, जबकि डीजे पर देशभक्ति के गीतों से माहौल और भी रोमांचक

बन गया। यात्रा में भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और हजारों किसान शामिल हुए। इस दौरान शहरवासियों ने जगह-जगह किसानों का स्वागत किया और तिरंगे लहराकर उनका उत्साह बढ़ाया। हालांकि, ट्रैक्टरों की लंबी कतारों के कारण यातायात पूरी तरह से प्रभावित रहा। कई मार्गों पर जाम की स्थिति घंटों तक बनी रही। भाकियू नेता गौरव टिकैत ने इस मौके पर कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य देश के स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को नमन करना और किसानों व युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत करना है। उन्होंने सभी से अपील की कि हर घर पर तिरंगा फहराकर राष्ट्र के सम्मान में योगदान दें। भाकियू जिलाध्यक्ष नवीन राठी ने कहा कि यात्रा से किसानों की एकजुटता का संदेश दिया गया है। उन्होंने कहा कि टिकैत की एक आवाज पर ये ट्रैक्टर लखनऊ और दिल्ली की ओर भी जा सकते हैं। वहीं निकाली गई भव्य तिरंगा ट्रैक्टर रैली के चलते शहर जाम रहा। इस भव्य रैली के कारण शहर के जिन मार्गों से ट्रैक्टर गुजरे, वहां घंटों तक यातायात पूरी तरह ठप रहा। लंबी कतारों में फंसे वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।



मुजफ्फरनगर: भाकियू की ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा में शामिल किसान।

### एसएफ डीएवी स्कूल में धूमधाम से मनाया जन्माष्टमी पर्व



**मंसूरपुर।** एस.एफ.डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल मुजफ्फरनगर के प्रांगण में कृष्ण जन्मोत्सव बड़े उल्लास के साथ मनाया गया। प्रधानाचार्या पूनम पँवार ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में छात्रों ने कृष्ण की छवि को धारण कर उनकी लीलाओं को अत्यंत उत्सुकता के साथ प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण का केंद्र मटकी फोड़ कार्यक्रम रहा। प्रधानाचार्या ने कृष्ण की शिक्षाओं को दैनिक जीवन में उतारने के लिए कहते हुए छात्रों का मार्गदर्शन किया।

# भाकियू ने तिरंगा यात्रा निकालकर सौंपा ज्ञापन

**बुढ़ाना।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के हजारों कार्यकर्ताओं ने आज बुधवार के दिन स्वतंत्रता दिवस से पहले ही पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुढाना कस्बे के मुख्य मार्ग पर एक विशाल ट्रेक्टर रैली निकालकर अपनी ताकत का सफल प्रर्दशन किया। रैली से पहले भाकियू के निर्माणाधीन कार्यालय पर भाकियू जिला उपाध्यक्ष अनुज बालियान, जिला संगठन मंत्री विकास त्यागी प्रधान, तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार, ब्लाक अध्यक्ष सुधीर प्रधान और नगर अध्यक्ष इसरार अहमद ने संयुक्त रूप से पहले तो झंडा फहराया फिर उसके बाद रैली का शुभारम्भ हरी झंडी दिखाकर किया। यहां ढोल नगाड़े व डीजे की धुन पर देशभक्ति गीतों के बीच रैली शुरु हुई और कार्यकर्ता नारेबाजी कर कांधला रोड को निकलकर तहसील में पहुंचे। इससे पहले रोड पर जाम लग गया और पुलिस को जाम खुलवाने में कडी मशक्कत करनी पड़ी। रैली में ट्रेक्टरों के अलावा बाइक व अन्य वाहन भी थे। रैली में सबसे ज्यादा 23 ट्रेक्टर गांव रसूलपुर दभेडी से आए। सभी ने तहसील परिसर मे एसडीएम अपूर्वा यादव और सीओ गजेंद्र पाल सिंह को 7 सुत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि बुढ़ाना क्षेत्र की आवारा नील गाय, बन्दर, कुत्तों को पकडवाया जाये, तहसील में हो रहे भ्रष्टाचार व किसानों के शोषण को रोका जाये। बिजली विभाग द्वारा अवैध उगाही, किसान, मजदूरों का शोषण व नवरात्रि में छापेमारी बंद हो। विद्युत विभाग द्वारा हटाये गये 21 कर्मचारियों की वापसी हो। भसाना



शुगर मिल से बकाया भुगतान जल्द हो। बुढाना में गन्ना ढुलाई के कारण लगने वाले जाम से निजात पाने को बुढाना में बाईपास बनाया जाये। तहसील क्षेत्र मे आने वाले गांवों में होने वाली जलभराव की समस्या को चिंहित अर गांवों को जलभराव मुक्त करायें। रैली में तैमूर अली राणा, लविश जांगिड, प्रवीण, आशु राणा, यासीन राजपूत, साहिल चौधरी, विनीत, इकबाल, शहजाद और जावेद आदि मोजूद थे।



मुजफ्फरनगर: तिरंगा यात्रा में युवाओं ने दिखाया जोश।

# गुरुकुल में होता है आर्यवृत देश संस्कृति का अनुभव: निर्वाल

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित गुरुकुल संस्कृत महाविद्यालय में नवीन प्रविष्ट ब्रह्मचारियों का यज्ञोपवीत वेदारंभ संस्कार वेद मंत्रों के साथ धूमधाम से सम्पन्न हुआ। जिसमें ब्रह्मचारियों ने जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों व संतों से भिक्षा का दान भी लिया। इसके बाद भंडारे का भी आयोजन किया गया।

प्रधानाचार्य राणा शास्त्री ने वेद मंत्रों से उपनयन संस्कार कराया।

मुख्य यजमान उद्योगपति मनीष कपूर व पत्नी मोनिका कपूर, अजय कपूर, लावण्य पुरी रहे।

यज्ञ की ब्रहमा आचार्या मुकेश कुमारी रही। समारोह में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वीरपाल निर्वाल ने कहा कि गुरुकुल मे आकर आर्यवृत देश मे रहने का अनुभव होता है।हवन यज्ञ की सुगंध मानसिक, सामाजिक, भौगोलिक प्रदूषण को दूर करती



है।गुरुकुल वेद शिक्षा,संस्कृति व संस्कार के केन्द्र हैं।संस्थापक स्वामी आनंदवेश महाराज ने कहा कि गुरुकुल में सनातन साधनाएं की जाती है। विश्व मे केवल वैदिक संस्कृति ही शेष बचेगी।

प्राचीन काल से ही शिक्षा ग्रहण करने के लिए नवीन ब्रह्मचारियों का उपनयन संस्कार किया जाता है। सोलह संस्कारों में उपनयन संस्कार सबसे महत्व पूर्ण संस्कार है। उन्होंने नवीन ब्रह्मचारियों को फल, वस्त्र व दीक्षा देकर आर्शीवाद दिया। समारोह को महामंडलेश्वर गोपाल दास महाराज, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के रामकुमार शर्मा, किसान मोर्चा के चौधरी ब्रजवीर सिंह, यूथ लीडर, पुनीत खोकर, महकार सिंह, केपी सिंह ने भी संबोधित किया। इससे पहले कार्यक्रम में सोमवीर सिंह, तुषार वर्मा, विवेक शास्त्री, अर्जुन शास्त्री, सोनी आर्या, तेजपाल, देवेंद्र आर्य, संजय कोरी मौजूद रहे। भजनोपदेश राजवीर आर्य ने भजन प्रस्तुत किए।

# अपहृत की बरामदगी की मांग को बस स्टैण्ड पर लगाया जाम

## मंगलवार को युवक की बाइक क्षतिग्रस्त हालत में सिकंदरपुर मार्ग पर पड़ी मिली थी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** संदिग्ध परिस्थितियों मे लापता हुए अनुसूचित जाति के युवक के अपहरण का आरोप लगाते हुए सेंकड़ो महिला व पुरुष भोकरहेड़ी बस स्टेण्ड पर धरने पर बैठ गये।ग्रामीणों ने पुलिस से युवक की तुरंत बरामदगी की मांग की।वहीं पुलिस अधिकारी ग्रामीणों को युवक की शीघ्र बरामदगी का आश्वासन देकर समझाने मे लगे थे।

भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी मे बस स्टेण्ड बस्ती के पास निवासी नेमपाल

बुधवार को ग्रामीणों के साथ थाने पहुंचे और पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि उसका बेटा रजनीश बीते 11 अगस्त की रात लगभग 10 बजे मोटरसाइकिल से अपने मामा विकास, निवासी नंगला कोयल जिला हरिद्वार के घर कह कर गया था। वह वहां नहीं पहुंचा तो उसकी तलाश की। आरोप है कि जैसे ही वह गांव रहमतपुर-गडवाड़ा मार्ग पर पहुंचा तो तभी तीन व्यक्तियों ने रजनीश को रोक लिया और उसके साथ मारपीट करते हुए उसका अपहरण कर गायब कर दिया हैं।

वहीं पास से ही उसकी क्षतिग्रस्त बाइक पी मिली है। घटना के बाद से रजनीश घर नहीं लौटा है। उन्हें बेटे के साथ किसी अनहोनी की आशंका हैं। मामले को लेकर पहले तो ग्रामीणों ने थाने पर हंगामा किया और इसके बाद ग्रामीणों नेमपाल पिता, माता कविता, आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष दिनेश बावरा, प्रदीप,सेवाराम, बबलू, बहादुर, सेवा, देवानंद, देवी राम,बहादुर, अंकुर गंगनिया, सुमन, फूल्लो, शिक्षा, अनीता, कविता, विमलेश, रेखा,कल्लो सहित काफी संख्या में ग्रामीण भोकरहेडी बस्टैण्ड़ पर धरना प्रदर्शन वह हंगामा कर युवक के बरामदगी की मांग कर रहे हैं। पुलिस ग्रामीणों को समझाने में लगी हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह का कहना है कि युवक की बरामदगी के प्रयास किये जा रहे हैं। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही है। युवकों से पूछताछ भी जा रही है।

देर शाम समाचार लिखें जाने तक ग्रामीण धरने पर बैठे हुए थे।

# क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया



**मुज़फ्फरनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा एवं मुख्य विकास अधिकार कण्डारकर कमलकिशोर देशभूषण के निर्देशन में डॉ राजीव कुमार द्वारा हर घर तिरंगा अभियान-2025 के अंतर्गत पीआर पब्लिक स्कूल स्कूल में 'भारत की स्वतंत्रता, एकता एवं गौरव का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज विषय पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन, सफल प्रतिभागियों अनुष्का, अवनी, दृष्टि,निकुंज,अलीशा, परी, प्राची,हिमानी,डिम्पल, हर्ष व आयुष को फूलमाला पहनाकर किया गया अभिनंदन। डॉ राजीव कुमार द्वारा विद्यालय प्रबंधक अशोक सिंघल को हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय ध्वज भेंट किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रभक्ति गीतों एवं जोश भरे नारो के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया जिसमे अनघ सिंघल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

डॉ राजीव कुमार द्वारा उपस्थित सभी से राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान एवं हर घर तिरंगा फहराने हेतु आह्वान किया गया। हर घर तिरंगा अभियान-2025 स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देने, देशभक्ति की भावना को जागृत करने तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान हेतु आयोजित किया जा रहा है। उक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम में पी आर पब्लिक स्कूल के शिक्षकों एवं छात्र- छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। राजेश कुमार श्रीवास, जिला विद्यालय निरीक्षक के मार्गदर्शन में जनपद के सभी विद्यालयों में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की गतिविधियां संचालित की जा रही है। उक्त कार्यक्रम में पीआर पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अशोक सिंघल एवम प्रधानाचार्य मीना सिंघल के नेतृत्व में शिक्षक प्रज्ञा सिंधी, दिव्या शर्मा, प्रवीण जायसवाल, शंकर शर्मा एवं अनुपम सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### पूरा मार्ग न बनाए जाने पर ग्रामीणों में भारी रोष

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव जौला से परासौली को जोड़ने वाला रास्ता और सैंकड़ो किसानों को कृषि भूमि से जोड़ने के लिए उक्त रास्ते को लेकर इस क्षेत्र के किसान काफी समय से संघर्ष कर रहे थे जिसमें यह रास्ता पास हो गया लेकिन जहां तक यह बनना चाहिए था वहां तक नही बनाया जा रहा है। ग्रामीणों की इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए समाजसेवी संस्था जौला यूथ क्लब के पदाधिकारियों ने उक्त रास्ते का बारीकी से निरीक्षण किया और पूरा मार्ग ना बनाए जाने पर इसका खुलकर विरोध किया। उक्त रास्ते को परासौली तक पूरा करवाएं नहीं तो शीघ्र ही रणनीति बनाकर अनिश्चित काल के लिए धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान यहां पर ठाकुर ठाठ सिंह बाबा जौला, शाहिद राणा, इरफान अहमद, सफीक राणा, अनुज कुमार और लाखन राणा आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# कम्पोजिट विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस की महत्ता बताई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** शासन आदेश के अनुसार बुधवार के दिन बुढ़ाना क्षेत्र की खंड शिक्षा अधिकारी किरण यादव के अनुपालन में कंपोजिट स्कूल डूंगर में स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद के नेतृत्व में हर घर तिरंगा कार्यक्रम 2025 के अंतिम चरण 13 अगस्त से 15 अगस्त 2025 का आयोजन किया गया।

जिसमें सहायक अध्यापिका अनुराधा द्वितीय ने स्वतंत्रता दिवस के विषय में विस्तार से बताया और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी कराये गये।

अंत में स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद ने बताया कि भारत में देशभक्ति की भावना को मजबूत करने के लिए चलाया जा रहा है हर घर तिरंगा अभियान आज से तीसरे




चरण यानि कि अंतिम चरण में पहुंच रहा है। यह चरण 13 अगस्त से 15 अगस्त तक चलेगा। यह अभियान सांस्कृतिक मंत्रालय के नेतृत्व में चलाया जा रहा है और इस बार इसे 3 चरणों में आयोजित किया गया है। इसकी शुरुआत वर्ष 2022 में हुई थी। तब से ये हर वर्ष स्वतंत्रता सप्ताह का एक अहम हिस्सा बन चुका है। हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम का मकसद प्रत्येक नागरिक को इस स्वतंत्रता दिवस के जश्न में शामिल करना है। यह अभियान बच्चों में राष्ट्र प्रेम, संवेदनशीलता और देश के प्रति सम्मान को बढ़ावा देता है।

शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# किसानों ने निकाला तिरंगा ट्रैक्टर मार्च, अपनी मांगें रखीं







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बुधवार को भाकियू पदाधिकारियों ने हाईकमान के निर्देश पर शहर में तिरंगा ट्रेक्टर मार्च निकाला। ट्रेक्टर मार्च शहर के करनाल रोड़ से प्रारंभ होकर कलक्ट्रेट जाकर पहुंचा। सैकडों की संख्या में ट्रेक्टर मार्च में शामिल रहे, जिससे शहर में जाम की स्थिति बनी रही। बाद में भाकियू पदाधिकारियों ने देश की राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन डीएम को सौंपा।

बुधवार को शहर के करनाल रोड़ स्थित एमएस फार्म से भाकियू पदाधिकारियों ने तिरंगा ट्रेक्टर मार्च निकाला। मार्च में सैकडों की संख्या में ट्रेक्टर लेकर भाकियू पदाधिकारी शामिल हुए। ट्रेक्टर मार्च शामली के झिंझाना रोड, विजय चौक, फव्वारा चौक, वर्मा मार्किट, शिव चौक, धीमानपुरा, गुरूद्वारा तिराहा, एसटी तिराहा से होता हुए शामली कलक्ट्रेट जाकर संपन्न हुआ। इस दौरान भाकियू पदाधिकारियों ने के ट्रेक्टर मार्च को लेकर कलक्ट्रेट गेट पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। भाकियू पदाधिकारियों ने ट्रेक्टरों को लेकर कलक्ट्रेट में प्रवेश करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने गेट बंद करते हुए भाकियू पदाधिकारियों को बाहर ही रोक दिया। कलक्ट्रेट में ट्रेक्टरों का प्रवेश करने को लेकर भाकियू पदाधिकारियों व पुलिसकर्मियों की तीखी नोकझोक भी हुई और किसान अंदर जाने की मांग पर अडे रहे। जिसके बाद 10 ट्रेक्टरों को कलक्ट्रेट परिसर में प्रवेश देने की सहमति के बाद मामला शांत हुआ।

जिसके बाद जिलाध्यक्ष सांता प्रधान ने देश के राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन डीएम को सौंपा। जिसमें 6 सूत्रीय मांगों को पूरा करने की मांग की। इस अवसर पर मास्टर जाहिद, कपिल खाटियान, मेनपाल चौहान, कुलदीप पंवार, राजेश प्रधान, गौरव चौहान, देवराज पहलवान, ब्रह्मपाल नाला, बिजेंद्र सैनी, पप्पू पंवार, योगेंद्र पंवार, मुस्तकीम प्रधान, इंतजार प्रधान, ईनाम उर्फ कालू, रहीस पठान, अमरदीप लाठियान, इमरान मेंबर, मेहरदीन, मुनशाद खुरगान, पुष्पेंद्र मान, अनुज पंवार भारसी, मुनव्वर, लोकेंद्र उर्फ लोकी आदि मौजूद रहे।

**ये हैं मांगें**

दिए ज्ञापन में भाकियू पदाधिका. रियों ने कहा कि अमेरिका द्वारा थोपे गए 25 प्रतिशत टैरिफ का विरोध करे। सीईटीए ने यूके से प्रोसेस्ट फूड, डेयरी, सब्जियां और फल का आयात बढा दिया है। इसने भारत में फूड प्रोसेसिंग में विदेशी निवेश को बढाया है। जिससे किसानों की आय और छोटे कृषि व्यावसायों को नुकसान पहुंचेगा। एनपीएफएएम नही चाहिए। राष्ट्रीय सहकारी नीति नही चाहिए। कहा कि सभी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी की गारंटी और सरकारी खरीद सुनिश्चित की जाए। समग्र कर्जकाफी की जाए। माईक्रो फाईनेंस कंपनियों द्वारा किया जा रहा उत्पीडन बंद किया जाए। बिजली क्षेत्र में निजीकरण बंद किया जाए और स्मार्ट मीटर लगाया न जाए। लंबित बिजली बिलों का माफ किया जाए। ग्रामीण क्षेत्र को 300 यूनिट मुफ्त बिजली दी जाए। ग्रामीण इलाकों को प्रतिदिन 18 घंटे बिजली उपलब्ध हो, जिसमें सिंचाई के लिए पंप सेट शामिल हो। पंजाब सरकार की लैंड पूलिंग नीति को अस्वीकार किया जाए। उन्होने कहा कि 2013 का एलएआरआर अधिनियम सख्ती से लागू किया जाए।

## तिरंगा यात्रा से लगा भीषण जाम

**शामली।** शहर में बुधवार को अनेकों स्थानों से तिरंगा यात्रा निकाले जाने से शहर में भीषण जाम लग गया। जाम लगने से नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पडा। घंटों जाम में फंसे वाहन चालक अपने निकलने की प्रतीक्षा करते रहे। जाम को खुलने के लिए ट्रेफिक पुलिस सडकों से नदारद मिली।

बुधवार को हर घर तिरंगा अभियान को लेकर शहर में अनेकों तिरंगा यात्राऐं निकाली गई। जिसमें मुख्य रूप से भाकियू द्वारा निकाला गया तिरंगा ट्रेक्टर मार्च शामिल रहा। उक्त ट्रेक्टर मार्च में 100 से अधिक ट्रेक्टर शामिल होने से पूरे शहर में जाम लग गया। करीब एक घंटे तक ट्रेक्टर मार्च शहर से होकर निकला जो भीषण जाम लग गया। जाम शहर के शिव चौक से प्रारंभ होकर भिक्की मोड, अग्रसैन पार्क, वर्मा मार्किट, फव्वारा चौक तक लगा रहा। जाम इतना भीषण था कि कई स्थानों पर वाहन चालकों को निकलने की जगह नही मिली।

दुपहिया वाहन चालक को बाजार और कालोनियों के रास्तों से होते हुए गुजरे। जिससे कालोनी वासी भी परेशान रहे। भाकियू के ट्रेक्टर मार्च की पूर्व में ही घोषणा की गई थी, लेकिन जिला पुलिस प्रशासन द्वारा शहर में ट्रेक्टर मार्च से निपटने के लिए पूर्व में कोई व्यावस्था नही की गई। चौराहों से ट्रेफिक पुलिस व सिविल पुलिस गायब मिली। जिससे जाम खुलने में समय लग गया। लोगों स्वयं की जाम को खुलवाते रहे और जाम से जूझते रहे। ट्रेक्टर मार्च के घंटों बाद जाम की स्थिति सामान्य हो सकी।

**शामली।** किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर बुधवार को भारतीय किसान यूनियन ने विशाल ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा रैली निकाली। इस रैली में जिले के सभी ब्लॉकों से हजारों किसान ट्रैक्टर और बाइकों के साथ शामिल हुए।रैली एम।एस। फार्म, शामली से शुरू होकर मुख्य बाजार, शिव मूर्ति होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची, जहां किसानों ने जोरदार प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने कॉम्प्रिहेन्सिव इकोनॉमिक एंड ट्रेड एग्रीमेंट नहीं चाहिए, अमेरिका का फ्री ट्रेड एग्रीमेंट नहीं चाहिए जैसे नारे लगाए और बिजली बिल, गन्ना भुगतान, आवारा पशुओं की समस्या, एमएसपी, बढ़ती विद्युत दर सहित अन्य मुद्दों पर अपनी मांगें उठाईं। ज्ञापन शांता प्रधान, जिला अध्यक्ष मो. हित शर्मा (युवा जिलाध्यक्ष) और कविता चावला (महिला विंग जिलाध्यक्ष) के नेतृत्व में दिया गया। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।इस मौके पर मौजूद प्रमुख पदाधिकारी व कार्यकर्ता मास्टर जाहिद (प्रदेश संगठन मंत्री), कपिल खाटियान (प्रदेश उपाध्यक्ष), मेनपाल चौहान (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष), कुलदीप पंवार (प्रदेश प्रवक्ता), राजेश प्रधान (युवा मंडल अध्यक्ष), गौरव चौहान, देव. राज पहलवान (मंडल प्रवक्ता), ब्रह्मपाल नाला (मंडल उपाध्यक्ष), बिजेंद्र सैनी (मंडल सचिव), पप्पू पंवार (जिला सचिवऋ) योगेंद्र पंवार, मुस्तकीम प्रधान, इंतजार प्रधान (ब्लॉक अध्यक्ष कैराना), ईनाम उर्फ कालू (नगर अध्यक्ष कैराना), रहीस पठान (नगर अध्यक्ष कांधला), इमरान मेंबर (चौसाना), मिंटू सैनी (तहसील अध्यक्ष कैराना), मेहरदीन (तितरवांडा), इनाम, शाहरुख चौधरी (कैराना), असजद तोमर (हाथछोया), रवि जागलान, इमदाद. ुला नदवी, नवाब अली, अरविन्द (खोड़समा), अमरपाल बालियान (नगर अध्यक्ष शामली), मुकम्मिल पहलवान, इसराइल, कमलेश चौधरी, आशीष चौधरी, बूटा सिंह प्रधान, मुनशाद (खुरगान), पुष्पेंद्र मान, अनुज पंवार (भारसी), मुनव्वर, लो. केंद्र उर्फ लोकी, कपिल, नरेश कुमार, मनीष सैनी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**थानाभवन।** किसानों की विभिन्न समस्याओं को एचलेकर आज भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश संगठन मत्री मास्टर जाहिद अली के नेतृत्व मे गांव सोंता रसुलपुर से तिरंगा यात्रा निकाली गई जो हरड फतेहपुर कैड़ी हिंड महावतपुर सिक्का होती हुई शामली पहुंची जहां संगठन की और से राष्ट्रपति को प्रेषित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया मास्टर जाहिद ने बताया किसानों ने बिजली बिल, गन्ना भुगतान और, आवारा पशुओं की, एम एस पी, बढ़ती विद्युत दर के विरोध,अन्य मुद्दों को लेकर अपनी मांगें उठाईं और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन शांता प्रधान जिला अध्यक्ष मोहित शर्मा युवा जिलाध्यक्ष, कविता चावला महिला विंग जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में दिया गया। किसानों ने चेता. वनी दी कि यदि उक्त मांगों को एवं समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगे तिरंगा यात्रा मे

मास्टर जाहिद प्रदेश संगठन मंत्री, कपिल मेनपाल चौहान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, कुलदीप पंवार प्रदेश प्रवक्ता, राजेश प्रधान , गौरव चौहान, देवराज पहलवान बिजेंद्र सैनी आदि मौजूद रहे।

# थानाभवन सीएचसी की हालत खस्ता

## विधायक अशरफ अली खान ने डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से मिलकर जर्जर हालत सुधारने की मांग की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली/थानाभवन।** थानाभवन विधानसभा क्षेत्र के साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की जर्जर इमारत और कर्मचारियों के आवास की बदहाल स्थिति को लेकर क्षेत्र के विधायक अशरफ अली खान ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। इसी मुद्दे को लेकर उन्होंने बुधवार को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रज. ेश पाठक से लखनऊ में मुलाकात की और एक पत्र सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की।विधायक ने अपने पत्र में स्पष्ट किया कि कस्बा थानाभवन स्थित स्मुदायिक स्वाथ्य केंद्र की मुख्य बिल्डिंग और कर्मचारियों के आवास लंबे समय से मरम्मत के अभाव में बेहद जर्जर हो चुके हैं। भवन की दीवारों में दरारें, छत का कमजोर ढांचा और अन्य संरचनाओं की खस्ताहाल स्थिति के कारण किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने कहा कि यह स्मुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाखों की आबादी को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता है, लेकिन इसकी वर्तमान



स्थिति न केवल स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए खतरा है बल्कि मरीजों और आम नागरिकों की सुविधा और स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता पर भी गंभीर असर डाल रही है।अशरफ अली खान ने इस मुद्दे को जनहित का विषय बताते हुए उप मुख्यमंत्री से तुरंत कार्रवाई करने का आग्रह किया। उन्होंने मांग की कि संबंधित विभागों को निर्देश देकर शीघ्र निरीक्षण कराया जाए और आवश्यक मरम्मत एवं पुनर्निर्माण कार्य बिना देरी के शुरू किया जाए, ताकि भविष्य में किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोका जा सके।मुलाकात के दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विधायक की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि मामले की जांच कराकर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

**शामली।** वहीं रालोद को प्रदेश महासचिव विजय कौशिक ने थानाभवन विधायक अशरफ अली खान के साथ डिप्टी सीएम ब्रिजेश पाठक से मुलाकात की। इस दौरान उन्होने मांग पत्र देकर शामली-सहारनपुर मार्ग से करनाल बाईपास अम्बा विहार कालोनी के चौराहे का नाम भगवान परशुराम चौक बनाने की मांग की।

बुधवार को राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव विजय कौशिक ने थानाभवन विधायक अशरफ अली खान के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के डिप्टी सीएम ब्रिजेश पाठक से मुलाकात की। इस दौरान उन्होने डिप्टी सीएम को पत्र देते हुए कहा कि गृह जनपद शामली में चारो और बाईपास का निर्माण कार्य सरकार द्वारा कराया गया है। जोकि सरकार का एक सराहनीय कार्य है। जिसमें शामली में कई चौराहों का निर्माण हुआ है।

जिसमें एक चौराहा शामली-सहारनपुर मार्ग से करनाल बाईपास के निकट अम्बा विहार कालोनी पर भी है। जिस पर ब्राहमण समाज भगवान परशुराम चौक की स्थापना करना चाहता है। उन्होने कहा कि जनपद शामली में शामली-सहारनपुर मार्ग से करनाल बाईपास के निकट अम्बा विहार कालोनी पर भगवान परशुराम चौक बनाने की स्वीकति प्रदान की जाए। जिससे समस्त ब्राहम्ण समाज आजीवन आभारी रहेगा।

# विधायक अशरफ अली खान ने कृष्णा नदी पर पुल व सड़क निर्माण का मुद्दा उठाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** कस्बे के काला वाले घाट निकट कृष्ण नदी उमरपुर मार्ग पर किसानों व ग्रामीणों के आवाजाही में हो रही परेशानी को देखते हुए। थानाभवन विधायक अशरफ अली ने विधानसभा सत्र के दौरान कार्य संचालन नियमावली 1958 के नियम 51 के अन्तर्गत पुल व सडक निर्माण कराए जाने की मांग विधानसभा में रखी।

इस मार्ग से निकटवर्ती गांव उमरपुर, देखोगी जमालपुर, इरशादपुर माजरा, आदि ग्रामों के ग्रामीणों व किसानों को अपने खेतो में जाने के लिए बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बरसात के मौसम में इस स्थान मार्ग से आने-जाने में बहुत कठिनाइयां होती हैं, गत वर्षो में वर्षा ऋतु के समय में पानी अधिक आ जाने के कारण कई बार दुर्घटना भी हो चुकी है।इस मार्ग पर नगर पंचायत द्वारा अस्थाई पुल बनाया गया था। परंतु भरी बारिश के चलते कृष्ण नदी में ज्यादा पानी आने पर पानी पुल के ऊपर से गुजरता है, जिससे लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ता है। क्षेत्र वीडियो द्वारा लगातार पुल व सड़क के निर्माण की मांग की जा रही थी। नागरिकों की परेशानी का संज्ञान लेते हुए विधायक अशरफ अली ने विधानसभा में इसके निर्माण का मुद्दा उठाया है। जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए सिंचाई विभाग शामली के अधिकारियों द्वारा मौके का स्थलीय निरीक्षण किया।इस दौरान उनके साथ श्याम बाबू खां व विधायक पुत्र शायान अली खघन ने कस्बा वासियो के साथ मौके पर जाकर निरीक्षण कराया। जिससे क्षेत्रवासियों की उक्त समस्या का शीघ्र समाधान होने की आस जगी है। और विधायक द्वारा नागरिकों पुल व सड़क की समस्या को विधानसभा में उठाए जाने से लोगों में खुशी की लहर है।

## एक नजर

### अंतर्राष्ट्रीय टीम में चयन होने पर किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**शामली।** शहर के बीएसएम स्कूल में कक्षा 11 के अक्षित कुमार का शूटिंग में अंतर्राष्ट्रीय टीम में चयनित होने पर स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य राहुल चौधरी ने बताया कि विद्यालय के अक्षित कुमार ने नेशनल प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया और पूरे विद्यालय परिवार का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया। यह शूटिंग प्रतियोगिता मेरठ के मवाना रोड स्थित एमआईईटी पब्लिक स्कूल में 1 अगस्त से 4 अगस्त तक आयोजित हुई। सीबीएसई अंडर 17 शूटिंग क्लस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बीएसएम विद्यालय के कक्षा 11 के प्रतिभाशाली छात्र अक्षित कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नेशनल प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। अब अक्षित 11 सितंबर से 15 सितंबर तक जेपी पब्लिक स्कूल कसना रोड ग्रेटर नोएडा में होने वाली नेशनल शूटिंग चौंपियनशिप में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर मैनेजर छाया सिंह और चौयरमेन सूर्यवीर सिंह ने भी अक्षित कुमार को बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर उप प्रधानाचार्या आशु पंडित मौजूद रही।

### चंदन लाल नेशनल इंटर कॉलेज में मानक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के चंदन लाल नेशनल इंटर कालेज में मानक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता भारतीय मानक ब्यूरो देहरादून शाखा के तत्वावधान में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विजई छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कस्बे के चंदन लाल नेशनल इंटर कालेज में दैनिक जीवन में मानकों के महत्व उनकी भूमिका ओर गुणवत्ता ओर जांच प्रक्रिया बढ़ाने के उद्देश्य से मानक लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई।जिसमें 27 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। अध्यक्षता कर रहे कालेज के प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने मां सरस्वती के समक्ष माल्यार्पण ओर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर भारतीय मानक ब्यूरो के रिसोर्स पर्सन सचिन प्रताप ने बताया कि ब्यूरो का मुख्य उद्देश्य दैनिक जीवन में उपयोग की जाने वाली वस्तुओं, सेवाओं ओर प्रणालियों के मानकों को सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि हमें हमेशा ही भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा प्रमाणित वस्तुओं का ही उपयोग करना चाहिए। छात्रों को आईएसआई मार्क, इलेक्ट्रॉनिक चिह्न ओर बीआईएस हालमार्क के बारे में जानकारी दी। प्रतियोगिता में गोरी जैन व सामिया ने प्रथम, रुद्र चौहान व नितीश ने दूसरा और सना ओर जोया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजई छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### किसान की ट्रॉली चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**झिंझाना।** क्षेत्र के गांव ख्वाजपुरा में खेत में खड़ी किसान की चार पहिया ट्राली को चोरों द्वारा चोरी कर लिया।जिसकी जानकारी किसान द्वारा खेत पर पहुंचने पर हुई। किसान ने ट्राली की खोज की तो गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोर ट्राली ले जाते हुए दिखाई दिए। जिसके बाद पीड़ित किसान द्वारा पुलिस को तहरीर दी गई। बुधवार को क्षेत्र के गांव ख्वाजपुरा निवासी किसान कुर्बान पुत्र इस्तियाक ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि खेत में उसकी चार पहिया ट्राली खड़ी थी। जिसको रात्रि में चोरों द्वारा चोरी कर लिया।जब खेत में जाकर देखा तो ट्राली नहीं मिली।जब ट्राली को तलाश करने के लिए सीसीटीवी कैमरे देखें गए तो केमरे में चोर ट्राली ले जाते दिखाई दिए। जिनको पहचान लिया गया है,जो आखिल, गुलफान, इरफान पुत्रगण नानू, अय्यूब पुत्र कादा निवासी बड़ा ख्वाजपुरा है। कोतवाली प्रभारी जितेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि मामला लेन देन का है कोई चोरी नहीं हुई है।

# युवक पर लाठी डंडों से किया हमला, घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र गांव भारसी निवासी एक युवक ने गांव के ही एक युवक पर लाठी डंडों से मारपीट करने व तमंचे से जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।पीड़ित ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना क्षेत्र के गांव भारसी निवासी बॉबी पंवार पुत्र रविंद्र ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि वह बुधवार की सुबह को पीड़ित अपने गांव में ही नाई की दुकान पर सेविंग करवाने के लिए गया था। पीड़ित का आरोप है कि गांव का ही राजेंद्र पीड़ित के परिवार से रंजिश रखता है। आरोप है कि सेविंग कराते समय राजेंद्र भी मौके पर आ गया और पीड़ित के साथ गाली गलौज करने लगा।

पीड़ित ने विरोध किया तो राजेंद्र ने लाठी डंडों से पीड़ित के साथ मारपीट कर दी और तमंचे से जान से मारने की धमकी देने लगा। शोर शराबा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। पीड़ित ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# वीरो वाला मंदिर की दीवार गिरी, परेशानी बढ़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के मोहल्ला बरखंडी रोड स्थित वीरों वाला मंदिर की दीवार बुधवार को गिर गई। दीवार गिरने से मंदिर के बाहर जल निकासी बाधित हो गई और गंदा पानी सड़क पर फैल गया, जिससे श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। नागरिकों ने नगर पालिका पर नाले का निर्माण न कराए जाने और फैली गंदगी के विरोध में प्रदर्शन करते हुए विरोध जताया है।

पिछले लंबे समय से नगर पालि. का द्वारा बरखंडी रोड की सड़क और नालियों का निर्माण न कराए जाने से नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार सवेरे नाले का निर्माण न होने से वीरों वाला मंदिर



की दीवार की नींव में पानी भरने से दीवार गिर गई। जिससे निकलने वाला मलबा नाले में जमा हो गया और जल निकासी पूरी तरह से बाधित हो गई। जिसके बाद गंदा पानी सडकों पर फैल गया और जलभराव की स्थिति पैदा हो गया। जलभराव होने से सवेरे मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को भी परेशानियां हुई है। जिनको गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पालिका द्वारा नाले का निर्माण न किए जाने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई। श्रद्धालुओं ने घटना के बाद प्रदर्शन करते हुए नगर पालि. का पर विकास कार्यों में लापरवाही बरतने के आरोप लगाए। सभासद अजीत निर्वाल ने बताया कि नाले के निर्माण के लिए प्रस्ताव पास हो गया है वर्क ऑडर भी हो रखे है, लेकिन चेयरमैन हठधर्मिता दिखाते हुए कार्य नही करा रहे है। जिससे जनता परेशान है। उन्होने कहा कि यदि जल्द सडकों और नालियों का निर्माण नही हुआ तो वह आन्दोलन करेगे।

# कृष्ण जन्माष्टमी पर मृदुल कृष्णा कांत ने कथा कर किया भाव विभोर

**शामली।** बुधवार को शहर के माजरा रोड़ स्थित शौर्य पैलेस में कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर मदभागवत कथा का शुभारंभ वृंदावन से पधारे मृदुल कृष्णा कांत महाराज ने कराया। किया। इससे पूर्व शहर के सत्यनारायण शिव मंदिर रेलवे रोड़ से कलश यात्रा निकाली गई।

बुधवार को कलश यात्रा का शुभारंभ प्रसिद्ध कथा व्यास अरविन्द .ष्टा महाराज ने किया। कलश यात्रा सत्यनारायण इंटर से प्रारंभ होकर शिव चौक, भिक्की मोड, माजरा रोड से होते हुए शौर्य पैलेसे में जाकर संपन्न हुई। कलश यात्रा में महिलाऐं





सिर पर कलश लेकर शामिल रही, जिनका अनेकों स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। इससे पूर्व पंडित कैशला पाठक ने विधि विधान से पूजा अर्चना संपन्न कराई।

यजामान तरूण संगल, पत्नी कविता संगल व विपिन कुमार मित्तल व सालिनी मित्तल सह पत्नी यजमान रहे। इस दौरान देवी देवतओं को विरा. जमान किया गया। इस अवसर पर प्रसाद भी वितरित किया गया। वही देर शाम वृंदावन से पधारे मृदुल कृष्णा कांत महाराज ने मद भागवत कथा सुनाते हुए श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। उन्होने कहा कि मद्भागवत का हिन्दू धर्म में बहुत महत्व है। यह एक पवित्र ग्रंथ है जो भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का मार्ग दिखाता है। भागवत कथा सुनने से मन शुद्ध होता है, संशय दूर होते हैं और शांति मिलती है। यह ग्रंथ जन्म-मृत्यु के चक्र से मुक्ति दिलाने में भी सहायक हो सकता है। मौके पर संजय मित्तल, अजय मित्तल, रितेश गोयल, मनीष मित्तल, रामतीर्थ गोयल, रामकिशोर, नंद किशोर, रितेश, तनिश मित्तल, संजीव कुमार, शिवम संगल, अभिषेक मित्तल, अमित गोयल, मिनाक्षी मित्तल, प्रिया मित्तल, कविता संगल, सारा मित्तल आदि मौजूद रहे।

# मुठभेड़ में लगी बदमाश को गोली



शाह टाइम्स संवाददाता

**नागल।** मंगलवार रात कस्बे के पांडोली रोड पर वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस की बदमाशों के साथ मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया जबकि दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। घायल बदमाश की पहचान गांव पांडोली निवासी गौकश नाजिम पुत्र कय्यूम के रुप में हुई।

मिली जानकारी के मुताबिक थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद्र सिंह ने बताया कि मंगलवार रात उपनिरीक्षक महेश चंद्र पुलिस टीम के साथ पांडोली रोड के रेलवे ओव. रब्रिज के निकट वाहन चेकिंग कर रहे थे। गांव पांडोली की ओर से एक बाइक पर सवार दो व्यक्तियों को रो. कने का इशारा किया तो वह पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए जंगल के रास्ते भागने लगे। सूचना पर वह स्वयं भी घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस के द्वारा आत्मारक्षा के लिए चलाई गई गोली एक बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो। गया जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया।

पुलिस ने उसके कब्जे से गौकशी के उपकरण बरामद करते हुए एक तमंचा,एक कारतूस 315 बोर एवं एक खोखा कारतूस 315 बोर बरामद करते हुए बिना नंबर की एक सीडी डान बाइक बरामद की है। घायल गौकश को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया है। गिरफ्तार किए गए नाजिम के विरुद्ध थाना नागल सहित जनपद के कई थानों पर दर्जनभर गौकशी संबंधी मुकदमे दर्ज है और नागल थाने का हिस्ट्रीशीटर है।

# कॉरपोरेट नीतियों के खिलाफ सौंपा मांग पत्र

शाह टाइम्स संवाददाता

**छुटमलपुर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत के नेतृत्व में किसानों ने कॉरपोरेट नीतियों और सरकार की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार आवाज बुलंद की। फतेहपुर थाना प्रभारी सचिन पूनिया को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के नाम एक मांग पत्र सौंपा गया, जिसमें किसानों की गंभीर समस्याओं और मांगों को रेखांकित किया गया। नदीम अंसारी द्वारा प्रस्तुत इस पत्र में बहुराष्ट्रीय कंपनियों के बढ़ते दखल, बिजली निजीकरण, और भूमि अधिग्रहण जैसे मुद्दों पर कड़ा विरोध जताया गया।

मांग पत्र में कहा गया कि ब्म्ज। और अमेरिका के साथ प्रस्तावित थ्ज। से भारतीय किसानों की आजीविका खतरे में है। ये नीतियां ळड फसलों और विदेशी उत्पादों के आयात को बढ़ावा देती हैं, जिससे स्थानीय किसानों और छोटे कृषि व्यवसायों को नुकसान होगा।ै ज्ञड ने अमेरिका द्वारा लगाए गए 25% टैरिफ को भारत की संप्रभुता पर हमला करार देते हुए इसका विरोध किया। इसके अलावा, छच्थ्।ड और छब्ब् जैसी नीतियों को खारिज करते हुए मांग की गई कि ये कॉरपोरेट्स को फायदा पहुंचाने वाली हैं, जो किसानों की स्वतंत्रता और आत्मनिर्भर खेती को खत्म कर देंगी।

किसानों ने बिजली बिल माफी, ग्रामीण क्षेत्रों में 300 यूनिट मुफ्त बिजली, और 18 घंटे बिजली आपूर्ति की मांग की। पंजाब की लैंड पूलिंग नीति को अस्वीकार करते हुए 2013 के स्।त्त् अधिनियम को सख्ती से लागू करने की मांग की गई। पुराने ट्रैक्टरों पर प्रतिबंध को कॉरपोरेट मुनाफे की साजिश बताते हुए इसे रद्द करने की अपील की गई। साथ ही, सभी सरक. ारी पेंशन को 10,000 रुपये करने और वन अधिकार अधिनियम 2006 को लागू करने की मांग उठी।



किसानों ने माइक्रो फाइनेंस कंपनियों के उत्पीड़न को रोकने और ब्याज मुक्त ऋण के लिए सहकारी समितियों की स्थापना का प्रस्ताव रखा।

मध्य प्रदेश के नए भूमि अधिग्रहण कानून को किसान विरोधी बताते हुए इसे देशभर में लागू करने की कोशिशों का विरोध किया गया।

चौधरी नरेश टिकैत ने किसानों से एकजुट होकर पलटवार करने का आह्वान किया।

# प्लेसमेंट ड्राइव में 45 छात्रों का चयन




शाह टाइम्स संवाददाता

**नागल।** इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी उमाही कोटा में बीटेक एवं पॉलिटेक्निक के छात्रों हेतु एक प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमें 45 छात्रों का चयन किया गया।

प्लेसमेंट ड्राइव में बीटेक व पॉलिटेक्निक के अंतिम वर्ष एवं पास आउट कुल 128 छात्रों ने प्रतिभाग किया। कंपनियों द्वारा प्रारंभ में छात्रों की लिखित परीक्षा ली गई। लिखित परीक्षा एवं ग्रुप डिस्कशन में पास छात्रों का साक्षात्कार हुआ जिसमें कुल 45 छात्र चयनित हुए। चयनित छात्रों को कंपनी द्वारा ऑफर लेटर प्रदान किए गए। संस्था की निदेशक डॉ अंजू वालिया ने बताया कि बीटेक एवं पॉलिटेक्निक के छात्रों हेतु आज एक प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन कराया जा रहा है। उन्होंने सभी चयनित छात्रों को बधाई दी तथा अचयनित छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए आश्वासन दिया कि कॉलेज का ट्रेनिंग प्लेसमेंट विभाग लगातार छात्रों के प्लेसमेंट के लिए कार्य कर रहा है। भविष्य में उन्हें और विकल्प मिलते रहेंगे। संस्था के उपनिदेशक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि कुल 45 छात्र प्लेसमेंट ड्राइव में चयनित हुए हैं तथा कंपनी द्वारा छात्रों को ऑफर लेटर प्रदान किए गए हैं। जल्दी ही जॉइनिंग हेतु छात्र कंपनी में रिपोर्ट करेंगे। उन्होंने प्लेसमेंट हेतु आए कंपनी प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें सम्मानित किया। संस्था के चेयरमैन डॉ एस सी कुलश्रेष्ठ ने सभी चयनित छात्रों को शुभकामनाएं दी। प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन सूर्यकांत व ओमपाल ने कराया।

# कच्चे मकान की छत गिरी

**चिलकाना।** क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश के कारण एक गरीब दम्पत्ति के कच्चा मकान की छत भरभराकर गिर गई, पीड़ित मजदूरी करके अपने परिवार का पालन कर रहा है, गरीब का आशियाना गिर जाने से अब वह खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है।

मिली जानकारी के मुताबिक चिलकाना क्षेत्र के गांव चौंराकला निवासी फरहत खां पुत्र कामिल के कच्चे मकान की छत कंई दिनों से हो रही बारिश के चलते मंगलवार दोपहर के समय अचानक भरभरा कर गिर गई, गनीमत यह रही कि जब मकान की छत गिरी उस समय मकान के अन्दर कोई भी नही था, जिससे किसी प्रकार की जनहानि तो नही हुई, लेकिन मकान के अन्दर रखा अधिकांश सामान टूट फूटकर



चूरा बन गया, मकान के अंदर रखा राशन का सभी सामान भी जमींदोज हो गया। गरीब दम्पत्ति जो कि पहले से मजबूरी व असहाय जीवन व्यतीत कर रहे थे अचानक मकान गिर जाने से खुले आसमान के नीचे आ गए है। पीडित जो कि मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था अब घर गिरने से उसके पास कोई रहने का आशियाना नही रहा। पीड़ित ने प्रशासन से मदद की गुहाई लगाई है।

## नो हेलमेट नो फ्यूल की अनदेखी

शाह टाइम्स संवाददाता

**छुटमलपुर।** सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए लागू ष्नो हेलमेट, नो फ्यूलष नियम की खुलेआम अनदेखी हो रही है। एसएसपी आशीष तिवारी के सख्त आदेश के बावजूद, छुटमलपुर देहरादून रोड पर स्थित भारत पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चालकों को आसानी से पेट्रोल दिया जा रहा है।

चौकी इंचार्ज सौरभ यादव ने पहले दिन इस नियम का पालन किया, लेकिन इसके बाद वह जानबूझकर अनजान बने हुए हैं। पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट वालों को ईंधन मिलने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस की लापरवाही के कारण यह नियम केवल कागजों तक सीमित रह गया है।

## विधायक ने उठाई चिलकाना को तहसील बनाने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**चिलकाना।** नकुड विधानसभा विधायक मुकेश चौधरी ने विधानसभा सदन में नियम 51 के अंतर्गत कस्बा चिलकाना को तहसील बनाने की मांग की है। बता दें यदि कस्बा चिलकाना को तहसील बनाया जाता है तब विधानसभा क्षेत्र के करीब 250 ग्राम पंचायत के लोगों को लाभ मिलेगा।

विधायक मुकेश चौधरी ने सदन में बोलते हुए कहा कि चिलकाना क्षेत्र के लोगों को जिला मुख्यालय स्थित सहारनपुर सदर तहसील कार्यालय जाने के लिए 25 किमी की दूरी तय करनी पड़ती है। सहारनपुर जाना उनके लिए भारी दिक्कतों भरा है। विधायक ने कहा कि चिलकाना को तहसील बनाने से क्षेत्र के लोगों को प्रशासनिक कार्यों के लिए सहारनपुर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। तहसील बनने से उनकी मुश्किलें कम होंगी। विधायक द्वारा की गई इस मांग के बाद चिलकाना के आसपास के 250 गांवों में खुशी की लहर है। क्षेत्रीय निवासी हरिचंद प्रधान, मुकेश शर्मा, रामनाथ धीमान, सौरभ कांबोज, जायर हुसैन चांद, पूर्व प्रधान तेजपाल सैनी, चौधरी तेजपाल, कन्हैया सैनी, महमूद प्रधान, इरफान, दीपक सैनी व विपिन धीमान आदि का कहना है कि विधायक की इस मांग से क्षेत्र के विकास को और गति मिलेगी। लोगों को प्रशासनिक कार्यों के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी।

# चकबंदी अधिकारियों ने किसानों से प्रस्ताव मांगा

शाह टाइम्स संवाददाता

बिहारीगढ़। तहसील बेहट क्षेत्र के गांव बादशाहपुर एवं खुशहालीपुर में चकबंदी प्रक्रिया शुरू करने से पहले विभागीय अधिकारियों ने गांव में पहुंचकर किसानों के साथ बैठक की और उनसे चकबंदी शुरू करने के लिए सहमति पत्र (प्रस्ताव) मांगा। इस दौरान किसानों के मन में अनेक तरह की आशंकाएं थीं उन्हें दूर करने के लिए कई तरह के सवाल-जवाब कर किसानों ने संतुष्टि हो जाने पर हस्ताक्षर युक्त लिखित प्रस्ताव सौप दिया है।

गौरतलब है कि गांव बादशाहपुर में लगभग 5200 बीघा कृषि रकबा है, जिसमें 2200 बीघा जमीन किसानों के नाम दर्ज है शेष 3 हजार बीघा जमीन सरकारी ग्राम समाज तथा नदी-नालों में दर्ज है। कुछ गरीब



लोगों ने नदी खालो की सरकारी जमीन सुधार कर उसमें खेती-बाड़ी भी कर रहे हैं। आज बुधवार को चकबंदी विभाग के एसीओ तीरथ पाल सिंह मलिक एवं कानूनगो अरूण कुमार सबसे पहले गांव बादशाहपुर स्थित पंचायत भवन पर आयोजित ग्रामीणों के बीच पहुंचे वहां ग्राम प्रधान सुधीर सैनी द्वारा बुलाई गई आम बैठक में मौजूद किसानों ने अधिकारियों के सामने वह ज्वलंत सवाल किए चकबंदी विभाग के नायब तहसीलदार (एसीओ) श्री मलिक ने कहा कि चकबंदी के लिए ग्रामीणों को थोड़ा जागरूक होना पड़ेगा तथा बड़े परिवारों को आपसी बंटवारे के लिए सभी तरह की जानकारी समय-समय पर उपलब्ध कराने से चकबंदी संबंधी कोई विवाद नहीं बढ़ता, विवाद बढ़ने से ही चकबंदी प्रक्रिया में देर होती है, इसलिए सभी लोग पारदर्शी तरीके से चकबंदी में सहयोग करें। इसी तरह गांव खुशहालीपुर के लोगों ने भी अपना संदेह दूर करते हुए चकबंदी की प्रक्रिया को शुरू कराने के लिए सहमति दे दी है। बैठक में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान बादशाहपुर सुधीर सैनी, महिपाल सिंह राठौर, हरतेगसिंह, मतलूब, एमके सैनी, तेगसिंह, मो. मिना, सिंधु सैनी, प्रेम सिंह, धीर सिंह, लाखन सिंह, पूर्व प्रधान खुशहालीपुर ध्यान सिंह सैनी, सोनू सैनी, प्रीतम सिंह आदि मौजूद रहे।

## फ्लैग मार्च निकाल कराया सुरक्षा का अहसास

शाह टाइम्स संवाददाता

**चिलकाना।** आगामी राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस एवं अन्य त्यौहारों के दृष्टिगत थाना प्रभारी निरिक्षक चन्द्रसेन सैनी ने भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च कर आमजन को सुरक्षा का एहसास कराया।

स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी पर्व के दृष्टिगत क्षेत्र में कानून एवं शान्ति व्यस्था बनाये रखने तथा सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने के उद्देश्य से थाना प्रभारी निरिक्षक चन्द्रसेन सैनी ने भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दृष्टिगत कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से एसएसपी आशीष तिवारी के निर्देशन में नगर के प्रमुख चौराहो, बाजारों, संवेदनशील स्थानों तथा मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया जा रहा है इसके साथ ही साथ क्षेत्र में सघन वाहन चौकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही भी की जा रही है, तथा सोशल मीडिया की निगरानी की जा रही है।थाना प्रभारी द्वारा सभी से सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भड़काऊ, अशोभनीय, धार्मिक भावना को आहत करने वाली पोस्ट शेयर न करने की हिदायत की गई है। किसी भी प्रकार की भ्रामक एवं भड़काऊ पोस्ट किये जाने पर उक्त व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

# जिलेभर में हर्षोल्लास व उमंग के साथ निकाली तिरंगा यात्रा











शाह टाइम्स संवाददाता

**नकुड।** नगर मे पालिकाध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता के नेतृत्व मे तिरंगा यात्रा निकाली गयी।

पालिकाध्यक्ष के कैम्प कार्यालय से शुरू होकर तिरंगा यात्रा नगर के बस स्टेंड, सदर बाजार, जनक बाजार, मैन बाजार व तहसील मुख्यालय को होती हुई नगर पालिका चौंक पर पंहुचकर संपन्न हुई। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक मुक. ेश चौधरी के भाई विकेश चौधरी ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है। देश की आजादी के लिये अनेक क्रांतिकारियों ने अपने प्राण न्योछावर किये।हमे उन्हे याद रखना चाहिए। पालिकाध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व आम आदमी मे देश के प्रति जज्बा उत्पन्न करते है। उपजिलाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने कहा कि देश की आजादी हर भारतीय के लिये प्रथम रहनी चाहिए। तिरंगा यात्रा मे बडी संख्या मे लोग तिरंगा हाथ मे लेकर देश भक्ति के नारे लगा रहे थे। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख सुभाष चौधरी, तहसीलदार प्रियंक सिंह, पंकज जैन, प्रदीप भांकला संजीव चौधरी, राजपाल प्रधान, उपजिलाधिकारी सुरेंद्र कुमार,त्रिलोक चंद, अमित वर्मा, रामनाथ निरंकारी, पकंज रोहिला, सुरेश सैनी, पूजा कश्यप, वंदना कपिल उपस्थित रहे।

**चिलकाना।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवाहन पर हर घर तिरंगा अभियान की सफलता के लिए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा नगर में तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमे क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

नकुड विधायक मुकेश चौधरी के भाई प्रोफेसर विकेश चौधरी व भाजपा जिला मंत्री सोहन मुखिया तथा मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा के नेतृत्व में नगर में तिरंगा यात्रा निकाली गयी। तिरंगा यात्रा चिलकाना बस स्टैंड से शुरू होकर चिलकाना तथा सुल्तानपुर के मुख्य मार्ग से होती हुई नगर पंचायत कार्यालय पर आकर संपन्न हुई। इस दौरान प्रोफेसर विकेश चौधरी ने कहा कि 15 अगस्त हमें सन 1947 में मिली आजादी की याद दिलाता है, यह दिन अंग्रेजी शासन से मुक्त होकर एक स्वतंत्र राष्ट्र बनने का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान का मुख्य उद्देश्य देश के प्रत्येक नागरिक में देशभक्ति की गहरी भावना जगाना और हमारे राष्ट्रीय ध्वज के महत्व के बारे में बेहतर समझ विकसित करना है। यह कार्य स्वतंत्रता, एकता और लोकतंत्र के मूल्यों को बनाए रखने के हमारे सामूहिक संकल्प का प्रतीक है। इस अभियान का उद्देश्य हमारे देश की संप्रभुता और अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान के प्रतीक के रूप में राष्ट्रीय ध्वज के महत्व को और पुष्ट करना है। इस अवसर पर जायर हुसैन चाँद मियां, थाना प्रभारी चन्द्रसेन सैनी, महामंत्री सौरभ कांबोज, अजय सैनी, दीपक सैनी, पंकज सैनी चेयरमैन, विपिन धीमान, अनुपम जैन, आशु सैनी, यूनुस कुरैशी, विनय कश्यप, रामनाथ धीमान, शशि राणा, सुमन सैनी, हरिचंद प्रधान, अब्दुल हई, महमूद प्रधान, प्रवीण सैनी, प्रकाश चंद व स्कूल के बच्चों सहित सैंकडो लोग मौजूद रहे।

**रामपुर मनिहारान।** ब्लॉक प्रमुख श्रीमती गीता रानी ने कहा कि तिरंगा समस्त देशवासियों को एकसूत्र में पिरोने का काम करता है सभी के दिलों में देशभक्ति की भावना पैदा करता है।।

भाजपा के हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत खण्ड विकास द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।तिरंगा यात्रा का शुभारंभ राज्यमंत्री प्रति. निधि कृष्णचंद सैनी व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विजयपाल सिंह ने किया।तिरंगा यात्रा ब्लॉक कार्यालय से आरंभ होकर बाईपास,ईदगाह रोड़, ईदगाह रोड, मेन बाजार पीठ बाजार आदि स्थानों से होते हुए वापस ब्लॉक कार्यालय पर पहुँच कर सम्पन्न हुई।यात्रा में शामिल लोग भारत माता की जय और वंदे मातरम के गगनभेदी नारे लगा रहे थे।

ब्लॉक प्रमुख श्रीमती गीता रानी ने कहा कि तिरंगा हमारी पहचान है।तिरंगा समस्त देशवासियों को एकसूत्र में पिरोने का काम करता है और सभी के दिलों में देशभक्ति की भावना पैदा करता है।

कृष्णचंद सैनी व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विजयपाल सिंह ने कहा कि देश के लाखों लोगों ने अपना सर्वस्व न्योछावर करके आजादी हासिल की है।इस तिरंगे के सम्मान के लिए भारतवासी अपने प्राणों का बलिदान भी हंसते हंसते दे देते हैं।

इस दौरान बीडीओ सोनिका चौधरी,विक्रम सिंह प्रधान,ओमवीर छोक्कर,जितेंद्र सैनी, राजेंद्र प्रधान,पार्षद सुलेख चंद,इशरत अली,मनोज कुमार,सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

बिहारीगढ। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के आह्वान पर बिहारीगढ़ में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक यात्रा का नेतृत्व जिला महासचिव अजय कांबोज और दिलशाद मलिक ने किया। ट्रैक्टरो पर सवार तिरंगा लहराते हुए क्षेत्र के किसान भारत माता की जय और बंदे मातरम के साथ ही जय जवान जय किसान के नारे लगाते हुए चल रहे थे।

दिल्ली-देहरादून नेशनल हाईवे स्थित मनोहरपुर गांव में रेस्ट एरिया से शुरू होकर तिरंगा यात्रा कस्बा बिहारीगढ़ पहुंची, वहां से वापस लौटने के बाद मनो. हरपुर में ही तिरंगा यात्रा सम्पन्न हुई। सैकड़ों ट्रैक्टरों के काफिले में हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। इस दौरान पूरा क्षेत्र देशभक्ति के नारों और तिरंगों की छटा से सराबोर दिखाई दिया। ग्रामीणों, किसानों, युवाओं और महिलाओं ने उत्साह पूर्वक तिरंगा यात्रा में शामिल होकर देशप्रेम का अभूतपूर्व परिचय दिया है। यात्रा के दौरान जय जवान, जय किसान, वंदे मातरम और भारत माता की जय जैसे नारों से आसमान गूंज उठा। लोगों ने सड़कों पर तिरंगे झंडे लहराकर एकता और अखंडता का संदेश दिया। किसान नेता अजय काम्बोज और मोहम्मद दिलशाद ने कहा कि तिरंगा केवल राष्ट्र का प्रतीक नहीं बल्कि हमारी आत्मा, संघर्ष और स्वाभिमान का प्रतीक भी है। पुलिस प्रशासन की ओर से किए गए पुख्ता इंतजाम ने भी इस कार्यक्रम को चार चांद लगा दिए, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

ब्लॉक मुजफ्फराबाद अध्यक्ष बबली काम्बोज और पंकज काम्बोज ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा न केवल एक सांस्कृतिक आयोजन है, बल्कि किसानों की ताकत और देश के प्रति उनके समर्पण की प्रेरणादायक मिसाल भी बनेगी। उन्होंने घाड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से ट्रैक्टर लेकर तिरंगा यात्रा में शामिल हुए लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संयुक्त रूप से किया जाने वाला हर कार्य सफल होता है। तिरंगा यात्रा में मुख्य रूप से डॉक्टर रणधीर सैनी, बिरम सिंह राठौर, अन्वेश काम्बोज, अमित धीमान, मोहित काम्बोज, आरिफ मिर्जा (सोनी) हाजी रियाजुल हसन, विपुल काम्बोज, गुलजार मलिक (रसूलपुर) सचिन काम्बोज, नफीस अहमद सहित बड़ी संख्या में देशभक्त ग्रामीण और किसान शामिल रहे।

**छुटमलपुर।** जहां एक ओर तिरंगा यात्रा का आयोजन हो रहा है, वहीं दूसरी ओर नगर पंचायत प्रशासन की लापरवाही खुलकर सामने आ रही है। बाजार क्षेत्र में जगह-जगह कूड़े के ढेर जमा हैं, जो न केवल शहर की सुंदरता को दागदार कर रहे हैं, बल्कि स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बन रहे हैं। इस मामले में स्थानीय सभासदों ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी (ईओ) कमलाकांत राजवंशी और चेयरमैन शमा परवीन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सभासद रजत राणा, विकास तोमर और सभासदपति भूपेंद्र शर्मा ने बताया कि उन्होंने कई बार ईओ और चेयरमैन से सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की, लेकिन उनकी शिकायतों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। सभासद रजत राणा का कहना है कि वे बार-बार अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। बाजार की गलियों में कचरे के ढेर न केवल गंदगी फैला रहे हैं, बल्कि स्थानीय व्यापारियों और ग्राहकों के लिए भी परेशानी का सबब बने हुए हैं।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि कूड़े की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। बारिश के मौसम में स्थिति और बदतर हो जाती है, क्योंकि कचरा सड़कों पर बहता है और नालियां जाम हो जाती हैं।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र अरमान आलम को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये थे। अब उसके सही आचरण के कारण फिर उससे सम्बन्ध बहाल कर लिये है। पूर्व की भांति वह परिवार का सदस्य रहेगा।

**श्रीमति सुनैना आलम पत्नि शब्बीर आलम निवासी गणेश विहार, मिल्टन वाली गली निकट ग्रीन सिटी, सहारनपुर**

**Required Principal & Faculty**

For LLb, three -year course Qualification and salary as per UGC, Bar Council of India & Maa Shakumbhari University Saharanpur Norms. Apply within 10 days with all certificates and two Photographs by post or mail.

**Krishna Institute of Law Gangoh,**
**Address-1K.M. Mile Stone, Gangoh,**
**Saharanpur Road, Gangoh, Saharanpur.**
Email-kilgangoh@gmail.com
**Contact No 9897929200,9012100086**

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत स्कूली छात्र-छात्राओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

## देश भक्ति से ओतप्रोत नारों से गूंजा वातावरण





शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारो के बीच तिरंगा यात्रा निकाल स्वतंत्रता सैनानियों के बलिदान को याद किया। मोहल्ला खानकाह स्थित एमएम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली निकाली। रैली खानकाह चौक, कासिमपुरा मार्ग, दारुल उलूम वक्फ, शेखुल हिंद कॉलोनी से होते हुए स्कूल प्रागंण में वापस पहुंचकर सम्पन्न हुई। इस मौके पर मजलिस इत्तेहाद ए मिल्लत के राष्ट्रीय सचिव अथर उस्मानी ने कहा कि देश की आजादी में जिन महान स्वतंत्रता सैनानियों ने बलिदान देकर देश को आजाद कराया। हमें उनके जीवन से सबक लेना चाहिए। उन्होने कहा कि शिक्षको को अपने देश के महान क्रांतिकार्यो की कुर्बानियों को बच्चो को बताना चाहिए ताकि वह भी उनकी कुर्बानियों को याद कर सकें। रैली के दौरान स्कूल की प्रधानाचार्य इफ्फत फात्मा, अध्यापिका निशात फात्मा, खुर्शीदा खातून आदि छात्र-छात्राएं शामिल रहे। **उधर,** आजादी के अमृत महोत्स्व कार्यक्रम के अंतर्गत रैली का आयोजन कर ग्रामवासियों को हर घर तिरंगे का संद. ेश दिया। रैली का शुभारम्भ खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती नीलम तोमर ने किया। खंड संसाधन केंद्र गुनारसा में आजादी के अमृत महोत्स्व कार्यक्रम के अंतर्गत रैली का शुभारंभ करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी नीलम तोमर ने कहा कि साक्षर भारत ही उन्नत भारत होगा। इसलिए हमें अपने कर्तव्य का निर्वाह करते हुए, प्रत्येक बालक -बालिका को निःशुल्क शिक्षा देकर साक्षर करना चाहिए। उन्होंने कहा आजादी अमूल्य है यह संघर्ष, बलिदान और एकता से प्राप्त हुई है, इसकी सुरक्षा हमारा कर्तव्य है। रैली ने गाँव मे घूमकर ग्रामवासियों को हर घर तिरंगे का संदेश दिया। इस अवसर पर शिक्षक व बालक-बालिकाएं शामिल रहे। **वहीं,** गांव नूरपुर स्थित लाला पूरणचंद मैमोरियल इंटर कॉलेज के छात्रों व शिक्षकों ने तिरंगा यात्रा निक. ालकर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ त्रिवेणी शुगर मिल इकाई के प्रमुख पुष्कर मिश्र, प्रबंधक गिरीश कोहली व प्रधानाचार्य डा. सुनीता शाही ने संयुक्त रूप से किया। मनोज कुमार, मधुलिका तंवर, अंजू कथूरिया, राक. ेश पुंडीर, राजकुमार, कुलदीप आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने साइबर ठगी की रकम कराई वापस




शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** साइबर ठगो द्वारा ठगी की गई राशि पीडित को पुलिस ने वापिस कराई। साइबर ठगो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत असदपुर करनजाली निवासी नरेश पुत्र दलीप से ऑन लाइन 35000 रुपए की ठगी किये जाने की शिकायत के बाद ठगी गयी पुलिस की साइबर टीम ने पीडित की रकम वापस कराई। पीडित राशि वापस पाकर खुशी से झूम उठा और कोतवाली प्रभारी नीरिक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा का धन्यावाद किया। ठगी की रकम वापिस कराने वाले साइबर टीम में निरीक्षक सतेन्द्र पाल सिंह, उप निरीक्षक रूपेंद्र सिंह आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे।

# मृतक युवकों के परिजनों को वितरित किए चैक



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** समाजवादी पार्टी ने पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में मारे गए युवकों के परिवारों की आर्थिक सहायता की है। सपा नेता मृतकों के घरों पर पहुंचे और 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि के चेक वितरित किए।

स्टेट हाइवे स्थित जड़ौदा जट गांव के मजरा निहालखेड़ी में स्थित पटाखा फैक्ट्री में साढ़े तीन माह पूर्व विस्फोट हो गया था। जिसमें गांव गुनारसा निवासी विशाल, गांव फतेहपुर निवासी राहुल उर्फ काका और गांव जड़ौदा जट निवासी विकास की मौत हो गई थी। बुधवार को पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान कुरैशी, पूर्व मंत्री मांगेराम कश्यप, पूर्व विधायक माविया अली, देवबंद विधान सभा प्रभारी हैदर अली, वरिष्ठ सपा नेता फरहाद गाड़ा, प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक सभा शाहनवाज मलिक, नगराध्यक्ष रमजानी कुरैशी, अमित गुर्जर, नसीर मलिक आदि सपा पदाधिकारियों ने समा. जवादी पार्टी की तरफ से आए 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि के चेक मृतकों के परिजन संदीप कुमार, रामकुमार और पुष्पा देवी को सौंपे। सपा नेताओं ने मृतकों के परिजनो को सांत्वना देते हुए कहा कि उक्त भयावह घटना ने सभी को झकझोर दिया था। घटना से प्रभावित पीडित परिवारों का गम कभी कम नहीं हो सकता है। समाजवादी पार्टी पीडित परिवारो के दुख में बराबर की शरीक हैं।

# भाकियू ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** भारतीय किसान यूनियन ने तिरंगा रैली निकाल किसानो की विभिन्न मांगो सहित गन्ना मूल्य 700 रुपये प्रति कुंतल घोषित किए जाने को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा।

भारतीय किसान यूनियन से जुड़ी किसान दोपहर के समय मंगलौर चौकी पर एकत्र हुए और हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली निकाली। रैली स्टेट हाइवे से होती हुई उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंची जहां एसडीएम की गैरमौजूदगी में किसानों ने तहसीलदार पुष्पांकर देव को विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन में कहा गया कि किसानों की उनकी फसलों का लाभकारी मूल्य नहीं मिल पा रहा है। इसलिए इस बार गन्ना भाव कम से कम 700 रुपये कुंतल घोषित किया जाए। साथ ही जिन मिलों पर किसानों का गन्ना भुगतान बकाया है, उनसे शीघ्र भुगतान दिलाया जाए। इसके अलावा ज्ञापन में बेहसहारा पशुओं से फसल को हो रहे नुकसान के बारे में अवगत कराते हुए ऐसे पशुओं को पकड़ कर गौशाला में छुड़वाए जाने की मांग भी की गई। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष पहल सिंह चौधरी, ब्लाक अध्यक्ष ललित कुमार, मंडल उपाध्यक्ष श्यामवीर सैनी, जिला संगठन मंत्री ईश्वरचंद आर्य, चौ. हरपाल, चौ. यशपाल, रणजीत सिंह, ईश्वरपाल, नीटू आदि किसान शामिल रहे।

# उधार के पैसे मांगने पर किया घायल

**देवबन्द।** उधार के पैसे मांगने को लेकर हुई कहासुनी के चलते ग्रामीण पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीडित ने पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई किये जाने की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव रणखंडी निवासी सुनील ने बताया कि गांव डांडी थामना निवासी एक व्यक्ति ने उससे कुछ पैसे उधार लिए थे। बुधवार को वह अपने पैसे मांगने गया था जहां पर उसकी कहासुनी हो गई। आरोप है कि जब वह वापस लौट रहा था तो उक्त व्यक्ति ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर घेर लिया और धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। बाद में उसे उपचार के लिए देवबंद सीएचसी में भर्ती कराया गया। पीड़ित ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# काशीवाला में गन्ने की दशा का निरीक्षण



**बढ़ापुर।** गन्ना अधिकारियों व कृषि वैज्ञानिकों की टीम ने क्षेत्र के कई गांवों में गन्ना खेतों का निरीक्षण कर गन्ने की दशा को जाना। जांच में अगेती गन्ना प्रजाति को - 0238 के खेतों में शुरूआती तौर पर लाल सड़न रोग का प्रभाव दिखाई दिया।

जिला गन्ना अधिकारी के निर्देश पर बढ़ापुर क्षेत्र में गन्ना खेतों का निरीक्षण करने आई जिला गन्ना विकास विभाग के अधिकारियों व कृषि वैज्ञानिकों की ने टीम ने क्षेत्र के ग्राम बासोवाला में गन्ना किसान बुद्ध सिंह, रसूलपुर मुजफ्फरनगर में हरि प्रसाद, गोपीवाला में अब्दुल रब, काशीवाला में गुरमेल सिंह व कोटजवाना में ओमेंद्र कुमार के गन्ना खेतों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि जिन किसानों के गन्ना खेतों में अगेती गन्ना प्रजाति को - 0238 की फसल खड़ी है। उन खेतों में एक- प्रतिशत लाल सड़न रोग की उपस्थिति पाई गई जो गन्ने का कैंसर मानी जाने वाली बीमारी लाल सड़न रोग की शुरुआत हैं। निरीक्षण में अन्य गन्ना प्रजाति के गन्ना खेत सामान्य स्थिति में मिले। कृषि वैज्ञानिकों ने गन्ना प्रजाति को 0238 के लाल सड़न रोग से प्रभावित गन्ना खेत स्वामी किसानों को रोग के उपचार व रोग से बचाव की तकनीकी जानकारी दी। निरीक्षण टीम में कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के डॉ. केके सिंह, गन्ना विकास विभाग बिजनौर के डॉ. पिंटू कुमार, सहकारी गन्ना विकास समिति नगीना के सचिव विजयपाल, गन्ना पर्यवेक्षक नंदलाल, सहदेव सिंह, द्वारिकेश चीनी मिल बुंदकी के उप महाप्रबंधक गन्ना लवकुश सिंह, सहायक प्रबंधक गन्ना यशपाल सिंह, गन्ना अधिकारी रामवीर सिंह, कुलवीर सिंह व आलोक कुमार शामिल रहें।

## मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

**कैराना।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक हरियाणवी युवक को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 14.32 ग्राम मादक पदार्थ स्मैक बरामद हुई है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को चालान करके जेल भेज दिया है।

बुधवार को एसपी शामली रामसेवक गौतम के निर्देशानुसार मादक पदार्थो की तस्करी में लिप्त आरोपियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से पुलिस ने 14.32 ग्राम मादक पदार्थ स्मैक बरामद होने का दावा किया है। पकड़े गए आरोपी ने पुलिस पूछताछ में अपना नाम व पता राजखान निवासी खेड़ा मार्किट, वार्ड संख्या-08 लाडवा कुरुक्षेत्र हरियाणा बताया। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की सम्बंधित धारा में अभियोग पंजीकृत करके उसका चालान कर दिया है।

## विव्रत सागर ने दिए प्रवचन

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में बुधवार को प्रवचन देते हुए 108 विव्रत सागर महाराज ने कहा कि अनित्यता के बोध के बिना धर्म का प्रारंभ नहीं होता और नित्य के ज्ञान के बिना धर्म लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने अपने गुरु के उपदेश साझा करते हुए बताया कि गुरु ने उन्हें अनित्यता का बोध कराया और आत्मा के नित्य धर्म से परिचित कराया। मुनिराम ने जीवन है पानी की बूंद' भजन के गहरे अर्थ को समझाते हुए कहा कि लोग इसे सुनकर आनंदित होते हैं, लेकिन इसकी क्षणभंगुरता को गंभीरता से नहीं लेते। यह भजन जीवन की सच्चाई को समझाने और भय जगाने के लिए है, न कि केवल मनो. रंजन के लिए। उन्होंने मुनि विश्वनाथ सागर महाराज का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि उन्हें वैराग्य तब हुआ जब इस भजन की पंक्ति तेरा ही बेटा तुझे आग लगाए सुनी। इस एक पंक्ति ने उनके जीवन की दिशा बदल दी और उन्हें दीक्षा लेने की प्रेरणा मिली। इस अवसर पर मोहित जैन, राजीव जैन, राहुल जैन, दिनेश जैन, आशीष जैन, प्रवीन जैन आदि मौजूद रहे।

## नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालयध्पु. लिस लाइन शामली में नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम का आयोजन कर सभी पुलिसकर्मियों को दिलाई गई शपथ। नशा मुक्त समाज एवं स्वस्थ समाज के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम महोदय द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालयध्पुलिस लाइन में नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पुलिस कार्यालयध्पुलिस लाइन पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नशे से दूर रहने, नशे के दुष्परिणामों से समाज को जागरूक करने तथा नशामुक्त वातावरण बनाने हेतु शपथ दिलाई । साथ ही महोदय द्वारा बताया गया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य और जीवन को हानि पहुंचाता है, बल्कि परिवार की खुशियों, सामाजिक मूल्यों एवं आर्थिक स्थिरता को भी नष्ट करता है। समाज के हर वर्ग को इस अभियान में भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए ताकि एक स्वस्थ, सुरक्षित एवं अपराधमुक्त वातावरण बनाया जा सके। अपने परिवार, मित्रों एवं समाज को नश के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें, जनहित में नशा मुक्ति अभियान को आगे बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करें। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, प्रतिसार निरीक्षक विक्रम सिंह, व अन्य अधिकारीध्कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# स्काउट गाइड ने अजय कुमार सिंह को दी सलामी



**नागल ।** कस्बे के तेजस इंटरनेशनल स्कूल के हिंदुस्तान स्काउट एवं गाइड विंग के बच्चों ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार समिति के सदस्य एवं पूर्व लेफ्टिनेंट अजय कुमार सिंह को तिरंगे के साथ सलामी देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान स्कूल के डायरेक्टर हेमंत अरोड़ा ने भी उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस दौरानअजय कुमार सिंह ने स्काउट बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट हमें अनुशासन, सेवा भाव और देशभक्ति सिखाता है। पढ़ाई के दौरान हमें अनुशासन बनाए रखना चाहिए और मेहनत से पढ़ना चाहिए। उन्होंने बच्चों को प्रेरणा दी कि बड़े होकर सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करें।उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा के साथ-साथ हमें अपनी संस्कृति और धर्म की रक्षा करना भी उतना ही जरूरी है। इस अवसर पर गौरव कुमार, काव्या, एकनूर, पूर्वी, वैष्णवी, वैदिक, विराट, अनुभव,केशव उपस्थित रहे।

# शहर का पहला चेहलुम का जुलूस मीरकोट से निकाला गया

## मुख्य जुलूस निकलेगा अंसारियान से आज

शाह टाइम्स संवाददाता

**सहारनपुर।** हजरत इमाम हुसैन की याद में आज 18 सफर चेहलुम का जुलूस मीरकोट से परंपरागत तरीके से निकाला गया। रास्ते भर मातमी अंजुमनों ने नौहा-ख्वानी और सीना-जनी करते हुए शहीदाने कर्बला को खिराज-ए-अकीदत पेश किया। बाजारों और रास्तों में अकीदतमंदों के लिए सबील, शर्बत, और लंगर का इंतजाम किया गया था। जगह-जगह ताजियों और अलमों का स्वागत किया गया। महिलाओं और बच्चों की भी बड़ी संख्या जुलूस में शामिल हुई। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस व प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए थे। पूरे मार्ग पर बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरे और पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती रही।

यातायात को वैकल्पिक मार्गो पर मोड़ा गया, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जुलूस के बड़े इमामबा. रगाह पहुंचने पर अंजुमनों ने मातम क किया गया। इस मौके पर बड़ा इमामबारगाह के प्रबंधक/मुतवल्ली डा. सैयद अथर अब्बास ज़ैदी भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।



बड़ा अलम लिए अलमबरदार बने डा. अशजय रजा काजमी (अज्जू) रहे।

## सभासदों व पालिका कर्मियों ने बैंडबाजे के साथ निकाली तिरंगा यात्रा

**कैराना।** बुधवार को पालिका प्रशासन के द्वारा पैदल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व पालिकाध्यक्ष शमशाद अहमद व अधिशासी अधिकारी समीर कश्यप ने किया। तिरंगा यात्रा कांधला तिराहे से शुरू होकर कस्बे के मुख्य मार्ग, बाजार बेगमपुरा, चौक बाजार आदि से होते हुए पालिका प्रांगण में पहुंचकर सम्पन्न हुई। तिरंगा यात्रा शानदार बैंडबाजे व पालि. का के सफाई बेड़े में शामिल वाहनों से सुसज्जित थी। यात्रा में शामिल कई सभासद घोड़ों पर सवार थे। तिरंगा यात्रा के दौरान देशभक्ति के तरानों से कस्बे का माहौल देशभक्ति के रस से सरोबार हो गया। इस अवसर पर सभासद शगुन मित्तल एडवोकेट, सालिम अली, सागर गर्ग के अलावा पालिका में तैनात रविन्द्र कुमार, तासीम अली आदि मौजूद रहे।

# भव्य तिरंगा यात्रा निकाली



शाह टाइम्स संवाददाता

**नहटौर।** सब्जी मंडी से निकाली गई तिरंगा यात्रा में लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। तिरंगा यात्रा चांदपुर चुंगी पर जाकर संपन्न हुई।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को सब्जी मंडी से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी व मंडल प्रभारी अनिल चौहान ने संयुक्त रूप से किया। तिरंगा यात्रा सब्जी मंडी, महकमा, पीर शहीद काला, होली चौक, धर्मशाला, बाग. वान, नकटा से होते हुए चांदपुर चुंगी पर जाकर संपन्न हुई। इस अवसर पर एडवोकेट अर्पित गुप्ता, शोभित त्यागी, सभासद मुकेश गुप्ता पूर्व मंडल अध्यक्ष सिद्धांत जैन, डा. शंशाक गौतम, अभिनव जैन, देवराज चौधरी प्रमोद शर्मा शुभम त्यागी, प्रशांत वर्मा, राजीव अहलावत, बृजपाल प्रजापति डॉ. एके दक्ष, कृष्णा वर्मा, अंक्षित जैन, विनिता शर्मा, राजेश चंद्रा, शिवम त्यागी, ट्विंकल डबास, बृजपाल प्रजापति, पीके शर्मा, दीपक शर्मा, अनुज धीमान, सावन वाल्मीकि, शुभम चौधरी, तेजपाल सैनी आदि मौजूद रहे।

# एस० डी० कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, कार्यक्रम संपन्न



**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थित एस0 डी0 कॉलेज ऑफ इंजी. नियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में पुण्यश्लोका माता अहिल्याबाई होल. कर जी की 300वीं जयंती के अवसर मुजफ्फरनगर जिले की प्रतिष्ठित एवं समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं माननीय मति मिनाक्षी स्वरूप-चेयरमैन-नगर पालिका, कुमारी पूनम विश्नोई-जिला उपक्रीड़ा अधिकारी, इन्दु सिद्धार्थ-पुलिस अधीक्षक क्राइम, प्रज्ञा सिंह-इओ, चंचल सक्सेना-डायरेक्टर-एस0 डी0 पब्लिक स्कूल, अंकिता कुमार-महिला उद्यमी, शिवानी लाल-फिजियो उ0प्र0 महिला क्रिकेट टीम, सुनैना प्रकाश, उपाध्यक्ष राष्ट्रीय सॉफ्ट हॉकी फेडरेशन, सीमा शर्मा-बेस्ट टीचर आवार्ड-कुवर जगदीश प्रसाद इंटर कालेज को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वाली सभी महिलाओं ने अपने-अपने क्षेत्र में और अधिक सक्रियता से कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

मुख्य अतिथि ब्रहमचारी केशव स्वरूप, शंकराचार्य स्वामी श्रमसमाधि संस्थान, ऋषिकेश ने कहा कि आज महिला सशक्तिकरण के इस पावन अवसर पर आप सभी के बीच मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होना मेरे लिए गर्व और सौभाग्य की बात है। महिला सशक्तिकरण का अर्थ केवल महिलाओं को अधिकार देना नहीं है, बल्कि उन्हें वह आत्मविश्वास, अवसर और वातावरण प्रदान करना है, जिससे वे अपनी क्षमताओं और प्रतिभाओं का पूर्ण उपयोग कर सकें। माननीय मति मिनाक्षी स्वरूप ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि हम सभी जानते हैं कि एक महिला केवल परिवार की धुरी ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की प्रगति की असली शक्ति है। जब एक बेटी पढ़ेगी, तो वह न केवल अपना जीवन संवारेगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों का भविष्य भी उज्जवल करेगी। उन्होने कहा कि ुजब एक महिला मजबूत बनती है, तो एक पूरा परिवार मजबूत बनता है, और जब परिवार मजबूत बनता है, तो पूरा देश मजबूत बनता है।ु इन्दु सिद्धार्थ ने एस0 डी0 कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलोजी की प्रबन्ध समिति को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि अहिल्याबाई होलकर जी न केवल एक कुशल प्रशासक थीं, बल्कि जनसेवा, शिक्षा, धर्म और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी उनका योगदान अद्वितीय रहा। उनकी नीतियां आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। हम सब मिलकर ऐसा वातावरण बनाएं जहां हर महिला बिना डर, बिना संकोच अपने सपनों को जी सके। हमें यह याद रखना होगा ुजब महिला सशक्त होगी, तभी समाज समृद्ध होगा और राष्ट्र मजबूत होगा।ु मति सुनैना प्रकाश ने कहा कि इतिहास गवाह है कि जब-जब महिलाओं को अवसर मिला है।

## मच्छरों से बचाव को फॉगिंग कराई

**कैराना।** ब्लॉक प्रशासन द्वारा संचारी रोगों एवं मच्छरों के बचाव हेतु गांव कण्डेला व झाड़खेड़ी में विशेष अभियान चलाकर फॉगिंग कराई गई।

ब्लॉक प्रशासन संचारी एवं मच्छर जनित रोगों से बचाव हेतु गम्भीर नजर आ रहा है। इसी के मद्देनजर विगत मंगलवार को क्षेत्र के गांव कण्डेला व झाड़खेड़ी में विशेष फॉगिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान नीतीश व शुभम द्वारा मशीन से गांव की गलियों, मुख्य मार्गों व तालाब आदि के किनारे फॉगिंग की गई। इस मौके पर झाड़खेड़ी ग्राम प्रधान अंकुर सैनी भी मौजूद रहे।

**सम्बंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र गोगी व अपनी पुत्रवधु रितु को उनके गलत आचरण के कारण अपने पारिवारिक सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है आज के बाद इनका मेरे या मेरे परिवार के साथ कोई सम्बंध नहीं रहेगा।

पाल्ला पुत्र वीरू
निवासी ग्राम रसीदगढ़ थाना
थाना भवन जिला शामली

# भारत में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी को मंजूरी

● 31 अगस्त तक फाइनल बिडिंग प्रपोजल देना होगा




**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियन ओलिंपिक संघ (आईओए) ने बुधवार को भारत की कामनवेल्थ गेम्स 2030 होस्ट करने की बिड को मंजूरी दे दी है। यह मंजूरी स्पेशल जनरल मीटिंग में दी गई है। मेजबानी के लिए भारत ने मार्च महीने में एक्सप्रेशन आफ इंटरेस्ट समिट किया था। अब भारत को 31 अगस्त से पहले फाइनल बिड के लिए प्रपोजल देना होगा। कनाडा के रेस से बाहर हो जाने के बाद भारत के लिए 2030 कामनवेल्थ गेम्स की मेजबानी पाने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। हाल ही में कामनवेल्थ स्पोर्ट्स के डायरेक्टर डैरेन हाल के नेतृत्व में एक टीम ने अहमदाबाद स्थित आयोजन स्थलों का दौरा किया था। इतना ही नहीं, कामनवेल्थ स्पोर्ट्स के अधिकारियों ने गुजरात सरकार के अधिकारियों से मीटिंग भी की थी। इस महीने के अंत में एक और डेलिगेशन के अहमदाबाद पहुंचने की संभावना है। इस दौरे के बाद कामनवेल्थ स्पोर्ट्स की जनरल एसेंबली नवंबर के आखिर में होस्ट कंट्री तय करेगी। इससे पहले भारत ने 2010 के कामनवेल्थ गेम्स की मेजबानी की थी। भारत 2010 में दिल्ली में कामनवेल्थ गेम्स का आयोजन कर चुका है। पिछले साल 2036 ओलिंपिक के लिए दावेदारी की थी बॅळ के अलावा, भारत 2036 के ओलिंपिक गेम्स की मेजबानी की तैयारी भी कर रहा है। पिछले साल नवंबर में भारत ने ओलिंपिक गेम्स-2036 की मेजबानी हासिल करने के लिए दावेदारी पेश की थी। 2032 तक के ओलिंपिक मेजबान तय हो चुके हैं। 2032 की मेजबानी आस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन शहर को दी गई है। जबकि 2028 के ओलिंपिक लास एंजिलिस में होने हैं। ारत अब तक 3 मल्टी स्पोर्ट्स गेम्स की मेजबानी कर चुका है। इनमें 2010 में कामनवेल्थ गेम्स, 1982 और 1951 के एशियन गेम्स शामिल हैं।

# बिना खेले नंबर-2 पर रोहित

## आईसीसी रैंकिंग

● बाबर आजम के खराब खेल से मिला फायदा, गिल नंबर-1 पर कायम, कोहली चौथे नंबर पर



**दुबई, वार्ता।** बुधवार को जारी हुई आईसीसी वनडे रैंकिंग में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा बिना मैच खेले ही नंबर-2 बल्लेबाज बन गए हैं। रोहित के 756 रेटिंग पाइंट्स हैं। भारतीय कप्तान को वेस्टइंडीज दौरे पर पाकिस्तानी बैटर बाबर आजम के खराब प्रदर्शन का फायदा हुआ है। बाबर 3 मैचों की सीरीज में 56 रन ही बना सके हैं।

इससे वह दूसरे नंबर से खिसककर तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। बल्लेबाजों की लिस्ट में शुभमन गिल नंबर-1 पर हैं। उनके 784 रेटिंग पाइंट्स हैं। रोहित शर्मा ने 5 महीनों से कोई इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है। पिछली बार वे 9 मार्च 2025 को न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में उतरे थे, अगर बाबर का ऐसा ही खेल जारी रहा, तो विराट कोहली भी उन्हें पीछे कर देंगे। साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टी-20 में 83 रनों की विस्फोटक पारी खेलने वाले टिम डेविड 6 स्थान के उछाल के साथ 10वें स्थान पर आ गए हैं। यह टिम डेविड के करियर की बेस्ट रैंकिंग है।

भारत के अभिषेक शर्मा 829 रेटिंग पाइंट्स के साथ नंबर-1 पर हैं, जबकि तिलक वर्मा (804 रेटिंग पाइंट्स) इंग्लैंड के फिल साल्ट (791 पाइंट्स) को पीछे छोड़कर नंबर-2 पर आ गए हैं। एक दिन पहले मंगलवार, 12 अगस्त को दूसरे मैच में आस्ट्रेलिया के खिलाफ 41 बाल पर शतक बनाने वाले 22 साल के साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस को टी-20 बैटर्स की रैंकिंग में 80 स्थान का फायदा हुआ है। ब्रेविस ने नाबाद 125 रन की पारी खेली थी।

वे 21वें नंबर पर पहुंच गए हैं। टेस्ट आलराउंडर्स में जडेजा टॉप पर कायम भारत के रवींद्र जडेजा लगातार 179 हफ्तों से नंबर-1 टेस्ट आलराउंडर बने हुए हैं। उनके 405 रेटिंग पाइंट्स हैं। ताजा रैंकिंग में टॉप-10 ऑलराउंडर्स में कोई बदलाव नहीं हुआ है। भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टेस्ट की बालर्स रैंकिंग में नंबर-1 बने हुए हैं। न्यूजीलैंड के गेंदबाज मैट हेनरी को टेस्ट की बालिंग रैंकिंग में एक स्थान का फायदा हुआ है। वे 846 रेटिंग पाइंट्स के साथ नंबर-3 पर आ गए हैं। उन्होंने आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस (838 अंक) को पीछे छोड़ा। हेनरी ने करियर बेस्ट रेटिंग पाइंट्स हासिल किया है। उन्होंने जिम्बाब्वे केखिलाफ 16 विकेट झटके थे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### आयुष म्हात्रे करेंगे मुंबई टीम की कप्तानी

**मुंबई, वार्ता।** आयुष म्हात्रे आगामी सोमवार से शुरु होने वाले बुची बाबू टूर्नामेंट में मुंबई टीम की कप्तानी करेंगे। तमिलनाडु क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित यह बहु-दिवसीय टूर्नामेंट 18 अगस्त से नौ सितंबर तक चेन्नई में खेला जाएगा। मुंबई ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के संक्षिप्त और अंडर-19 टीम की कप्तानी करते हुए प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले युवा आयुष म्हात्रे को 17 सदस्यीय टीम की कमान सौंपी है। टीम में सरफराज खान और मुशीर खान भी शामिल हैं। **मुंबई टीमः** आयुष म्हात्रे (कप्तान), मुशीर खान, दिव्यांश, सरफराज खान, सुवेद (उपकप्तान), प्रग्नेश , हर्ष, साईराज, आकाश, आकाश आनंद (विकेट कीपर), हार्दिक तमोरे (विकेटकीपर), श्रेयस गुरव, यश डिचोलकर, हिमांशु सिंह, रॉयस्टन डायस, सिल्वेस्टर व इरफान उमैर।

### अखिल भारतीय बुचीबाबू क्रिकेट टूर्नामेंट 18 से

**चेन्नई, वार्ता।** गत विजेता हैदराबाद सहित कुल 16 टीमें चेन्नई में 18 अगस्त से 9 सितंबर तक आयोजित होने वाले अखिल भारतीय बुचीबाबू आमंत्रण क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग ले रही हैं। टेक स्पोर्ट्स द्वारा प्रायोजित इस टूर्नामेंट में विज.ताओं को तीन लाख रुपये और उपविजेता को दो लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी, तमिलनाडु क्रिकेट संघ के अध्यक्ष अशोक सिगमणि और सचिव आर आई पलानी ने कल रात यहां संवाददाताओं को यह जानकारी दी। इस टूर्नामेंट में, जिसमें पिछले साल 12 टीमें शामिल थीं, इस साल 16 टीमें होंगी और सभी मैच चेन्नई में होंगे। पिछले दो वर्षों से यह ग्रामीण स्तर पर खेल को बढ़ावा देने के लिए जिलों में आयोजित किया जाता रहा है। ग्रुप चरण के मैच तीन दिवसीय होंगे।

# यूपी योद्धा ने सुमित सांगवान को कप्तान व आशु सिंह को उप कप्तान नियुक्त किया

● कप्तान के रूप में सुमित सांगवान की नियुक्ति उनके मेट पर उत्कृष्ट प्रदर्शन को दर्शाती है

लखनऊ, वार्ता। जीएमआर स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली यूपी योद्धा ने आगामी प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 के लिए स्टार डिफेंडर सुमित सांग.वान को टीम का कप्तान और आशु सिंह को उप-कप्तान नियुक्त किया है।

सुमित (26) और आशु (27) दोनों ने सीजन 7 में यूपी योद्धा के साथ नए युवा खिलाड़ी (एनवाईपी) के रूप में अपनी यात्रा शुरू की और तब से टीम के रक्षात्मक ढांचे के स्तंभ बन गए हैं। होनहार नवोदित खिलाड़ियों से लीडर्स तक का उनका उदय, जीएमआर स्पोर्ट्स के दीर्घकालिक दृष्टिकोण का प्रमाण है, जो सिस्टम के भीतर से खिलाड़ियों को विकसित करता है, जो निष्ठा, प्रदर्शन और निरंतर विकास पर केंद्रित है।

सुमित सांगवान अपनी चपलता, समय और सामरिक बुद्धिमत्ता के लिए जाने जाते हैं। पिछले कुछ सीजन में वह लगातार लीग के शीर्ष डिफेंडरों में शुमार रहे हैं। कप्तान के रूप में उनकी नियुक्ति न केवल उनके मैट पर उत्कृष्ट प्रदर्शन को दर्शाती है, बल्कि आगे बढ़कर प्रेरित करने और नेतृत्व करने की उनकी क्षमता को भी दर्शाती है। योद्धाओं के एक और दिग्गज, आशु सिंह मुख्य रूप से एक कवर डिफेंडर के रूप में खेल रहे हैं। आशु ने अपनी अथक कार्य गति, निस्वार्थ खेल और दबाव में संयम से प्रभावित किया है। सुमित के साथ उनकी साझेदारी यूपी योद्धाओं की रक्षा रणनीति की नींव रही है। मुख्य कोच जसवीर सिंह ने दोनों के सफर की प्रशंसा करते हुए कहा कि सुमित और आशु असाधारण खिलाड़ी और सच्चे योद्धा हैं। अपने पहले मैच से ही, उन्होंने प्रतिबद्धता, अनुशासन और टीम-प्रथम मानसिकता का प्रदर्शन किया है। उन्होंने वर्षों के निरंतर प्रदर्शन और समर्पण के माध्यम से यह जिम्मेदारी अर्जित की है। अपने पेशेवर पदार्पण से ही फेंचाइजी का हिस्सा रहे कप्तान और उप-कप्तान के साथ, योद्धाओं को इस सीजन में अनुभव और युवा ऊर्जा का मिश्रण करके चैंपियनशिप का गौरव हासिल करने का पूरा भरोसा है।

# कोहली टी-20 में टॉप-5 से बाहर

● वार्नर आगे निकले, टॉप-10 में 2 ही भारतीय शामिल, क्रिस ग्रेल अब भी नंबर-1 बल्लेबाज



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के विराट कोहली को पीछे कर आस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में नंबर-5 पर पहुंच गए। उन्होंने मंगलवार को इंग्लैंड की द हंड्रेड लीग में फिफ्टी लगाई और कोहली को पीछे किया। वार्नर के नंबर-5 पर पहुंचने के साथ टॉप-5 रन स्कोरर में अब कोई भी भारतीय बाकी नहीं रहा। विराट के अलावा केवल रोी.हत शर्मा ही टॉप-10 रन स्कोरर में शामिल भारतीय बैटर हैं। दोनों ही प्लेयर्स ने इंटरनेशनल टी-20 से संन्यास ले लिया है, ऐसे में सिर्फ आईपीएल खेलकर दोनों का इस रिकार्ड लिस्ट में आगे निकलना बहुत मुश्किल लग रहा है।

### टी-20 क्रिकेट के टॉप रन स्कोरर

**1. क्रिस गेल**- 22 शतक के साथ नंबर-1 -वेस्टइंडीज के विस्फोटक क्रिस गेल के नाम अब भी टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकार्ड है। इनमें इंटरनेशनल, आईपीएल और दुनियाभर की ए-ग्रेड लीग के रन शामिल हैं। गेल टी-20 में 22 शतक लगाने वाले भी दुनिया के इकलौते बैटर हैं। उनके 14,562 रन के आंकड़े को कोई नया बैटर तोड़ सकता है।

**2. कायरन पोलार्ड**- शतक कम, फिफ्टी ज्यादा- वेस्टइंडीज के ही विस्फोटक फिनिशर कायरन पोलार्ड टॉप रन स्कोरर में दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने इंटरनेशनल और आईपीएल से तो संन्यास ले लिया है, लेकिन वे अब भी अमेरिका और साउथ अफ्रीका की लीग खेल रहे हैं। इसलिए वे भी गेल के रिकार्ड तोड़ सकते हैं। फिनिशर की पोजिशन निभाने के कारण पोलार्ड के नाम शतक तो 1 ही है, लेकिन फिफ्टी 63 हैं।

**3. एलेक्स हेल्स**- दुनियाभर की लीग खेलते हैं। इंग्लैंड के एलेक्स हेल्स भी इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन लीग क्रिकेट खेल रहे हैं। वे 13,814 रन बना चुके हैं और जल्द ही 15 हजार रन का आंकड़ा भी पार कर सकते हैं। उनके नाम 7 सेंचुरी और 87 फिफ्टी हैं।

**4. शोएब मलिक**- बगैर सेंचुरी के टॉप स्कोरर-टॉप-10 रन स्कोरर में शामिल पाक के इकलौते खिलाड़ी शोएब मलिक के नाम टी-20 में बगैर सेंचुरी लगाए सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकार्ड है। वे भी इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन पाकस्तान सुपर लीग का हिस्सा अब भी हैं।

**5. डेविड वार्नर**- 100 प्लस फिफ्टी लगा चुके- आस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर ने मंगलवार को ही टॉप-5 रन स्कोरर में एंट्री की। उन्होंने द हंड्रेड लीग में फिफ्टी लगाई और विराट कोहली को पीछे छोड़ा।

# 'बार्बी' अवतार में उतरीं वीनस विलियम्स



**मुंबई वार्ता।** अग्रणी वैश्विक खिलौना और पारिवारिक मनोरंजन कंपनी मैटल, इंक-, टेनिस आइकन, उद्यमी और समान वेतन की पैरोकार वीनस विलियम्स के सम्मान में भारत में रिलीज़ होने वाली पहली बार्बी इंस्पायरिंग वुमैन डॉल को गर्व से प्रस्तुत कर रही है। यह डॉल भारतीय बाजार में इस विश्वव्यापी रूप से पसंद की जाने वाली श्रृंखला की शुरुआत का प्रतीक है, जो उन उल्लेखनीय महिलाओं को श्रद्धांजलि देती है जिनकी उपलब्धियों ने इतिहास बदल दिया है और पीढ़ियों को प्रेरित किया है। 1959 से, बार्बी ब्रांड का उद्देश्य हर लड़की में असीम क्षमता को प्रेरित करना रहा है। 250 से ज्यादा करियर और अनगिनत सांस्कृतिक पलों के माध्यम से, बार्बी ने कल्पना को प्रज्वलित करते हुए समय को प्रतिबिंबित किया है। इंस्पायरिंग वुमैन सीरीज दुनिया भर की वास्तविक जीवन की रोल मॉडल – उन साहसी महिलाओं को सम्मानित करके इस विरासत को जारी रखती है जिन्होंने जोखिम उठाया, बाधाओं को तोड़ा और लड़कियों को दिखाया कि वे कुछ भी कर सकती हैं।

# इंडिया 'ए' टीम ने ऑस्ट्रेलिया 'ए' को हराया

● राधा यादव ने तीन विकेट व तितास साधु और मिन्नू मनी को दो-दो विकेट मिले



**ब्रिस्बेन, वार्ता।** राधा यादव (तीन विकेट), तितास साधु और मिन्नू मनी (2-2 विकेट) के बाद यास्तिका भाटिया (59) और शेफाली वर्मा (36) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंडिया ए महिला टीम ने पहले एकदिवसीय मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ए को 48 गेंदें शेष रहते तीन विकेट से हरा दिया। इसी के साथ इंडिया ए ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है।


215 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी यास्तिका भाटिया और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 77 रन जोड़े। 11वें ओवर में सियाना जिंजर ने शेफाली वर्मा (36) को आउटकर ऑस्ट्रेलिया ए को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी धारा गुज्ज्जर ने यास्तिका भाटिया के साथ दूसरे विकेट के लिए 63 रनों की साझेदारी की। धारा गुज्ज्जर 31 गेंदों में 36 रन, तेजल हसबनिस (आठ) रन बनाकर आउट हुई। यास्तिका भाटिया ने 70 गेंदों में सात चौकों की मदद से 59 रनों की पारी खेली। तनुश्री सरकार (तीन), राधा यादव (19) और मिन्नू मनी एक रन बनाकर आउट हुई। इंडिया ए ने 42 ओवर में सात विकेट पर 215 रन बनाकर मुकाबला तीन विकेट से जीत लिया।

राघवी बिष्ट ने 34 गेंदों में दो चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 25 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया की ओर से लूसी हैमिल्टन और एला हेवर्ड ने दो-दो विकेट लिए। किम गार्थ, सियाना लजजर और टेस फ़ल्लटॉफ ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले इयान हीली ओवल मैदान पर मंगलवार रात खेले गये मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने अपने शुरुआती तीन विकेट 50 के स्कोर पर गंवा दिए। तालिया विल्सन (सात), एलिसा हीली (14) और कप्तान तालिया मैक्ग्रा नौ रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद अनिका लीरॉइड ने रेचल ट्रेनामैन के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों ने चौथे विकेट लिए 63 रन जोड़े। 24वें ओवर में रेचल ट्रेनामैन (51) रनआउट हुई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी निकोल फॉल्टम ने कुछ देर संघर्ष किया। फॉल्टम (18) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद तो भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे ऑस्ट्रेलिया ए का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सका।

### यूपी कबड्डी लीग की वापसी, 25 दिसंबर से शुरू होगी

**लखनऊ, वार्ता।** 13 अगस्त, 2025, उत्तर प्रदेश – उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग अपने धमाकेदार आगाज के बाद और भी ज्यादा रोमांच, जोश और स्थानीय गौरव का वादा करते हुए वापस आ गई है। सीजन 2 गुरुवार, 25 दिसंबर, 2025 को शुरू होगा, जो राज्य के सबसे रोमांचक खेल मंचों में से एक – उत्तर प्रदेश की बेहतरीन कबड्डी प्रतिभाओं के लिए एक पेशेवर मंच – की वापसी का प्रतीक है। यह उपलब्धि लीग के पहले सीजन की गति को और बढ़ाती है, जिसने बार्क इंडिया के अनुसार 3 करोड़ से ज्यादा टीवी दर्शकों तक पहुंच बनाई और 30 करोड़ से ज्यादा डिजिटल इंप्रेशन अर्जित किए, जो मुख्य रूप से टियर 2 और टियर 3 शहरों के दर्शकों द्वारा संचालित थे। सीजन 2 नई फ्रेंचाइजी, ज्यादा मैचों तथा और भी ज्यादा प्रशंसक जुड़ाव के साथ उत्साह को और बढ़ाने के लिए तैयार है।

# विंडीज ने पाक को रौंदा, सीरीज जीती



● कप्तान साई होप ने नाबाद 120 रनों की तूफानी पारी खेली, सील्स ने छह विकेट हासिल किए

**टरूबा, वार्ता।** कप्तान शाई होप (नाबाद 120) की तूफानी पारी के बाद जेडेन सील्स (छह विकेट) के शानदार प्रदर्शन की वनडे मुकाबले में पाकिस्तान पर रिकार्ड 202 रनों से ऐतिहासिक जीत दर्ज कर 34 साल के बाद एकदिवसीय श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली। 295 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही उसने तीसरे ओवर में मात्र आठ रन के स्कोर पर अपने तीन विकेट गंवा दिए। सैम अयूब,अब्दुल्लाह शफीक व कप्तान रिजवान को जेडेन सील्स को बिना खाता खोले ही पवेलियन भेज दिया। सील्स का अगला शिकार बाबर (नौ) बने। आगा सलमान ने अपनी टीम के लिए सर्वाधिक 30 रनों की पारी खेली। उन्हें गुडाकेश मोती ने अपनी गेंद पर कैच आउट किया। हसन नवाज (13) और नसीम शाह छह रन बनाकर आउट हुए। वेस्टइंडीज के गेंदबा.जों ने पाकिस्तान की पूरी टीम को 29-2 ओवर में 92 के स्कोर पर समेट कर पाकिस्तान के खिलाफ 34 साल बाद एकदिवसीय श्रृंखला में 202 रनों से जीत दर्ज की। मोहम्मद नवाज 23 रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज की ओर से जेडेन सील्स ने 7-2 ओवर में 18 रन देकर छह विकेट लिए। पुरुष एकदिवसीय क्रिकेट के इतिहास में किसी विंडीज गेंदबाज द्वारा यह तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। गुडाकेश मोती को दो विकेट मिले। रॉस्टन चेज ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले त्रिनिदाद के ब्रायन लारा स्टेडियम में मंगलवार को खेले गये हुए निर्णायक मैच में पाक ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी विंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने महज 10 रन के स्कोर पर ब्रैंडन किंग (पांच) का विकेट गंवा दिया।

# एशिया कप: क्या टी-20 में होगी गिल की वापसी?

**यशस्वी जायसवाल की तरह ही भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल ने अंतिम बार टी-20 जुलाई 2024 में ही खेला था**



**नई दिल्ली, वार्ता।** एशिया कप भारतीय टीम के लिए काफी अहम रहने वाला है। यह टूर्नामेंट टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारियों के साथ ही चयन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। ऐसे में हम भारत की पारी की शुरुआत करने के प्रबल दावेदारों पर एक नजर डालते हैं।

### अभिषेक शर्मा

जुलाई 2024 में जिम्बाब्वे के खिलाफ अभिषेक ने शून्य से अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर की शुरुआत की थी लेकिन जल्द ही उन्होंने शिखर तक का सफर तय कर लिया और वह आगामी टी-20 वर्ल्ड कप में भारत के लिए पारी की शुरुआत करने के प्रबल दावेदार हैं।

अभिषेक अक्टूबर 2024 से टी-20 में भारतीय टीम का नियमित हिस्सा हैं और अब तक खेले कुल 17 मैचों में 135 के स्ट्राइक रेट और दो शतकों की बदौलत 535 रन बना चुके हैं। अभिषेक ने एक शतक जिम्बाब्वे और एक दक्षिण अफीका के खिलाफ लगाया था।

### संजू सैमसन

सैमसन पिछले कुछ समय से भारत के टी-20 दल का नियमित हिस्सा रहे हैं। उन्होंने पिछले साल बांग्लादेश के खिलाफ एक और दक्षिण अफीका में दो शतक जड़े थे। सैमसन ने इस अवधि में अपने टी-20 रिकॉर्ड को सुधारा और अब 42 पारियों में सैमसन के नाम 25-32 की औसत से 861 रन हैं।

हालांकि इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टी-20 सीरीज में सैमसन कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए थे और पांच पारियों में उनके बल्ले से महज कुल 51 रन ही निकले थे। आईपीएल में सैमसन चोट से परेशान थे जिसके चलते वह नौ मैच ही खेल पाए। इस दौरान सैमसन ने 35-62 की औसत और 140-39 के स्ट्राइक रेट से कुल 285 रन बनाए। अब देखना है कि भारत अभिषेक और सैमसन की सलामी जोड़ी के साथ ही आगे बढ़ने का फ़ैसला करता है या नहीं।

### यशस्वी जायसवाल

जायसवाल को भारत के लिए टी-20 खेले एक वर्ष से अधिक बीच चुके हैं लेकिन टेस्ट प्रारूप में उन्होंने अपनी जमकर छाप छोड़ी है। जायसवाल ने भारत के लिए अंतिम टी-20 जुलाई 2024 में श्रीलंका में खेला था। हालांकि इसके बाद जायसवाल ने भारत के लिए केवल टेस्ट प्रारूप ही खेला है। जायसवाल ने अब तक टी-20 करियर में कुल 23 मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 36-15 की औसत से 723 रन बनाए हैं। जायसवाल पिछले टी-20 वर्ल्ड कप में भी भारत का हिस्सा थे लेकिन रोहित शर्मा के साथ विराट कोहली के भारत की पारी का आगाज करने के चलते उन्हें एक भी मुकाबला खेलने का मौका नहीं मिला। अभिषेक की तरह ही बाएं हाथ के बल्लेबाज जायसवाल अपनी आक्रामक शैली के लिए जाने जाते हैं ऐसे में आगामी टी-20 वर्ल्ड कप की दावेदारी से उन्हें दरकिनार नहीं किया जा सकता। आईपीएल 2025 में भी जायसवाल सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज़ों की सूची में सातवें स्थान पर थे। उन्होंने 14 पारियों में छह अर्धशतक और 159-71 के स्ट्राइक रेट के साथ 559 रन बनाए थे।

### शुभमन गिल

जायसवाल की तरह ही भारतीय टेस्ट कप्तान गिल ने अंतिम बार टी-20 जुलाई 2024 में ही खेला था। हालांकि गिल ने टी-20 वर्ल्ड कप के ठीक बाद जिम्बाब्वे दौरे पर भारतीय टीम की अगुवाई भी की थी। भारतीय टेस्ट कप्तान के रूप में भी गिल ने अपनी पहली सीरीज में प्रभावशाली प्रदर्शन किया और वह प्लेयर ऑफ द सीरीज भी बने। आईपीएल 2025 में गिल ने गुजरात टाइटंस को तीसरी बार प्लेऑफ में पहुंचाने में अहम भूमिका अदा की थी।

# खनन पर गुमराह कर रहे अफसर: शाहनवाज

## सपा एमएलसी ने सदन में उठाया अवैध खनन का मुद्दा, कहा-अफसरों को है जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा एमएलसी शाहनवाज खान ने सदन में अवैध खनन का मुद्दा उठाते हुए इसके लिये अफसरों को जिम्मेंदार ठहराया और कहा कि अफसर शासन को गुमराह करते है।

विधान परिषद में बुधवार को एमएलसी शाहनवाज खान ने कहा कि शमशान घाट की भूमि से लेकर माँ शाकुम्भरी देवी पीठ तक बड़े पैमाने पर अवैध खनन हो रहा हैं। जिसमें रोजाना करीब 250 गाड़ियां सामग्री लेकर निकल रही हैं। उन्होंने बताया कि इस खनन से हर साल दर्जनों गांव बाढ़ की चपेट में आ जाते हैं, लेकिन संबंधित अधिकारी माफियाओं को बचाने के लिए जनता और सरकार को गुमराह कर रहे हैं।

उन्होंने मांग रखी कि इस पूरे मामले की जांच के लिए एक उच्चस्तरीय समिति गठित की जाए, ताकि दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो सके। सदन में शाहनवाज खान के तीखे सवालों का जवाब देते हुए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आश्वासन दिया कि बरसात के बाद एक जांच कमेटी बनाई जाएगी। जिसमें जनप्रतिनिधियों का भी समन्वय रखा जाएगा।



उन्होंने कहा कि सरकार अवैध खनन को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

# 20 से लगेंगे स्वत: कर निर्धारण कैंप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** व्यवसायिक ध्क्षेत्रों के जीआईएस सर्वे बिलों के सम्बंध में स्वत: कर निर्धारण प्रपत्र उपलब्ध कराने के लिए 20 अगस्त से 22 अगस्त तक शहर के विभिन्न व्यवसायिक क्षेत्रों में निगम द्वारा दोपहर 12 बजे से दोपहर तीन बजे तक आठ कैंप लगाये जायेंगे। इन कैंपों में जो लोग स्वत: कर निर्धारण के प्रपत्र पर अपना विवरण भरकर देंगे, उन्हीं सही मानते हुए उनके आधार पर अगले दिन उन्हें बिल भेज दिए जायेंगे। हर रोज तीन स्थानों पर कैंप लगाये जायेंगे।

कर अधीक्षक सुधीर शर्मा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि महापौर डॉ. अजय कुमार एवं नगरायुक्त शिपू गिरि द्वारा अनेक व्यापारी प्रतिनिधियों एवं पार्षदों से हुई वार्ता एवं विचार विमर्श के क्रम में नगरायुक्त के निर्देशानुसार करदाताओं की सुविधा हेतु प्रथम चरण में शहर के व्यवसायिक क्षेत्रों में कर स्वत: कर निर्धारण कैंप लगाये जायेंगे। उन्होंने बताया कि इन कैंपों में करदाताओं को स्वत: कर निर्धारण प्रपत्र उपलब्ध कराये जायेंगे और जो करदाता स्वत: कर निर्धारण प्रपत्र पर अपनी सम्पत्ति का विवरण भरकर देगा, उसे सही मानते हुए अगले दिन उसी आधार पर करदाता को बिल भेज दिया जायेगा। इन कैंपों में क्षेत्र के व्यापार मण्डलों के प्रतिनिधि और क्षेत्रीय पार्षद भी मौजूद रहेंगे। स्वत: प्रपत्र में करदाता द्वारा दी गयी जानकारी की सत्यता की जांच बाद में करायी जायेगी। कर अधीक्षक ने बताया कि शहर के व्यवसायिक क्षेत्रों में लगाये जाने वाले कैंपों के क्रम में 20 अगस्त को दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक जैन इण्टर कॉलेज में लगाया जायेगा। इस कैंप में वार्ड 58 के पंजाबी मार्किट, कक्कड़ गंज, फजल गंज, शहनशाही बाजार, नया बाजार, हीरा गंज, मोर गंज, शेख फारूख, नखासा बाजार, लोहा बाजार, दीनानाथ बाजार से सम्बंधित क्षेत्रों की सम्पत्तियों के स्वत: कर निर्धारण प्रपत्र भरे जायेंगे। 20 अगस्त को ही दूसरा कैंप जुबली पार्क में दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक लगेगा। इसमें वार्ड 23 के नेहरू मार्किट, प्रताप मार्किट, शहीद गंज, फजलू रहमान रोड़, महावीर बाजार तथा वार्ड 44 के लोहानी सराय व ढोली खाल से सम्बंधित प्रपत्र भरे जायेंगे। 20 अगस्त को ही तीसरा कैंप अमृत टॉकिज पर लगेगा। जिसमें वार्ड 40 के गुरूद्वारा रोड, पटेल नगर, सुभाष नगर, अम्बाला रोड तथा वार्ड 7 के जाटव नगर से संबंधित प्रपत्र भरे जायेंगे। कर अधीक्षक ने बताया कि 21 अगस्त को वार्ड 24 गुरुद्वारा रोड पर भाटिया टेण्ट हाउस के पास दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक लगाया जायेगा। इसमें गुरुद्वारा रोड के प्रपत्र भरे जायेंगे। इसी दिन दूसरा कैंप उसी समय दालमण्डी पुल मौहल्ला मुंशियान में लगेगा। इसमें वार्ड 47 के खालापार, हिरन मारान, दाल मण्डी पुल, बोमनजी रोड तथा वार्ड 59 के मटिया महल, मौहल्ला मीर कोट, मौहल्ला मिश्रान व अली महाजनान के करदाताओं को प्रपत्र उपलब्ध कराये जायेंगे।

# स्वच्छता हस्ताक्षर अभियान चलाया

**सहारनपुर।** रेलवे स्टेशन पर आज रेलवे स्टाफ द्वारा स्वच्छता अभियान एवं स्वच्छता हस्ताक्षर अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान यात्रियों को स्वच्छता के महत्व एवं इसके पालन के प्रति जागरूक किया गया।

अभियान के तहत रेलवे परिसर में सफाई अभियान चलाकर यात्रियों से स्टेशन को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने की अपील की गई। स्टेशन अधीक्षक अनिल त्यागी ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। स्वास्थ्य मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक प्रदीप कुमार शर्मा एवं सुमित कुमार ने यात्रियों को व्यक्तिगत स्वच्छता और सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई के लाभ समझाए। इस अवसर पर आरपीएफ इंस्पेक्टर सुरेंद्र मीणा, उपनिरीक्षक पुष्पेंद्र कुमार, उपनिरीक्षक वीरेंद्र कुमार, सीटीआई हरिओम मीना, सीएमआई नितिन बत्रा समेत रेलवे का अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# ब्लॉक मुजफ्फराबाद से निकाली तिरंगा रैली



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत आज ब्लॉक कार्यालय मुजफ्फराबाद से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

ब्लॉक परिसर में तिरंगा प्रदर्शनी एवं तिरंगा महोत्सव में पूर्व विधायक नरेश सैनी, भाजपा नेता अभय राणा व ब्लाक प्रमुख योगेश पुंडीर ने प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि यह हमारे गौरवशाली इतिहास और शहीदों को नमन करने का पल है।

# डीएम ने की युवा उद्यमी अभियान की समीक्षा

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीश बसंल ने सभी बैंक प्रति. निधियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि बैंक अधिक से अधिक ऋण योजनाओं को स्वीकृत कराएं। सभी बैंकों में प्राप्त आवेदन पत्रों के सापेक्ष एक सप्ताह के अंदर ऋण वितरण की कार्रवाई की जाए। अनावश्यक रूप से लोन पत्रावली लम्बित रखने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान की प्रगति समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। जिलाधिकारी द्वारा मौके पर 48 आवेदन पत्रों का ऋण वितरण धनरा. शि एक करोड़ 92 लाख रूपये कराते हुए 47 ऋण आवेदन पत्रों को एक करोड़ 88 लाख की धनराशि स्वीकृत कराई गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, ज्वाईंट मजिस्ट्रेट विनोद कुमार मीणा, उपायुक्त उद्योग डॉ. बनवारी लाल सहित संबंधित अधिकारी एवं विभिन्न बैंको के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

# इमरजेंसी के सामने डस्टबिन में पड़ा मिला मरा कुत्ता




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला अस्पताल में स्वच्छता व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। इमरजेंसी वार्ड के ठीक सामने रखे डस्टबिन में एक मरा हुआ कुत्ता पड़ा मिला। अस्पताल आने-जाने वाले मरीजों और परिजनों ने इस नजारे को देखकर नाराजगी जताई और प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की।

लोगों का कहना है कि अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही से संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ सकता है। वहीं, अस्पताल प्रशासन ने मामले की जांच कर सफाई कर्मियों को निर्देश देने की बात कही है। यह घटना न केवल स्वच्छता व्यवस्था की पोल खोलती है, बल्कि मरीजों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के प्रति गंभीर सवाल भी खड़े करती है।

# भाकियू व सड़क दूधली वासियों ने घेरा मुख्य अभियंता कार्यालय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** क्षेत्र की बिजली को वापस कैलाशपुर से जोड़े जाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर भाकियू (तोमर) व सड़क दूधली वासियों ने मुख्य अभियंता के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि जब तक समस्याओं का समाधान नहीं होगा धरना जारी रहेगा।




बुधवार को भारतीय किसान यूनियन व सड़क दूधली के सैकड़ों लोग मवी कलां स्थित मुख्य अभियंता कार्यालय पर पहुंचे और धरना प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि सड़क दूधली की बिजली 35 से 40 साल से कैलाशपुर विद्युत उपकेंद्र से जुड़ी थी जिसको बिना किसी सूचना के काट दिया गया उसे वापस कैलाशपुर से जोड़ा जाए। देहरादून रोड पर जो नई एचटी लाइन बनाई गई उसे हटाया जाए। एबीसी वायर बदलने सहित आवश्यकता नुसार ट्रांसफार्मर की व्यवस्था की जाए। पुष्पांजलि विहार में खम्भा लगाया जाए। चेकिंग के नाम पर विजिलेंस द्वारा की जा रही अवैध वसूली बंद की जाए। मड़की व सीडकी फीडर की बिजली रात में काटी जा रही है उसे चालू रखा जाए, जिससे चोरी की घटनाओं से बचा जा सके सहित अन्य मांगें रखी। उनका कहना था कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती धरना जारी रहेगा। युवा प्रदेश अध्यक्ष रईस मलिक, युवा मंडल अध्यक्ष चौ. नवाब सिंह, अनुज चौ. श्रवण शर्मा, बिट्टू चौ. चौ. विकास, डा. मंसूर अली, इरशाद सलमानी, मुखिया सलमान, हाजी शमशाद आदि रहे।

































# सहभागी प्रक्रिया बने

फैसले जब कभी भी प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत पर आधारित होते हैं, तो उनका मकसद किसी खास सामाजिक उद्देश्य को पूरा करना होता है या किसी विशिष्ट गलती को सुधारना होता है। प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा कर रही महिला रोगियों और मृतक दाताओं के रिश्तेदारों को लाभार्थियों के रूप में प्राथमिकता देने संबंधी राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (एनओटीटीओ) की हालिया सलाह लिंग संबंधी धारणा को नए सिरे से परिभाषित करने का एक रास्ता है। एनओटीटीओ के दशकीय आंकड़ों (2013-23) को अगर देखें, तो पता चलता है कि अंग प्रत्यारोपण के मामले में लैंगिक असमानता है। एनओटीटीओ के मुताबिक, 2023 में, सभी जीवित दाता प्रत्यारोपणों में महिलाओं की हिस्सेदारी 63 फीसदी थी, फिर भी प्रत्यारोपण के लिए अंग प्राप्त करने वालों में उनकी हिस्सेदारी महज 24 फीसदी (हृदय के लिए) और 47 फीसदी (फेफड़े के लिए) के बीच थी। वर्ष 2023 में किडनी प्रत्यारोपण की लाभार्थियों में सिर्फ 37 फीसदी महिलाएं थीं, जबकि लिवर प्रत्यारोपण में महिलाओं की हिस्सेदारी 30 फीसदी थी। अग्न्याशय प्रत्यारोपण में, कुल लाभार्थियों में महिलाओं की हिस्सेदारी 26 फीसदी तक ही थी। ब्रिटिश मेडिकल जर्नल के विश्लेषण से पता चला है कि पिछले पांच सालों के दौरान भारत में हुए 56,509 जीवित अंगदानों में से 36,038 में महिलाओं का योगदान रहा, और सिर्फ 17,041 मामलों में ही उन्हें प्रत्यारोपण का फायदा मिला। एनओटीटीओ ने अपनी सलाह में कहा कि यह सिफारिश अंग प्रत्यारोपण के प्राप्तकर्ताओं के बीच लैंगिक असंतुलन को दूर करने की एक कोशिश है ताकि प्रतीक्षारत महिला रोगियों के लिए आवंटन संबंधी मानदंडों में अतिरिक्त अंक प्रदान करने का प्रावधान किया जा सके। यूं तो यह कदम निश्चित रूप से सराहनीय है, लेकिन यह प्रक्रियागत परेशानियों में लिपटा हो सकता है। वर्तमान में, स्वास्थ्य कारणों को छोड़कर, अंग आवंटन संबंधी प्रोटोकॉल किसी एक प्राप्तकर्ता को दूसरे प्राप्तकर्ता के मुकाबले तरजीह देने की इजाजत नहीं देते हैं। लिहाजा, महिलाओं और/या पूर्व दाताओं के निकट संबंधियों को प्राथमिकता देने का कोई प्रावधान नहीं है। एनओटीटीओ की सलाह के बाद से, यह भी सवाल उठे हैं कि 'निकट संबंधियों' की परिभाषा में किसे शामिल किया जाना चाहिए और प्रत्यारोपण के लिए शव के अंग दान करने वाले सभी परिवारों (1995 से) को लाभार्थी माना जाएगा या नहीं। इस सलाह को अमल में लाने वाले लोगों के बीच मुख्य डर इस बात का मालूम होता है कि यह कदम बिना बारी (आउट-ऑफ-टर्न) आवंटन को सुविधाजनक बनाने का एक और चोर दरवाजा बन सकता है, खासकर वैसी स्थिति में जब भारत में अंग निकालने वाले रैकेट का भंडाफोड़ जारी है। हालांकि, किसी जरूरी चीज को गैरजरूरी चीज के साथ बाहर फेंक देने का कोई मतलब नहीं है। खासकर, जब पितृसत्तात्मक मानदंडों वाले समाज में ज्यादा समावेशी होने के इरादे से काम किया जा रहा हो तो। यह महत्वपूर्ण है कि कार्यान्वयन में शामिल रहने वाले विभिन्न एजेंसियों को साथ लेकर एनओटीटीओ इस कदम को एक सहभागी प्रक्रिया बनाए। अब जबकि मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम के तहत उचित कार्यान्वयन सुनिश्चित करना और इन सबसे सबसे भी ऊपर, अंगों के सीमित भंडार तक पहुंच को व्यापक बनाना महत्वपूर्ण है, तो यह जरूरी है कि स्वास्थ्य मापदंडों के आधार पर अंग प्रत्यारोपण की सबसे ज्यादा जरूरत वाले व्यक्ति को अंग से वंचित न करने के सिद्धांत का हमेशा पालन किया जाए।

## उन्हें ऐसी बकवास नहीं करनी चाहिए



पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के बयान कोई पाकिस्तान से पानी की एक बूंद भी नहीं छीन सकता, जैसी धमकियों का भारत पर कोई असर नहीं होगा, ब्रह्मोस है हमारे पास, उन्हें ऐसी बकवास नहीं करनी चाहिए, बहुत हो गया, भारत बनाम पाकिस्तान के बीच संभावित क्रिकेट मैच में देखने नहीं जा रहा हूं, मेरी अंतरात्मा, मेरा दिल इसकी इजाजत नहीं देता, हमें उस देश के लोगों के साथ क्रिकेट क्यों खेलना है, जो हमें हर दिन धमकी दे रहे हैं, आप पानी देना बंद कर चुके हैं, पानी से बड़ी कोई जरूरत है क्या, आपने बॉर्डर बंद कर दिए, आपने व्यापार बंद कर दिए, कितना नुकसान होगा, 300-400 करोड़, मेरा जमीर गवारा नहीं करता।

-असदुद्दीन ओवैसी, सांसद, एआईएमआईएम

# हर घर तिरंगा: राष्ट्रभक्ति का जनांदोलन और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक





योगेश कुमार गोयल

भारत के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे की शान और उसकी महिमा केवल कपड़े के तीन रंगों में नहीं बल्कि करोड़ों भारतीयों की भावनाओं, सपनों और बलिदानों में बसी हुई है। तिरंगा केवल तीन रंगों और एक चक्र का संयोजन नहीं, भारत की आत्मा, पहचान और गौरव का प्रतीक है। यह केवल एक ध्वज नहीं, स्वतंत्रता, एकता और राष्ट्रीय गर्व का जीवंत प्रतीक है। इसमें वह शक्ति है, जो देश के हर नागरिक को एकता के सूत्र में बांध सकती है। केसरिया रंग त्याग और साहस, सफेद रंग शांति और सत्य, तथा हरा रंग समृद्धि और विकास का संदेश देता है। अशोक चक्र न्याय, प्रगति और निरंतर गतिशीलता का प्रतीक है। तीन साल पहले शुरू हुई हर घर तिरंगा पहल आज केवल एक सरकारी अभियान नहीं बल्कि एक विशाल जन आंदोलन में बदल चुकी है, जिसने देश के कोने-कोने में देशभक्ति की ऐसी लहर पैदा कर दी है, जिसकी गूंज हर दिल में सुनाई देती है। वर्ष 2022 में जब 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरुआत हुई थी, तब शायद ही किसी ने सोचा होगा कि यह एक विशाल जनांदोलन का रूप ले लेगा। इस वर्ष इस पहल का चौथा संस्करण 2 अगस्त से शुरू होकर 15 अगस्त तक पूरे देश में जोश और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

### अभियान की शुरुआत और उद्देश्य

वर्ष 2022 में भारत जब अपनी स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे कर रहा था, केंद्र सरकार ने आजादी का अमृत महोत्सव के तहत एक अनोखी पहल की थी हर घर तिरंगा। इस पहल का उद्देश्य केवल ध्वज फहराना भर नहीं था बल्कि हर नागरिक को अपने राष्ट्रीय ध्वज से एक व्यक्तिगत और भावनात्मक जुड़ाव महसूस कराना था। उससे पहले तिरंगा केवल सरकारी भवनों, स्कूलों या विशेष अवसरों पर ही फहराया जाता था। आम नागरिकों के घरों में इसे फहराना उतना प्रचलित नहीं था लेकिन इस अभियान ने इसे जन-जन तक पहुंचाया और लोगों को अहसास दिलाया कि तिरंगा केवल सरकारी पहचान नहीं बल्कि हम सबकी पहचान है। वर्ष 2022 में भारतीय ध्वज संहिता 2002 में भी ऐतिहासिक संशोधन किए गए, जिससे तिरंगे को दिन के साथ-साथ रात में भी पर्याप्त रोशनी में फहराने की अनुमति मिली। पहले नियम था कि तिरंगा केवल सूर्योदय से सूर्यास्त तक ही फहराया जा सकता है लेकिन 20 जुलाई 2022 के संशोधन के बाद, अब इसे रात में भी फहराया जा सकता है, बशर्ते यह खुले स्थान पर पर्याप्त रोशनी में हो। साथ ही, हाथ से काते या बुने हुए कपड़े के अलावा मशीन से बने कपास, पॉलिएस्टर, ऊन, रेशम और खादी के झंडे को भी अनुमति दी गई।

### अभियान का विस्तार और रिकॉर्ड उपलब्धियां

2022 का अभियान अभूतपूर्व रहा। संस्कृति मंत्रालय के अनुसार, 23 करोड़ से अधिक परिवारों ने उस वर्ष अपने घरों में तिरंगा फहराया था और लगभग 6 करोड़ लोगों ने हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपनी सेल्फी विद तिरंगा अपलोड की थी। डाक विभाग ने इस अभियान को अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किए ताकि देश के सबसे सुदूर और दुर्गम क्षेत्रों में भी राष्ट्रीय ध्वज उपलब्ध हो सके। 2023 में यह अभियान और व्यापक हुआ। उस वर्ष 10 करोड़ से अधिक तिरंगा सेल्फी अपलोड की गई। यही नहीं, चंडीगढ़ में 5,885 लोगों की भागीदारी के साथ राष्ट्रीय ध्वज लहराते हुए दुनिया की सबसे बड़ी मानव श्रृंखला का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाया गया। यह न केवल अभियान की सफलता थी बल्कि दुनिया को यह संदेश भी था कि भारत का राष्ट्रीय ध्वज करोड़ों दिलों को एक सूत्र में बांध सकता है। 2024 में भी यह उत्साह बरकरार रहा। 5 करोड़ से अधिक लोगों ने अपनी सेल्फी विद तिरंगा वेबसाइट पर साझा की।

अब 2025 में यह अभियान अपने चौथे संस्करण में प्रवेश कर चुका है, जो 2 अगस्त से 15 अगस्त तक चल रहा है। संस्कृति मंत्रालय ने इस वर्ष भी नागरिकों से अपील की है कि वे तिरंगा स्वयंसेवक बनकर अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें, उन्हें अपने घरों में तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करें और देशभक्ति की भावना को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं।

### एक राष्ट्रगान, एक झंडा, एक राष्ट्र

हर घर तिरंगा केवल ध्वज फहराने का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह एक राष्ट्रगान, एक झंडा और एक राष्ट्र की भावना का विस्तार है। यह हमें याद दिलाता है कि भले ही हम अलग-अलग भाषाएं बोलते हों, अलग-अलग संस्कृतियों में जीते हों लेकिन हमारा राष्ट्रीय ध्वज हमें एकता के सूत्र में पिरोता है। इस वर्ष का अभियान हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता और स्वच्छता के इस संगम को जीवंत करता है, जहां तिरंगा राष्ट्रीय गर्व का प्रतीक है और स्वच्छता हमारे जीवन मूल्यों व संस्कारों का दर्पण। यह केवल सरकारी अभियान नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का व्यक्तिगत संकल्प है कि हम अपने घर, मोहल्ले और देश को स्वच्छ रखें ताकि आने वाली पीढ़ियां भी गर्व से इस धरा पर जीवन जी सकें। स्वच्छ वातावरण में लहराता तिरंगा न केवल स्वतंत्रता का संदेश देगा बल्कि यह भी जताएगा कि हमने आजादी के साथ जिम्मेदारी निभाना भी सीखा है।

### सम्मान और मर्यादा का संहिता-पत्र

राष्ट्रीय ध्वज के महत्व को समझना उतना ही आवश्यक है, जितना उसे फहराना। भारतीय ध्वज संहिता 2002 राष्ट्रीय ध्वज से संबंधित सभी कानूनों, परंपराओं और दिशा-निर्देशों का संकलन है। तिरंगे का अनुपात हमेशा 3:2 होना चाहिए और तीनों पट्टियां (केसरिया, सफेद और हरी) समान चौड़ाई की होनी चाहिए। तिरंगे को हमेशा सम्मान के साथ प्रदर्शित किया जाना चाहिए, क्षतिग्रस्त या मैला झंडा फहराना अपमानजनक है। इसे किसी भी अन्य ध्वज के साथ एक ही मस्तूल पर नहीं फहराया जा सकता, न ही इसे उल्टा प्रदर्शित किया जा सकता है। राष्ट्रीय ध्वज का उपयोग सजावट, परिधान, वस्त्र या किसी वस्तु को ढकने के लिए नहीं किया जा सकता। यह जमीन, पानी या फर्श को स्पर्श नहीं करना चाहिए। किसी वस्तु को लपेटने के लिए ध्वज का उपयोग नहीं किया जा सकता। क्षतिग्रस्त होने पर इसे गरिमा के साथ नष्ट किया जाना चाहिए।

### जन भागीदारी और सामाजिक संदेश

हर घर तिरंगा एक खास सामाजिक बदलाव लाया है। यह अभियान बच्चों और युवाओं को राष्ट्रीय ध्वज के महत्व, उसके इतिहास और उससे जुड़े बलिदानों के बारे में जागरूक कर रहा है। स्कूलों, कॉलेजों, सामाजिक संगठनों और आवासीय कॉलोनियों में तिरंगा रैलियां, चित्रकला प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम इस पहल का हिस्सा बन गए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सेल्फी विद तिरंगा एक देशव्यापी ट्रेंड बन चुका है, जिससे डिजिटल माध्यम से भी देशभक्ति का संदेश फैल रहा है। जब यह तिरंगा घर-घर लहराता है तो यह न केवल हमारी पहचान को प्रकट करता है बल्कि हमें यह भी याद दिलाता है कि इस स्वतंत्रता के पीछे अनगिनत बलिदानों का इतिहास है। हर घर तिरंगा अभियान ने साबित कर दिया है कि यदि उद्देश्य पवित्र हो और भावनाएं सच्ची तो कोई भी पहल जन-जन की आवाज बन सकती है। आज यह पहल केवल स्वतंत्रता दिवस का हिस्सा नहीं बल्कि एक राष्ट्रीय परंपरा बनने की ओर अग्रसर है। जब 140 करोड़ भारतीय अपने घरों, गलियों, शहरों और गांवों में एक साथ तिरंगा फहराते हैं तो यह केवल एक दृश्य नहीं बल्कि राष्ट्र की आत्मा का उत्सव होता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# लोकतंत्र की लूट में मीडिया की बेशर्म भूमिका

**टीवी चैनलों की आय का 70-80 प्रतिशत हिस्सा सरकारी विज्ञापनों से आता है, जिसके कारण मीडिया सत्ता के खिलाफ खुलकर बोलने में हिचकता है। सवाल यह है कि क्या 2014 से पहले भी मीडिया सरकार का ऐसा ही भोंपू था जैसा आज है? क्या उस समय इन मीडिया घरानों को विज्ञापन का लालच नहीं था? याद कीजिए उस अन्ना आंदोलन का दौर जिसके कंधे पर सवार होकर भाजपा आज सत्तारूढ़ है। उस समय तो इसी मीडिया ने सत्ता विरोधी माहौल देश में पैदा किया था।**



निर्मल रानी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा चुनाव के दौरान होने वाली व्यापक धांधलियों को लेकर चुनाव आयोग पर जोरदार हमला बोला गया है। उन्होंने इस तरह के अनेक प्रमाण पेश किए जिससे यह साफतौर पर साबित होता है कि देश में बड़े स्तर पर वोटों की चोरी की जा रही है। राहुल गांधी द्वारा 7 अगस्त 2025 को वोट चोरी से सम्बंधित एक विशाल प्रेस कॉन्फ्रेंस करने के बाद https://votechori.in नाम से एक वेबसाइट लांच की गई तथा साथ ही यूजर मिस्ड कॉल हेतु 9650003420 नंबर भी घोषित किया गया। इस नंबर या वेबसाइट पर जाकर देश के आम लोग फॉर्म भरकर इस अभियान से जुड़ सकते हैं।

यह अभियान मुख्य रूप से भारतीय चुनावों में मतदाता सूची में हेराफेरी, फर्जी वोटर्स और चुनाव आयोग की कथित मिलीभगत पर केंद्रित है। वेबसाइट का मुख्य लक्ष्य जनता को वोट चोरी के खिलाफ एकजुट करना है। इसमें चुनाव आयोग से डिजिटल मतदाता सूचियों को सार्वजनिक करने की मांग की गई है, ताकि जनता और राजनीतिक दल इनकी जांच कर सकें। राहुल गांधी का सीधा आरोप है कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी चुनावी प्रक्रिया पर व्यवस्थित तरीके से हमला कर रही है और चुनाव आयोग इसमें शामिल है। सत्ता व चुनाव आयोग का यह गठजोड़ एक व्यक्ति, एक वोट के सिद्धांत को कमजोर कर रहा है।

चुनाव आयोग को कटघरे में खड़ा करने के बाद बजाए इसके कि वह राहुल गांधी के आरोपों की जांच करने की बात करता और देश के मतदाताओं को यह विश्वास दिलाने की कोशिश करता कि देश में चुनाव निष्पक्ष संपन्न होते हैं। उल्टे चुनाव आयोग ने अपनी वेबसाइट ही बंद कर दी? क्या ऐसा इसलिए नहीं किया गया कि मतदाता चुनाव आयोग से ऐसी धांधलियों के सम्बन्ध में सवाल न पूछ सकें? जिसका जवाब दे पाना शायद अब चुनाव आयोग के लिए संभव नहीं? चुनाव आयोग द्वारा वोट चोरी से सम्बंधित धांधलियों से चूंकि फायदा भाजपा को मिला है और उसी की सत्ता में बार बार वापसी हो रही है इसलिए भाजपा का चुनाव आयोग के पक्ष में दलीलें देना और चुनाव आयोग के बजाए राहुल गांधी को ही कटघरे में खड़ा करना अनैतिक परन्तु कुछ स्वाभाविक सा प्रतीत होता है। परंतु जिस तरह देश का गोदी मीडिया भी वोट चोरी के इस भ्रष्ट तंत्र के साथ खुलकर खड़ा है और चुनाव आयोग व भाजपा से भी अधिक बढ़कर वोट चोरी जैसे इस घोर राष्ट्रविरोधी कृत्य की पैरोकारी कर रहा है उसे देखकर देश आश्चर्यचकित हो रहा है।

राहुल गांधी द्वारा वोटर लिस्ट के माध्यम से की जा रही अंधाधुंध वोट चोरी के आरोपों के बाद इंडियन एक्सप्रेस की टीम ने इस मामले की पड़ताल के लिए बेंगलुरु सेंट्रल लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली महादेवपुरा विधानसभा के कुछ इलाकों का दौरा किया। गौरतलब है कि राहुल गांधी ने 7 अगस्त 2025 को अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह दावा किया था कि महादेवपुरा विधानसभा के अंतर्गत कुछ क्षेत्रों में 1,00,250 वोटों की चोरी हुई, जिसमें डुप्लीकेट वोटर्स, फर्जी पते और अन्य अनियमितताएं शामिल थीं। इंडियन एक्सप्रेस ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि उनकी टीम ने महादेवपुरा के कुछ पतों की जांच की, जहां राहुल गांधी ने फर्जी वोटरों के होने का दावा किया था।

उदाहरण के लिए, एक मामले में 80 वोटरों के एक ही पते पर रजिस्ट्रेशन होने की बात सामने आई थी। इसके अतिरिक्त, बीबीसी व अन्य मीडिया संगठनों की टीम ने भी महादेवपुरा क्षेत्र में उस घर की पड़ताल की, जहां एक कमरे के मकान में कथित तौर पर 80 वोटर रजिस्टर्ड थे परन्तु भाजपा व चुनाव आयोग के साथ गोदी मीडिया भी कदम ताल कर रहा है। दरअसल गोदी मीडिया की सच्चाई इससे भी ज्यादा खतरनाक है। सत्ता की डफली बजाने वाला अधिकांश मीडिया देश के अडानी व अंबानी जैसे बड़े उद्योग घराने की मिलकियत बन चुके हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# आवारा कुत्तों की समस्या और सुप्रीम कोर्ट की चिंता



रजनीश कपूर

गत 11 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों की समस्या पर स्वतः संज्ञान लेते हुए यह आदेश जारी किया कि दिल्ली सरकार और स्थानीय निकायों को अगले छह से आठ सप्ताह के भीतर सभी आवारा कुत्तों को सड़कों से हटाकर आश्रय स्थलों में स्थानांतरित करें, उनकी नसबंदी करें और टीकाकरण सुनिश्चित करें। कोर्ट ने स्थिति को बेहद गंभीर बताते हुए कहा कि बच्चों और बुजुर्गों को आवारा कुत्तों के हमलों से बचाना अत्यंत आवश्यक है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में इस साल जनवरी से जून तक 35,198 कुत्तों के काटने के मामले दर्ज किए गए, जिनमें 49 रेबीज के मामले भी शामिल हैं। रेबीज, एक जानलेवा बीमारी है और भारत वैश्विक रेबीज मृत्यु दर का 36 प्रतिशत हिस्सा लेता है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और गुरुग्राम में तत्काल प्रभाव से कुत्तों को पकड़ने, उनकी नसबंदी और टीकाकरण करने और उन्हें आश्रय स्थलों में रखने की प्रक्रिया शुरू की जाए।




इसके साथ ही, कोर्ट ने एक हेल्पलाइन स्थापित करने और आश्रय स्थलों में सीसीटीवी निगरानी सुनिश्चित करने का भी आदेश दिया। पशु प्रेमी, जो जानवरों के कल्याण के प्रति संवेदनशील होते हैं, उन्हें इस निर्णय को एक सकारात्मक कदम के रूप में देखना चाहिए। यह आदेश केवल कुत्तों को सड़कों से हटाने की बात नहीं करता, बल्कि उनके लिए एक सुरक्षित और मानवीय वातावरण प्रदान करने पर भी जोर देता है। नसबंदी और टीकाकरण जैसे कदम न केवल कुत्तों की आबादी को नियंत्रित करेंगे, बल्कि उनके स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाएंगे। सड़कों पर रहने वाले कुत्ते अक्सर भोजन, पानी और चिकित्सा सुविधाओं की कमी से जूझते हैं, जिसके कारण वे आक्रामक हो सकते हैं। आश्रय स्थलों में उन्हें नियमित भोजन, चिकित्सा देखभाल और सुरक्षित स्थान मिलेगा, जो उनके जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाएगा। वहीं सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सरकार को कई महत्वपूर्ण कदम उठाने होंगे। यह न केवल दिल्ली-एनसीआर के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए एक मॉडल बन सकता है। कोर्ट ने शुरुआत में 5,000 कुत्तों के लिए आश्रय स्थलों के निर्माण का आदेश दिया है। दिल्ली में अनुमानित 10 लाख आवारा कुत्तों को देखते हुए, यह संख्या अपर्याप्त हो सकती है। सरकार को बड़े पैमाने पर आधुनिक आश्रय स्थल बनाने होंगे, जो स्वच्छता, भोजन और चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित हों। इन आश्रय स्थलों में पशु चिकित्सकों और प्रशिक्षित कर्मचारियों की नियुक्ति आवश्यक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 70 प्रतिशत से अधिक कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण रेबीज को नियंत्रित करने में प्रभावी है। दिल्ली सरकार को एक त्वरित और व्यापक अभियान चलाना होगा, जिसमें गैर-सरकारी संगठनों और पशु कल्याण संगठनों का सहयोग लिया जाए। गोवा का मिशन रेबीज इस दिशा में एक सफल उदाहरण है, जिसने रेबीज को नियंत्रित करने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की। इसके अलावा कोर्ट ने एक हेल्पलाइन स्थापित करने का निर्देश भी दिया है, जो कुत्तों के काटने की शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करे। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि यह हेल्पलाइन 24/7 सक्रिय रहे और शिकायत मिलने पर चार घंटे के भीतर कार्रवाई हो। रेबीज और कुत्तों के काटने से बचाव के लिए जनता को जागरूक करना आवश्यक है। सरकार को स्कूलों, कॉलेजों और समुदायों में जागरूकता अभियान चलाने चाहिए, जिसमें लोगों को बताया जाए कि रेबीज से बचने के लिए तुरंत चिकित्सा सहायता लेना कितना महत्वपूर्ण है।

साथ ही, लोगों को सड़कों पर कुत्तों को भोजन न देने के लिए प्रेरित करना होगा, क्योंकि यह उनकी आबादी को बढ़ाने का कारण बनता है। वर्तमान में, पशु जन्म नियंत्रण नियम, 2023 के तहत नसबंदी के बाद कुत्तों को उसी स्थान पर छोड़ना अनिवार्य है। यह नियम कई बार प्रभावी नहीं होता, क्योंकि यह आक्रामक कुत्तों को नियंत्रित करने में बाधा बनता है। सरकार को इन नियमों में संशोधन करना चाहिए ताकि खतरनाक कुत्तों को आश्रय स्थलों में रखा जा सके। यह सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी होगी कि इस प्रक्रिया में कुत्तों के साथ कोई क्रूरता न हो। आश्रय स्थलों में कुत्तों को पर्याप्त भोजन, पानी और चिकित्सा सुविधाएं मिलनी चाहिए। पशु कल्याण संगठनों को इस प्रक्रिया में शामिल करना महत्वपूर्ण है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कुत्तों के साथ मानवीय व्यवहार किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों की समस्या को हल करने और रेबीज को नियंत्रित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यदि इसे प्रभावी रूप से लागू किया जाए तो इस समस्या पर काफी हद तक नियंत्रण किया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि दुनिया भर में केवल नीदरलैंड ही एक ऐसा देश है जहां पर आपको आवारा कुत्ते नहीं मिलेंगे।

नीदरलैंड सरकार ने एक अनूठा नियम लागू किया। किसी भी पालतू पशु की दुकान से खरीदे गए महंगी नसल के कुत्तों पर वहां की सरकार भारी मात्रा में टैक्स लगाती है। वहीं दूसरी ओर यदि कोई भी नागरिक इन बेघर पशुओं को गोद लेकर अपनाता है तो उसे आयकर में छूट मिलती है। इस नियम के लागू होते ही लोगों ने अधिक से अधिक बेघर कुत्तों को अपनाना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे नीदरलैंड की सड़कों व मोहल्लों से आवारा कुत्तों की संख्या घटते-घटते बिलकुल शून्य हो गई। दुनिया भर के पशु प्रेमी संगठनों ने इस कार्यक्रम को सबसे सुरक्षित और असरदार माना है। इस कार्यक्रम से न सिर्फ आवारा कुत्तों की जनसंख्या पर रोक लगती है बल्कि आम नागरिकों को भी इस समस्या से निजाद मिलता है। हमारे देश ऐसा कब होगा यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)


काज़ी अमजद अली
मोरना ब्लॉक प्रभारी
Ph. 8979105510
सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मौ. शहजाद साबरी
भोपा
Ph. 9758102214


सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
शहज़ाद अंसारी
प्रधान जी
मोरना, मुजफ्फरनगर



सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अजय चेयरमैन
वरिष्ठ सपा नेता
कस्बा भोकरहेड़ी, मुजफ्फरनगर


सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. मौ. उस्मान प्रधान
जिला अध्यक्ष, भाकियू किसान सेना
गांव रूड़कली तालाब अली मोरना, मु.नगर


सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
मौ. शरीफ़ अंसारी
वरिष्ठ समाजसेवी
गांव मोरना, मुजफ्फरनगर


सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
महताब आलम
(प्रधान)
ग्राम मलपुरा, ब्लॉक मोरना, मुजफ्फरनगर


सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सेन्ट जैवियर्स ग्लोबल स्कूल
रहकड़ा, मुजफ्फरनगर
संजय तोमर
प्रबंधक


सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
मौ. शहज़ाद मुखिया जी
ग्राम प्रधान
ग्राम खाईखेड़ा, ब्लॉक मोरना, जिला मुजफ्फरनगर


सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
न्यू वेल्किन पब्लिक स्कूल
जट मुझेड़ा, मुजफ्फरनगर
विनय कुमार
प्रबंधक


सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
विरेन्द्र उर्फ विनोद गुर्जर
चौरावाला
(जिला उपाध्यक्ष)
कांग्रेस कमेटी, जिला मुजफ्फरनगर


सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
मौ. आबिद
ग्राम प्रधान
गांव किशनपुर, ब्लॉक मोरना, जिला मुजफ्फरनगर


सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
मौ. सुलेमान प्रधान
वरिष्ठ समाजसेवी
ग्राम खुजेड़ा, ब्लॉक जानसठ, जिला मुजफ्फरनगर


सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
पंकज माहेश्वरी
प्रधानाचार्य
किसान मजदूर इण्टर कॉलेज, चौरावाला, मुजफ्फरनगर


सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. वीरपाल निर्वाल
अध्यक्ष, जिला पंचायत
मुजफ्फरनगर


सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अमित राठी
क्षेत्रीय मंत्री, किसान मोर्चा भाजपा
निवास-शुकदेव सिटी, शुकतीर्थ, मुजफ्फरनगर


सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रधान पति
मौ. शाहनवाज़ कुरैशी
जिला पंचायत सदस्य
वार्ड 39, ककरौली, जिला मुजफ्फरनगर


सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
मौ. नईम उर्फ भूरा ठेकेदार
वरिष्ठ समाजसेवी, कस्बा भोपा, मुजफ्फरनगर


सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
योगेश चौहान
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मजलिसपुर तौफीर, ब्लॉक मोरना, मु.नगर


सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
कृष्ण पाल सिंह (डायरेक्टर)
(एस. डी. पब्लिक स्कूल, जानसठ रोड ककरौली)
जिला मुजफ्फरनगर